आषाढ़ कृष्ण पक्ष अष्टमी 11:55 उपरांत नवमी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 19 जून 2025
वर्ष 35, अंक 143, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



ईरान बोला- कभी नहीं करेंगे आत्मसमर्पण 14

कॉरपोरेट क्षेत्र आर्थिक वृद्धि का स्तंभ 12

# भारत का पड़ोसी आतंकवाद का प्रजनन स्थल, इससे आंखें न मूंदें : मोदी

## जी-7 सम्मेलन : आतंकी गतिविधियों को समर्थन देने के लिए प्रधानमंत्री ने पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवाई की बात उठाई

कनैनिस्किस (कनाडा), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जी-7 नेताओं से कहा कि भारत का पड़ोस आतंकवाद का प्रजनन स्थल बन गया है और इस चुनौती से आंखें मूंदना मानवता के साथ विश्वासघात होगा। उन्होंने सीमा पार आतंकवादी गतिविधियों को समर्थन देने के लिए पाकिस्तान पर कार्रवाई की मांग की।

यहां जी-7 संपर्क सत्र को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुआ हमला प्रत्येक भारतीय की आत्मा, पहचान और गरिमा पर सीधा हमला था। उन्होंने कहा कि आतंकवाद का समर्थन करने वाले किसी भी देश को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए और उसे इसकी कीमत चुकानी चाहिए। आतंकवाद से निपटने में दोहरे मानदंडों के लिए कोई स्थान नहीं होना चाहिए, तथा उन्होंने सवाल किया कि क्या आतंक फैलाने वालों और इससे पीड़ित लोगों को एक ही तराजू पर तौला जाना चाहिए। मोदी मंगलवार को ऊर्जा सुरक्षा पर जी-7 संपर्क सत्र को संबोधित कर रहे थे।

मोदी ने कहा, आतंकवाद मानवता का दुश्मन है। यह लोकतांत्रिक मूल्यों को कायम रखने वाले सभी देशों के विरोध में खड़ा है। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में एकजुटता जरूरी है। प्रधानमंत्री ने कहा, वैश्विक शांति और समृद्धि के लिए हमारी सोच और हमारी नीतियां अत्यंत स्पष्ट होनी चाहिए - जो भी देश आतंकवाद का समर्थन करता है, उसे जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए और उसकी कीमत चुकानी चाहिए। मोदी ने कहा कि वास्तविकता इसके बिल्कुल विपरीत है। एक तरफ हम अपनी प्राथमिकता के आधार पर हर तरह के प्रतिबंध लगाने में जल्दबाजी करते हैं। दूसरी तरफ, जो देश खुले तौर पर आतंकवाद का समर्थन करते हैं, उन्हें पुरस्कृत किया जाता है। मोदी ने कुछ प्रश्न भी पूछे। उन्होंने पूछा, क्या हम वाकई आतंकवाद से निपटने के लिए गंभीर हैं? क्या हम आतंक का सही मतलब तभी समझ पाएंगे जब वह हमारे दरवाज़े पर दस्तक देगा?

उन्होंने पूछा, क्या आतंक फैलाने वालों और इससे पीड़ित लोगों को एक ही तराजू पर तौला जा सकता है? क्या वैश्विक संस्थाओं पर विश्वसनीयता खोने का खतरा है? आतंक से निपटने के लिए निर्णायक वैश्विक कार्रवाई का आह्वान किया।

### मेलोनी ने मोदी को बताया बेस्ट पीएम

**कनाडा।** जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए कनाडा पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी ने इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी से मुलाकात की। मेलोनी ने मोदी के साथ एक तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा की और कहा कि भारत और इटली गहरी दोस्ती से जुड़े हैं। मेलोनी ने पीएम मोदी को बेस्ट बताते हुए उनकी तरह बनने की इच्छा जताई।



कनाडा में जी-7 सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी के साथ सेल्फी लेतीं इटली की पीएम मेलोनी।

### भारत-कनाडा उच्चायुक्तों की नियुक्ति पर सहमत, संबंधों में स्थिरता होगी बहाल

**नई दिल्ली/कनाडा।** प्रधानमंत्री मोदी और कनाडा में उनके समकक्ष मार्क कार्नी ने भारत-कनाडा संबंधों में स्थिरता बहाल करने के लिए रचनात्मक कदम उठाने पर सहमति जताई है, जिसमें दोनों देशों की राजधानियों में उच्चायुक्तों की जल्द बहाली शामिल है, जो तनावपूर्ण संबंधों को सुधारने के उनके इरादे का संकेत है। मोदी और कार्नी ने द्विपक्षीय वार्ता की, जिसमें संबंधों को फिर से बहाल करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। कनाडा में एक खालिस्तानी अलगाववादी की हत्या को लेकर दोनों देशों के बीच राजनयिक विवाद से द्विपक्षीय संबंध अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गये थे। विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों ने वरिष्ठ मंत्रिस्तरीय तथा कार्य-स्तरीय संवाद को फिर से शुरू करने के महत्व को भी रेखांकित किया।

# ट्रंप को दो टूक, मध्यस्थता स्वीकार नहीं पाकिस्तान के अनुरोध पर रोका था युद्ध

## प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति का दावा किया खारिज, दोनों नेताओं में फोन पर 35 मिनट हुई बात

कनैनिस्किस (कनाडा), एजेंसी

- कहा- भारत आतंकवाद को छद्म युद्ध नहीं बल्कि युद्ध के ही रूप में देखता है
- कनाडा से लौटते वक्त अमेरिका आने के ट्रंप के अनुरोध को मोदी ने नकारा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पाकिस्तान के साथ संघर्ष रोकने में मध्यस्थता की भूमिका निभाने के अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दावे को खारिज करते हुए उन्हें बताया कि भारत और पाकिस्तान ने बिना किसी मध्यस्थता के अपनी सेनाओं के बीच सीधी बातचीत के बाद पिछले महीने सैन्य कार्रवाई रोकी थी।

विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने बताया कि ट्रंप के साथ मंगलवार को फोन पर करीब 35 मिनट तक हुई बातचीत में मोदी ने साफ तौर पर कहा कि भारत मध्यस्थता स्वीकार नहीं करता है और न कभी स्वीकार करेगा। उन्होंने कहा कि इस्लामाबाद के अनुरोध पर सैन्य कार्रवाई रोकने पर भारत और पाकिस्तान की सेनाओं के बीच बातचीत शुरू हुई थी। मिसरी ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी कहा कि भारत अब आतंकवाद को छद्म युद्ध के रूप में नहीं, बल्कि एक युद्ध के ही रूप में देखता है और भारत का ऑपरेशन सिंदूर अब भी जारी है। भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम की सबसे पहले घोषणा अमेरिकी राष्ट्रपति ने 10 मई को की थी। इसके बाद से ट्रंप दावा करते आ रहे हैं कि उन्होंने संघर्ष रोकने पर सहमत न होने पर दोनों देशों के साथ व्यापार रोकने की धमकी देकर संघर्ष विराम समझौते में मध्यस्थता की। मोदी ने पूर्व प्रतिबद्धताओं का हवाला देते हुए कनाडा से लौटते वक्त अमेरिका आने के ट्रंप के अनुरोध को स्वीकार नहीं किया। मोदी और ट्रंप का जी7 शिखर सम्मेलन से इतर मुलाकात का कार्यक्रम था लेकिन ट्रंप के शिखर सम्मेलन से समय से पहले विदा लेने से यह बैठक नहीं हो पाई। दोनों नेताओं ने फोन पर बातचीत की, जिसमें भारत और पाकिस्तान के बीच सात से 10 मई के बीच हुए सैन्य संघर्ष पर प्रमुखता से बात की गई। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति ट्रंप को स्पष्ट रूप से बताया कि इस पूरे घटनाक्रम के दौरान किसी भी स्तर पर भारत-अमेरिका व्यापार समझौते या भारत और पाकिस्तान के बीच अमेरिका द्वारा मध्यस्थता के किसी प्रस्ताव पर कोई चर्चा नहीं हुई। मोदी-ट्रंप बातचीत की अहम बातें साझा करते हुए उन्होंने बताया, सैन्य कार्रवाई रोकने पर चर्चा भारत और पाकिस्तान के सशस्त्र बलों के मौजूदा संचार चैनलों के माध्यम से प्रत्यक्ष रूप से हुई और इसे पाकिस्तान के अनुरोध पर किया गया।



प्रधानमंत्री मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप। (फाइल)

### ट्रंप को दी जानकारी- पाकिस्तानी हमले को लेकर जेडी वेंस का आया था फोन

विदेश सचिव के अनुसार मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति को बताया कि भारत ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर और पाकिस्तान में केवल आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया था। उन्होंने कहा कि भारत की कार्रवाई नपी-तुली, सटीक तथा तनाव को और बढ़ावा नहीं देने वाली थी। मिसरी ने कहा, 9 मई की रात को उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने प्रधानमंत्री मोदी को फोन किया था। वेंस ने बताया था कि पाकिस्तान भारत पर एक बड़ा हमला कर सकता है। प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें साफ-साफ कहा था कि अगर ऐसा कोई हमला होता है तो भारत और कड़ा जवाब देगा। मोदी ने फोन पर बातचीत में कहा, भारत ने 9-10 मई की रात को पाकिस्तान के हमले का कड़ा जवाब दिया, जिससे पाकिस्तानी सेना को भारी नुकसान पहुंचा। उन्होंने कहा, उनके हवाई अड्डों को निष्क्रिय कर दिया गया।

### ट्रंप ने क्वाड सम्मेलन में भारत आने का मोदी का निमंत्रण स्वीकारा

प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति ट्रंप को अगले क्वाड शिखर सम्मेलन के लिए भारत आने का न्यौता दिया। राष्ट्रपति ट्रंप ने न्यौता स्वीकार कर लिया और कहा कि वह भारत आने के लिए उत्सुक हैं। भारत ने पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में पाकिस्तान के नियंत्रण वाले क्षेत्रों में आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाते हुए छह मई की रात को 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किया था। इन हमलों के कारण चार दिन तक सैन्य संघर्ष हुआ, जो 10 मई को सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति के साथ समाप्त हुआ। भारत का कहना है कि उसकी कड़ी प्रतिक्रिया के कारण ही पाकिस्तान को सैन्य कार्रवाई रोकने के लिए अनुरोध करना पड़ा।

**संभल हिंसा मामले में 1100 पेज का आरोप पत्र दाखिल**

# सांसद बर्क व जामा मस्जिद सदर सहित 23 पर चार्जशीट

कार्यालय संवाददाता, संभल/चंदौसी

**अमृत विचार:** संभल में जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुई हिंसा के मामले को लेकर दर्ज एक और मुकदमे में पुलिस ने सांसद जियाउर्रहमान बर्क के साथ ही जामा मस्जिद सदर जफर अली सहित 23 लोगों के खिलाफ 1100 पेज की चार्जशीट अदालत में दाखिल की है। बड़ी बात यह है कि इस मुकदमे में नामजद आरोपी सपा विधायक इकबाल महमूद के बेटे सुहेल इकबाल को क्लीन चिट दे दी गई है।

संभल में 24 नवंबर को अदालत के आदेश पर जामा मस्जिद में सर्वे के दौरान बड़े पैमाने पर हिंसा हुई थी। पथराव फायरिंग व आगजनी की घटनाओं में चार लोगों की मौत हुई थी। पुलिस प्रशासनिक अमले के 29 लोग पथराव व गोली लगने से घायल हुए थे।

पुलिस की तरफ से कई मुकदमे दर्ज किए गए थे। सरथल पुलिस चौकी प्रभारी दीपक राठी ने अपराध संख्या 335 के तहत सांसद जियाउर्रहमान बर्क व सपा विधायक इकबाल महमूद के बेटे सुहेल इकबाल को नामजद करने के साथ ही 700- 800 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। इस मुकदमे में चौकी प्रभारी ने 24 नवंबर की हिंसा का जिक्र करने के साथ ही 22 नवंबर को सांसद जियाउर्रहमान बर्क द्वारा जामा मस्जिद पर नमाज अदा करने के बाद बिना प्रशासनिक अनुमति भीड़ इकट्ठी कर राजनीतिक लाभ लेने के लिए सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने और भीड़ को उग्र करने का भी आरोप लगाया था। विधायक इकबाल महमूद के बेटे सुहेल इकबाल पर भी आरोप था कि उन्होंने यह कह कर भीड़ को उकसाया कि जियाउर्रहमान बर्क हमारे साथ हैं। हम लोग भी तुम्हारे साथ हैं, हम तुम्हारा कुछ नहीं होने देंगे, अपने मंसूबों को पूरा करो। इसी वजह से भीड़ उग्र हुई और हिंसा हो गई।



सांसद जियाउर्रहमान बर्क।

- 12 में से 11 मुकदमों में पुलिस ने दाखिल कर दी चार्जशीट, विधायक पुत्र को दी क्लीन चिट
- जामा मस्जिद सदर जफर अली सहित 92 लोगों को गिरफ्तार कर भेजा जा चुका जेल

### सीओ अनुज पर की गई थी फायरिंग

इस मुकदमे में 24 नवंबर को भीड़ द्वारा अदालत के आदेश पर हो रही सर्वे की कार्रवाई में बाधा डालने, पुलिस पर पत्थरबाजी करने, तोड़फोड़ के साथ ही पुलिस व अन्य लोगों के वाहनों को आग के हवाले कर सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने जैसे आरोप भी थे। उपद्रवियों द्वारा सीओ अनुज कुमार चौधरी पर जान से मारने की नीयत से फायर करने की बात भी कही गई थी। कहा गया था कि सीओ के दाहिने पैर में गोली लगी। जांच में पता चला कि सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने दूर रहकर लोगों को हिंसा के लिए उकसाया।

# प्रदेश में मानसून की एंट्री, कई जिलों में भारी बारिश की चेतावनी

- मानसून ने सोनभद्र से ली एंट्री, फिलहाल 30 से अधिक जिलों में सक्रिय रहेगा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश में रहने वालों को अब भारी बारिश को लेकर तैयार हो जाना चाहिए। प्रदेश में मानसून बुधवार को प्रवेश कर गया है। मानसून ने सोनभद्र एंट्री से ली है इसके बाद वाराणसी बारिश से सराबोर होगा। इस बीच मिर्जापुर समेत तराई के कुल 15 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी मौसम विभाग ने जारी कर दी है। वहीं, पूर्वी उप्र. के 22 जिलों में गरज चमक के साथ वज्रपात की आशंका भी जतायी गई है।

मौसम विभाग के अनुसार बुधवार को दक्षिण-पश्चिम मानसून पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में आगे बढ़ चुका है। मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, मानसून के आने से सबसे पहले सोनभद्र, गाजीपुर और वाराणसी जैसे पूर्वी जिलों में बारिश शुरू हो चुकी है। बंगाल की खाड़ी और अरब सागर में बने दो लो-प्रेशर सिस्टम शीघ्र ही एक साथ मिल सकते हैं जिससे मानसून और अधिक सक्रिय हो जाएगा। यह मानसूनी दौर पूर्वी उप्र. से शुरू होकर तराई, मध्य और बुंदेलखंड क्षेत्र तक पहुंचेगा और अगले चार से पांच दिनों तक जारी रहने की उम्मीद है। चार साल बाद समय पर मानसून उत्तर प्रदेश में आया है, जो झमाझम बारिश कराएगा। अभी 30 से अधिक जिलों में मानसून सक्रिय रहेगा, कुछ दिन में लखनऊ समेत पूरे प्रदेश को घेर लेगा।



### इन जिलों में होगी बारिश

मौसम विभाग के अनुसार, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, भदोही, गाजीपुर, बलिया, देवरिया, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर और श्रावस्ती सहित कई इलाकों में भारी वर्षा की संभावना है। इसके साथ ही 19-20 जून को प्रदेश के कई जिलों में तेज बारिश के साथ गरज-चमक और बिजली गिरने की चेतावनी दी गई है।

### यहां ऑरेंज अलर्ट

मौसम विभाग ने प्रयागराज, आजमगढ़, मऊ, संत कबीर नगर, बस्ती, गोंडा, बहराइच समेत कुल 22 जिलों के लिए बिजली गिरने और तेज बादल गरजने की चेतावनी देते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी कर दिया है। बांदा, चित्रकूट, कौशांबी और प्रयागराज जैसे क्षेत्रों में तेज रफ्तार से हवाएं चलने की आशंका है।

# आग का गोला बनी कार, 5 जिंदा जले

संवाददाता, सहसवान (बदायूं)

**अमृत विचार :** दिल्ली जाते समय बुलंदशहर जिले में चलती कार अनियंत्रित होकर पुलिया से टकराकर खंती में जा गिरी और उसमें आग लग गई। कार सवारों को बाहर निकलने का मौका तक नहीं मिला। इस हादसे में कार सवार बच्चे समेत पांच की जलकर मौत हो गई, जबकि एक युवती गंभीर रूप से झुलस गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दमकलकर्मियों की मदद से आग बुझाकर सभी को बाहर निकाला। झुलसी युवती का इलाज चल रहा है।

कोतवाली सहसवान क्षेत्र के गांव चमरपुरा निवासी तनजील अहमद उर्फ लल्ला (30) पुत्र तनवीर अहमद दिल्ली में रहकर निजी कंपनी में नौकरी करते थे। वह अपने परिवार के साथ दिल्ली के मालवीय नगर में रहते थे। 16 जून को तनजील अहमद के चाचा अलीम के निकाह में शामिल होने 15 जून को परिवार के साथ दिल्ली से आए थे। बुधवार सुबह 4 बजे कार से अपनी पत्नी निदा (25), बहन मोमिना (30) व उनके पति गांव खैरपुर खल्ली निवासी जुबैर (30) पुत्र औसाद अली, दो साल के बेटे जैनुल, अविवाहित बहन गुलनाज उर्फ गुल्लो के साथ दिल्ली के लिए निकले थे। बुलंदशहर में जहांगीराबाद से अनूपशहर के बीच जानीपुर तिराहे पर कार अनियंत्रित हो गई और पुलिया से टकराकर पास के खंती में जा गिरी। हादसा देखकर आसपास मौजूद लोग दौड़कर पहुंचे। कार में पीछे की सीट पर बैठी गुलनाज को शीशा तोड़कर निकाला, लेकिन अचानक कार में आग लग गई। तेज लपटें उठने लगीं। लोग दूर भाग गए, जिसके चलते अन्य कार सवार बाहर नहीं निकाले जा सके और कार में ही जिंदा जल गए।

सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची, लेकिन कार की तेज लपटों की वजह से किसी ने पास जाने की जहमत नहीं उठाई। दमकल कर्मियों ने पहुंचकर आग बुझाई। कार सवारों को बाहर निकाला गया। तंजीर अहमद, निदा, गुड्डो, जुबैर अली, जैनुल के शव पूरी तरह से जल गए थे। पुलिस ने उनकी परिजनों को सूचना दी।



- बदायूं से दिल्ली जाते समय जहांगीराबाद और अनूपशहर के बीच हुआ हादसा
- एक युवती गंभीर रूप से झुलसी अस्पताल में चल रहा इलाज

# बड़े विमानों के परिचालन में 15 % की कटौती करेगा एअर इंडिया

- 20 जून से मध्य जुलाई तक अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों में जारी रहेगी कटौती, पिछले छह दिनों में 83 उड़ानें हुईं रद्द

मुंबई, एजेंसी

एअर इंडिया ने बुधवार को घोषणा की कि वह अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बड़े विमानों के परिचालन में 15 प्रतिशत की कटौती करने वाली है। यह कटौती मौजूदा समय से जुलाई के मध्य तक लागू रहेगी।

टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयरलाइन ने एक बयान में यह भी कहा कि वह अतिरिक्त एहतियात के तौर पर बड़े बोइंग 777 विमानों की सुरक्षा जांच बढ़ाएगी। एअर इंडिया ने हाल में परिचालन संबंधी व्यवधानों का सामना किया है, पिछले छह दिनों में इसकी कम से कम 83 अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। एयरलाइन के अनुसार, कटौती अभी और 20 जून से लागू की जाएगी और उसके बाद कम से कम जुलाई के मध्य तक जारी रहेगी। अहमदाबाद से गैटविक जा रहा एअर इंडिया का बोइंग 787-8 विमान 12 जून को उड़ान भरने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे विमान में सवार 241 लोगों समेत कुल 280 व्यक्ति मारे गए थे। देर शाम जारी बयान में एअर इंडिया ने कहा कि इंजीनियरिंग स्टाफ और एअर इंडिया के पायलटों द्वारा आवश्यक सावधानी बरती जा रही है।



# मतदाताओं को 15 दिनों में मिलेंगे पहचान पत्र

**नई दिल्ली/ लखनऊ।** निर्वाचन आयोग ने कहा कि मतदाता पहचान पत्र अब 15 दिनों के भीतर मतदाताओं तक पहुंचा दिए जाएंगे, इनमें नया नामांकन या मौजूदा मतदाता के किसी विवरण में बदलाव भी शामिल हैं।

यह पहल मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और चुनाव आयुक्तों डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी द्वारा मतदाताओं की सुविधा के लिए ईसीआई द्वारा किए जा रहे विभिन्न उपायों के अनुरूप है। नई प्रणाली में ईआरओ द्वारा एपिक बनाने से लेकर डाक विभाग के माध्यम से मतदाता को एपिक की डिलीवरी तक प्रत्येक चरण की वास्तविक समय पर ट्रैकिंग सुनिश्चित करेगी।

# 15 अगस्त से 15 रुपये में होगा टोल क्रॉस

- केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने वार्षिक आधारित फास्टैग पास की घोषणा की

नई दिल्ली, अमृत विचार नेटवर्क

निजी वाहन चालकों को राष्ट्रीय राजमार्ग पर पड़ने वाले टोल प्लाजा पर अब भारी भरकम बचत होने जा रही है। केंद्र सरकार की नई नीति के तहत 15 अगस्त से 3000 रुपये में फास्टैग आधारित वार्षिक पास जारी होगा। यह पास चालू होने की तारीख से एक साल या 200 यात्रा के लिए (जो भी पहले हो) वैध होगा। इस नई नीति के तहत वाहन चालकों को प्रति टोल क्रॉस करने के लिए औसतन 15 रुपये ही चुकाने पड़ेंगे।

केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने फास्टैग वार्षिक आधारित पास की बुधवार को घोषणा की। उन्होंने कहा कि इसे खासतौर पर गैर-वाणिज्यिक निजी वाहनों जैसे कार, जीप और वैन के लिए तैयार किया गया है। इसके लिए एक लिंक जल्द राजमार्ग यात्रा एप के साथ-साथ एनएचएआई और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध होगा।




**जरूरी तथ्य**

- पास केवल कार/जीप आदि निजी वाहनों के लिए मान्य होगा। कॉमर्शियल उपयोग होने पर पास रद्द होगा।
- पास सिर्फ राष्ट्रीय राजमार्ग पर लागू होगा। राज्य राजमार्ग के लिए फास्टैग में अलग से बैलेंस होना जरूरी।
- अलग से फास्टैग खरीदने की आवश्यकता नहीं होगी। पुराने फास्टैग पर ही पास लागू किया जा सकेगा।

गडकरी ने कहा कि यह नीति 60 किमी के दायरे में स्थित टोल प्लाजा के बारे में लंबे समय से चली आ रही चिंताओं को दूर करेगी। प्रतीक्षा समय, भीड़भाड़ तथा टोल प्लाजा पर विवादों को न्यूनतम करके इस वार्षिक पास का उद्देश्य लाखों निजी वाहन मालिकों को सुगम यात्रा का अनुभव प्रदान करना है।



### एनएच-राज्य हाईवे में अंतर

जो हाईवे या सड़क एक राज्य से दूसरे राज्य को जोड़ते हैं, वो नेशनल हाईवे कहलाते हैं। इनके माइलस्टोन पर पीले रंग की पट्टी लगी होती है। जो सड़क राज्य के एक जिले को दूसरे जिले से जोड़े उसे राज्य हाईवे कहते हैं। इनके माइलस्टोन पर हरे रंग की पट्टी होती है।

## एक नजर

### स्टेट मेडिकल फैकल्टी ने जारी की परीक्षा की समय सारिणी

**अमृत विचार, लखनऊ :** नर्सिंग कॉलेज व पैरामेडिकल प्रशिक्षण केंद्रों पर संचालित डिप्लोमा एवं प्रशिक्षण की वार्षिक लिखित मुख्य परीक्षाएं आगामी सितंबर माह के दूसरे सप्ताह में होंगी। इसके लिए छात्र-छात्राओं को अगस्त के तीसरे सप्ताह में प्रवेश पत्र जारी कर दिए जाएंगे। मुख्य परीक्षाओं संबन्धित विवरण उप्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी के सचिव ने बुधवार को जारी कर दिया है, परीक्षा की समय सारणी अगस्त के दूसरे सप्ताह जारी की जाएगी। सचिव डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने बताया कि सितम्बर 2025 के प्रथम सप्ताह में मौखिक एवं प्रयोगात्मक परीक्षाएं, दूसरे सप्ताह में लिखित परीक्षाएं होंगी। इसके बाद नवम्बर 2025 के दूसरे सप्ताह में परीक्षाफल घोषित कर दिए जाएंगे।

### 29.15 लाख से रायबरेली के झारखंडेश्वर मंदिर का होगा सौंदर्यीकरण

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य सरकार प्रदेश के सभी जिलों में कम ख्याति वाले धार्मिक स्थलों का सौंदर्यीकरण तथा पर्यटकों के लिए सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास कर रही है। इसी क्रम में रायबरेली के जगतपुर विकासखंड स्थित टांघन गांव के झारखंडेश्वर शिव मंदिर को 29.15 लाख रुपये की लागत से सजाया-संवारा जा रहा है। यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बुधवार को दी। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत मंदिर परिसर का समग्र विकास किया जाएगा, जिसमें पर्यटकों की सुविधाओं में बढ़ोतरी, मूलभूत ढांचागत सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण सहित अन्य आवश्यक निर्माण कार्य शामिल हैं। झारखंडेश्वर महादेव मंदिर 100 वर्षों से भी अधिक पुराना है।

### अनुकूल रहेगा मौसम खरीफ फसलों की उत्पादकता बढ़ाने की सलाह

**अमृत विचार, लखनऊ :** कृषि उत्पादन आयुक्त दीपक कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को उनके कार्यालय सभागार में खरीफ मौसम में कृषि उत्पादन संबंधी एक बैठक आयोजित की गई। इस दौरान कृषि उत्पादन आयुक्त ने इस बात पर जोर दिया कि खरीफ मौसम में अनुकूल मौसम रहने की संभावना है, जिसका लाभ उठाते हुए पिछले वर्ष की तुलना में अधिक उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने अधिकारियों को व्यापक तैयारी करने और यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि कृषि उत्पादन में वृद्धि करके प्रदेश के सकल घरेलू उत्पाद में योगदान दिया जाए, ताकि मुख्यमंत्री के एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद मिल सके। बैठक में खाद्यान्न, दलहन और तिलहन उत्पादन में वृद्धि पर विशेष जोर दिया गया, जिसमें खासकर दलहन और तिलहन फसलों की उत्पादकता बढ़ाने पर गहन चर्चा हुई। कृषि आदानों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए उर्वरकों और कीटनाशकों की पर्याप्त व्यवस्था पर भी बात की गई।

# केशव प्रसाद मौर्य बनाए जा सकते हैं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- गृह मंत्री अमित शाह ने लखनऊ दौरे में योगी से कराई मौर्य की सुलह
- दिल्ली में योगी के प्रस्ताव पर मौर्य को मिल सकती कमान

**अमृत विचार :** मेरे मित्र केशव प्रसाद मौर्य..., पहली बार गृहमंत्री अमित शाह की ओर से उप मुख्यमंत्री के लिए लखनऊ में इस संबोधन का असली मर्म अब सामने आने वाला है। केशव प्रसाद मौर्य भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बन सकते हैं। सूत्र बताते हैं कि मुख्यमंत्री योगी और केशव प्रसाद में सुलह हो गई है। योगी ने खुद ही केशव का नाम केंद्र संगठन को प्रस्तावित किया है।

गृह मंत्री के अमित शाह 15 जून के लखनऊ दौरे पर थे। बताते हैं कि इसी दिन उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का सितारा चमकने की नींव रखी गई। हालांकि नव नियुक्त सिपाहियों को नियुक्ति पत्र वितरण के भव्य समारोह को संबोधित करते हुए शाह ने सीएम योगी और उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक समेत सभी नेताओं का नाम उनके पदानुसार बोला। लेकिन सिर्फ केशव प्रसाद का नाम लेते समय व्यक्तिगत अनुराग प्रदर्शित करते हुए मेरे मित्र का संबोधन करके सबको चौंका दिया था। इसे लेकर केशव प्रसाद मौर्य ने कहा था कि मेरे लिए तो वह गुरु समान हैं। यह अमित शाह का बड़प्पन है कि उन्होंने उन्हें अपना मित्र बताया। कहा कि उन्होंने जो कुछ भी सियासत में सीखा है वो, अमित शाह के मार्गदर्शन में ही सीखा है। सूत्रों का कहना है कि पीएम मोदी समेत संघ को काफी दिनों से राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए आए नामों के पैनल में किसी एक पर मुहर लगाना मुश्किल हो रहा था। विपक्ष भी भाजपा अध्यक्ष नियुक्त न करने पर सवाल करने लगा था। दलित और पिछड़ा वर्ग को ही कमान देने पर सहमति पहले ही बन गई थी। लेकिन संघ ने एक बड़ी शर्त जोड़ी कि राष्ट्रीय अध्यक्ष का बैक ग्राउंड संघ से जुड़ा हो। इसपर मौर्य पूरी तरह खरा उतरते दिख रहे हैं। उनका पूरा जीवन संघ और अनुषांगिक संगठन विहिप, बजरंग दल, गो रक्षा और पिछड़ों को संगठित करने में खपा है। राममंदिर आंदोलन में उनकी संगठन क्षमता का संघ नेतृत्व कायल था। उनके प्रदेश अध्यक्ष भाजपा ने संसदीय चुनाव जो जीत यूपी में दर्ज की, वह रिकार्ड अभी नहीं टूटा है। सूत्र बताते हैं कि वर्ष 2019 के चुनाव में मुख्यमंत्री बनने से चूक गए केशव को राष्ट्रीय संगठन का मुखिया बनाने पर सहमति बनती दिख रही है।

सूत्रों के मुताबिक, योगी और केशव प्रसाद में सुलह हो गई है और योगी ने खुद ही केशव का नाम केंद्र संगठन को प्रस्तावित किया है। बता दें कि सीएम योगी आदित्यनाथ बुधवार को दिल्ली दौरे पर हैं। राष्ट्रपति से मिलने के बाद वे राष्ट्रीय महासचिव बीएल संतोष से मुलाकात कर मौर्य की ताजपोशी का रास्ता साफ होगा।





### ब्रजेश पाठक करेंगे बीएल संतोष से मुलाकात

सीएम योगी आदित्यनाथ के अलावा उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के दिल्ली में राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) बोम्माराबेट्टू लक्ष्मीजनार्दन संतोष से मुलाकात करेंगे। ब्रजेश पाठक के अलावा केशव प्रसाद मौर्य के भी दिल्ली जाने की खबर है।

### अलग-अलग जिलों में 53 मंत्री भी करेंगे योगाभ्यास

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य सरकार इस बार योग दिवस को पर्व की तरह मनाने जा रही है। विविध स्थानों पर बकायदा आयोजन के रूप में योगाभ्यास पूरे एक सप्ताह तक चलेंगे। इस दौरान प्रदेश के 53 मंत्री भी अलग-अलग जिलों में 21 जून की सुबह योग करेंगे। इस क्रम में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य प्रयागराज तो वहीं ब्रजेश पाठक लखनऊ में योगाभ्यास करेंगे। इसके अलावा 22 जिलों में आईएएस अफसरों को नोडल प्रभारी भी बनाया गया है। शासन की ओर से इन मंत्रियों और बड़े अफसरों की सूची जारी कर दी गई है।

# बिना चिंता कराएं इलाज सरकार करेगी मदद : योगी

## जनता दर्शन में आए लोगों को योगी ने किया आश्वस्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अफसरों को त्वरित और संतुष्टिपरक समाधान के लिए किया निर्देशित

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन का आयोजन कर लोगों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने अफसरों को सभी की समस्याओं के त्वरित और संतुष्टिपरक समाधान के लिए निर्देशित किया। इस दौरान गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक सहायता की मांग करने पहुंचे से लोगों को मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया है कि वह बिना चिंता किए अच्छे से अच्छे अस्पताल में इलाज कराएं। इलाज में सरकार भरपूर आर्थिक मदद देगी।

आयोजन गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सभागार लोगों की शिकायतों सुनते हुए उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन लोगों के पास आयुष्मान कार्ड नहीं है और उन्हें इलाज में सरकार से आर्थिक सहायता की आवश्यकता है, उनके इस्टीमेट की प्रक्रिया को शीघ्रता से पूर्ण कराकर शासन को उपलब्ध कराया जाए। हर जरूरतमंद को मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से पर्याप्त सहायता राशि उपलब्ध कराई जाएगी। योगी ने सभी लोगों को आश्वस्त किया कि किसी को भी चिंतित होने की आवश्यकता नहीं है। हर समस्या का समाधान कराया जाएगा। जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि कहीं कोई जमीन कब्जा या दबंगई कर रहा हो तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। पारिवारिक मामलों के निस्तारण में दोनों पक्षों को एकसाथ बैठाकर संवाद करने को प्राथमिकता दी जाए।


# राष्ट्रपति को आयुष विवि के लोकार्पण का न्योता

## दिल्ली पहुंचे योगी ने की द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात, 30 को गोरखपुर आएंगी राष्ट्रपति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- गोरखपुर में खुल रहा है राज्य का पहला आयुष विश्वविद्यालय

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात कर प्रदेश के पहले आयुष विश्वविद्यालय का लोकार्पण करने के लिए आमंत्रित किया। राष्ट्रपति ने 30 जून को आने पर मुहर लगा दी है। इसी के साथ अधूरे बचे कार्य को युद्धस्तर पर पूरा करने में शासन जुट गया है।


नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू से भेंट करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

मुख्यमंत्री योगी बुधवार को जनता दर्शन करने के बाद दिल्ली के लिए उड़ान भरी थी। वे 11.45 बजे यूपी सदन पहुंचे। जहां से राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात करके 30 जून को महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय के लोकार्पण का निमंत्रण दिया। यह विवि भटहट के पिपरी में 52 एकड़ क्षेत्रफल में बन रहा है। इसका शिलान्यास 28 अगस्त 2021 को तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने किया था। आयुष विश्वविद्यालय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट में से एक है। शिलान्यास के बाद वह यहां आकर कई बार निर्माण कार्य का जायजा ले चुके हैं। अब इसका निर्माण लगभग पूरा हो चुका है।

**प्रदेश के 97 आयुष कॉलेज विश्वविद्यालय से हैं संबद्ध :** सत्र 2021-22 से प्रदेश के सभी राजकीय और निजी आयुष कॉलेजों का नियमन अब आयुष विश्वविद्यालय से ही होता है। वर्तमान सत्र 2024-25 में प्रदेश के 97 आयुष शिक्षण (आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी) के कॉलेज व संस्थान इस विश्वविद्यालय से संबद्ध हैं। इस सत्र में इन सभी कॉलेजों में कुल मिलाकर स्नातक और परास्नातक पाठ्यक्रमों के करीब सात हजार विद्यार्थी अध्ययनरत हैं।

महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एके सिंह बताते हैं कि स्नातक और परास्नातक के साथ मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप समयानुकूल कई और रोजगारपरक पाठ्यक्रम शुरू किए जाएंगे।

# सूरीनाम में यूपी के प्रशिक्षित युवाओं की मांग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सूरीनाम के राजदूत सुभाष पी. गुप्ता ने किया उप्र. कौशल विकास मिशन का दौरा
- वर्चुअल कोर्स के जरिए कौशल विकास को सुलभ बनाने का दिया सुझाव

**अमृत विचार :** सूरीनाम में भारत के राजदूत सुभाष पी. गुप्ता अपने उप्र. दौरे के दौरान बुधवार को उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन (यूपीएसडीएम) मुख्यालय, लखनऊ पहुंचे। इस मौके पर उन्होंने मिशन के अधिकारियों के साथ राज्य में कौशल विकास की बदलती तस्वीर पर विस्तृत चर्चा की।


लखनऊ में अधिकारियों के साथ चर्चा करते सुभाष पी. गुप्ता।

सुभाष गुप्ता ने कहा कि उत्तर प्रदेश के युवाओं में अपार संभावनाएं हैं और विश्व स्तर पर यहां के कुशल युवाओं की भारी मांग है। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से सूरीनाम में तेल और गैस क्षेत्र में प्रशिक्षित युवाओं की मांग तेजी से बढ़ रही है। उन्होंने इस दिशा में भारत से कुशल युवाओं की आपूर्ति सुनिश्चित करने पर बल दिया और इस क्षेत्र में वर्चुअल कोर्स संचालित करने का सुझाव भी दिया ताकि प्रशिक्षण अधिक सुलभ और व्यापक हो सके।

उन्होंने अपने वैश्विक अनुभव साझा करते हुए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कौशल विकास से जुड़ी संभावनाओं को मजबूत करने के सुझाव भी दिए। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के युवाओं को वैश्विक मांग के अनुरूप प्रशिक्षित कर रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराए जा सकते हैं। बैठक में यूपीएसडीएम के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

> युवाओं को न केवल तकनीकी दक्षता दी जा रही है, बल्कि उन्हें सॉफ्ट स्किल्स, संचार कौशल, भाषा, बायोडाटा निर्माण और व्यावहारिक ज्ञान के माध्यम से वैश्विक स्तर पर स्वीकार्य बनाने का प्रयास किया जा रहा है।
>
> – पुलकित खरे, मिशन निदेशक कौशल विकास

> यूपीएसडीएम अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयासरत है और युवाओं के कौशल प्रशिक्षण में उद्योग की मांगों के अनुरूप नवीनतम तकनीकों का समावेश किया जा रहा है।
>
> –प्रिया सिंह, अपर मिशन निदेशक कौशल विकास

### नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम पर मायावती ने उठाए सवाल

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में होने वाली पुलिस सिपाही भर्ती पर गृह मंत्री और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम को लेकर, बसपा प्रमुख मायावती ने सवाल उठाए हैं। उन्होंने बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि सिपाही भर्ती को लेकर ऐसा प्रचारित किया गया जैसे यह कोई नई बात हो, जबकि रूटीन कार्य है, ताकि बैकलाग की बुराई पुलिस विभाग में भी न आए। किन्तु इस भर्ती में सर्वसमाज को सही हक मिला या नहीं व उनकी ट्रेनिंग का क्या है। कहा कि बीएसपी सरकार में न्याय-युक्त माहौल स्थापित करने के लिए एकमुश्त 1.20 लाख नए पद सृजित करके पुलिस भर्ती को ईमानदार बनाया गया।

# लखनऊ में ड्रोन से शुरू हुई फसलों की सुरक्षा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य के किसान ड्रोन तकनीक से फसल सुरक्षा कर रहे हैं। राजधानी लखनऊ समेत छह जिलों में पायलट प्रोजेक्ट के तहत ड्रोन से नैनो यूरिया और कीटनाशकों का छिड़काव शुरू कर दिया गया है। इस पहल से एक घंटे में तीन से बारह एकड़ तक के क्षेत्रफल में फसलों पर प्रभावी ढंग से छिड़काव किया जा रहा है। इससे न केवल फसल उत्पादन में वृद्धि होगी, बल्कि किसानों को कम समय में अधिक लाभ मिलेगा।

योगी सरकार आत्मनिर्भर कृषक समन्वित विकास योजना और एग्री



इंफ्रास्ट्रक्चर फंड (एआईएफ) जैसी योजनाओं के जरिए किसानों की आमदनी बढ़ाने के प्रयास कर रही है। फिलहाल प्रदेश में कुल नौ ड्रोन प्रोजेक्ट तैयार किए गए हैं। इनमें गोरखपुर, बहराइच और मुजफ्फरनगर में दो-दो, जबकि लखनऊ, गाजियाबाद और कानपुर नगर में एक-एक प्रोजेक्ट की शुरुआत हो चुकी है। ड्रोन के माध्यम से किसानों को टेक्निकल ट्रेनिंग भी दी जा रही है।

# अब किसानों को गुमराह करना नहीं होगा आसान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- राजस्व परिषद आधुनिक तकनीक से भूमि संबंधी प्रकरणों को बनाएगा त्रुटिहीन

**अमृत विचार :** राजस्व विभाग के कथित चुनिंदा भ्रष्ट अधिकारी व कर्मचारी अब किसानों को गुमराह कर उनकी जमीन की कागजी हेराफेरी नहीं कर सकेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिशा-निर्देशन में राजस्व परिषद अब प्रदेश के किसानों को तमाम सुविधाओं का अधिकारी बनाने जा रहा है।

इस कवायद के तहत राजस्व विभाग किसानों को उनकी भूमि पर अधिकार सम्बन्धी अभिलेख खतौनी त्रुटि रहित उपलब्ध कराने, बैनामे के बाद स्वतः म्यूटेशन कर अभिलेखों को अद्यतन करने, गाटों को आधुनिक उपकरण के माध्यम से अविलंब पैमाइश कराने और मानचित्रों को शुद्धता के साथ गूगल मानचित्र की तरह उपलब्ध कराने जैसी अनेक प्रकार की सुविधाएं शीघ्र ही उपलब्ध करायेगा। यह जानकारी अध्यक्ष, राजस्व परिषद, अनिल कुमार ने साझा की। अनिल कुमार राजस्व परिषद कार्यालय स्थित डॉ. भीमराव अम्बेडकर सभागार में मंगलवार को प्रांतीय सिविल सेवा (कार्यकारी शाखा) के वर्ष 2023 बैच के लगभग 50 प्रशासनिक अधिकारियों (प्रशिक्षु) को संबोधित कर रहे थे।

### मेडिकल कॉलेज के नाम पर सिर्फ इमारतें, संसाधन नहीं : अखिलेश यादव

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों में मानक के अनुरूप पर्याप्त प्रोफेसर, डॉक्टर, तकनीकी स्टाफ और आधारभूत ढांचा नहीं है। मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस छात्रों की पढ़ाई के लिए पर्याप्त सुविधाएं और संसाधन नहीं हैं। मेडिकल कॉलेज के नाम पर इमारतें खड़ी हैं। सरकार मेडिकल कॉलेजों को सुचारू रूप से नहीं चला पा रही है। सपा प्रमुख ने बुधवार को कहा कि भाजपा सरकार मेडिकल कॉलेजों और बड़े संस्थानों को उनकी जरूरत के अनुसार बजट नहीं देती है। गरीब और आम जनता को इलाज के लिए भटकना पड़ रहा है।

# बिजली दरों में वृद्धि का विरोध करेंगे कर्मी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में निजीकरण के साथ घरेलू बिजली दरों को लेकर भी अब माहौल गर्माएगा। दोनों मुद्दों को लेकर कर्मचारी संगठन बड़ा आंदोलन छेड़ेंगे, क्योंकि नयी दरों से शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्र प्रभावित हो रहे हैं। उप्र. राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद का स्पष्ट कहना है कि निजीकरण से पहले विद्युत दरों में बढ़ोतरी सोची-समझी रणनीति के तहत है।

दरअसल, उप्र. में पांच वितरण कंपनियां हैं, उसमें सबसे ज्यादा घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं की संख्या दक्षिणांचल व पूर्वाचल में हैं। ऐसे में देश के बड़े निजी घराने लगातार प्री बिड कॉन्फ्रेंस और निजीकरण की बैठकों में इस बात पर जोर दे रहे थे कि घरेलू उपभोक्ताओं की बिजली दरों में ज्यादा बढ़ोतरी की जाए। जिससे जब उनके द्वारा पूर्वांचल व दक्षिणांचल को खरीदा जाए तो उनका ज्यादा फायदा हो। उपभोक्ता परिषद का तर्क है कि घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं की बिजली दरों में 45 प्रतिशत तक वृद्धि के पीछे देश के बड़े निजी घरानों का हाथ है। परिषद ने उन आकड़ों को भी जारी किया है, जिसके अनुसार पूर्वांचल व दक्षिणांचल में सबसे ज्यादा घरेलू उपभोक्ता हैं।

### कृषि निदेशक बने डॉ. पंकज त्रिपाठी

**अमृत विचार, लखनऊ :** शासन ने राज्य के नये कृषि निदेशक की जिम्मेदारी डॉ. पंकज त्रिपाठी को सौंपी है। पंकज त्रिपाठी अब तक प्रबंध निदेशक बीज विकास निगम की कुर्सी संभाल रहे थे। जबकि, प्रबंध निदेशक बीज विकास निगम का जिम्मा पीयूष शर्मा को सौंपा गया है। पीयूष शर्मा निदेशक, राज्य कृषि प्रबंध संस्थान रहमानखेड़ा लखनऊ के पद पर थे। इसी क्रम में प्रतीक्षारत हरेंद्र कुमार उपाध्याय को निदेशक, राज्य कृषि प्रबंध संस्थान रहमानखेड़ा बनाया गया है। वहीं, नवप्रोन्नत एके सिंह को उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद 'उपकार' का सचिव बनाया गया है।



## सार-संक्षेप

### यूपी ने जेम पर खरीद प्रणाली में बनाया कीर्तिमान

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश सरकार ने एक बार फिर डिजिटल और पारदर्शी प्रशासन में अपनी अग्रणी भूमिका को साबित किया है। गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (जेम) के माध्यम से की गई खरीद में यूपी ने अभूतपूर्व प्रदर्शन किया है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर प्रशंसा की है। गोयल ने योगी सरकार के इस प्रयास को अन्य राज्यों के लिए एक आदर्श मॉडल भी बताया है। पीयूष गोयल ने पत्र के साथ ही 5 वर्षों में जेम पर प्रदेश सरकार द्वारा की गई खरीद का डाटा भी दिया गया है, जिसके अनुसार प्रदेश सरकार ने 2020-21 से 2024-25 के दौरान कुल 65,227 करोड़ रुपए से ज्यादा की खरीद की है। 5.43 लाख करोड़ मूल्य के 72 लाख से अधिक क्रय आदेश पूरे किए गए, जो देश की सार्वजनिक खरीद प्रणाली के लिए एक नया कीर्तिमान है। जेम की स्थापना से लेकर अब तक 2.9 करोड़ से अधिक ऑर्डर्स के ज़रिए 14 लाख करोड़ से अधिक की खरीद हो चुकी है। इसमें यूपी सरकार का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है।

### नई मतदाता सूची से होंगे सचिवालय संघ के चुनाव

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र. सचिवालय संघ के पदाधिकारियों ने प्रमुख सचिव सचिवालय प्रशासन अमित घोष से सचिवालय कर्मियों की विभिन्न संवर्ग की संपूर्ण सूची मांगी। संघ पदाधिकारियों ने कहा कि उप्र. सचिवालय संघ के वर्तमान पदाधिकारियों का दो वर्ष कार्यकाल 12 जुलाई 2025 को पूरा हो रहा है। जिसके बाद नई कार्यकारिणी के चुनाव होने हैं, चुनाव में समस्त कर्मचारी प्रतिभाग कर सकें, इसलिए नई मतदाता सूची तैयारी की जाएगी। यह जानकारी सचिवालय संघ के उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार सिंह, सचिव शशांक पांडेय ने प्रमुख सचिव को अवगत कराया कि वर्तमान कार्यकारिणी का कार्यकाल समाप्त होने के बाद चुनाव कराए जाने हैं, प्रस्तावित चुनाव के लिए नई मतदाताओं की सूची तैयार की जाएगी। इस मौके पर सचिव बेनोवालेंट फंड पद्म श्री शुक्ला, कोषाध्यक्ष राजेश यादव व अन्य पदाधिकारियों उपस्थित थे।


लखनऊ में लोगों को रालोद की सदस्यता दिलाते पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे।

### सैकड़ों लोगों ने ली रालोद की सदस्यता

**अमृत विचार, लखनऊ :** राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के प्रदेश मुख्यालय में कन्नौज लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी रहे पुरुषोत्तम तिवारी एडवोकेट ने सैकड़ों समर्थकों के साथ रालोद की सदस्यता ली। रालोद के राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे ने बुधवार को सदस्यता दिलायी। सदस्यता ग्रहण कराने के बाद राष्ट्रीय महासचिव ने नवागत सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि रालोद में सभी वर्गों का सम्मान है, रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी पूर्वांचल एवं मध्य उत्तर प्रदेश, बुंदेलखंड में संगठन मजबूत बनाना चाहते हैं। इसी श्रृंखला में बड़ी संख्या में लोग जुड़ रहे हैं। सदस्यता ग्रहण करने वालों ने भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की विचारधारा और रालोद की रीति-नीति में आस्था रखते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह के नेतृत्व में संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया।

# जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण भवन बनाने की तैयारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- आपदा प्रबंधन को पुख्ता करने में जुटी योगी सरकार

**अमृत विचार :** योगी सरकार ने वित्त आयोग से महत्वपूर्ण मांग रखी है कि आपदा प्रबंधन अधिनियम के तहत प्रत्येक जिले में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) के लिए भवन निर्माण की अनुमति दी जाए। वर्तमान में एसडीआरएफ और एसडीएमएफ के नियम इसकी अनुमति नहीं देते। इसके साथ ही, सरकार ने एक प्रतिशत प्रशासनिक खर्च की अनुमति देने की भी मांग की है, ताकि आपदा प्रबंधन के लिए बेहतर प्रशासनिक ढांचा तैयार किया जा सके।

राज्य सरकार ने हाल ही में 16वीं वित्त आयोग के सामने आपदा प्रबंधन को और मजबूत करने के लिए कई अहम प्रस्ताव में यह भी शामिल था। मांगों के पीछे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सोच है कि आपदा प्रबंधन को और अधिक कुशल और जन-केंद्रित बनाया जाए। राज्य आपदा राहत कोष (एसडीआरएफ) और राज्य आपदा मोचन कोष (एसडीएमएफ) के नियमों में भी कई बदलाव के प्रस्ताव शामिल हैं, ताकि आपदा प्रभावित लोगों को तुरंत और बेहतर सहायता प्रदान की जा सके।

सरकार की ओर से रखे गये प्रस्तावों में राज्य द्वारा अधिसूचित आपदाओं, जैसे गर्मी की लहर (लू), वज्रपात, असमय बारिश, तूफान, सांप के काटने और डूबने जैसी घटनाओं को राष्ट्रीय आपदा सूची में शामिल करने की बात कही है। योगी सरकार का मानना है कि ये आपदाएं राज्य में बड़ी संख्या में लोगों को प्रभावित करती हैं। उदाहरण के लिए, वर्ष 2024-25 में राज्य अधिसूचित आपदाओं से 4,534 लोगों की मृत्यु हुई, जबकि राष्ट्रीय आपदाओं से केवल 176 लोगों की जान गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस दिशा में सक्रियता दिखाते हुए केंद्र सरकार से इन आपदाओं को गंभीरता से लेने की अपील की है।

इसके अलावा, सरकार ने राज्य अधिसूचित आपदाओं के लिए खर्च की सीमा को 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 25 प्रतिशत करने की मांग की है।

### लोमड़ी और सियार के काटने से मौत पर मिलेंगे 4 लाख

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में अब लोमड़ी और सियार के काटने से होने वाली मौत पर चार लाख रुपये का मुआवजा दिया जाएगा। अब प्रदेश में 11 ऐसे जानवर हो गए हैं, जिनके लिए मुआवजा मिलेगा। यूपी में बाघ, शेर, तेंदुआ, भेड़िया, लकड़बग्घा, मगरमच्छ, हाथी, गैंडा और जंगली सुअर के हमले से इंसान की जान जाने पर पीड़ित परिवार को 5 लाख रुपये मुआवजा दिया जाता है। इन सभी जानवरों को मानव-वन्यजीव संघर्ष की श्रेणी-1 में रखा गया है। वहीं, श्रेणी-2 में लोमड़ी और सियार को स्थान दिया गया है।

# फाइलेरिया की रोकथाम में जौनपुर व महोबा आगे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मई में कराया गया था 13 जिलों में ट्रांसमिशन असेसमेंट सर्वे
- समीक्षा बैठक में जिलों के प्रदर्शन पर जताया संतोष

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत बीते मई माह में 13 जिलों में संपन्न हुए ट्रांसमिशन असेसमेंट सर्वे (टास) में जौनपुर और महोबा ने बेहतर काम किया है। जबकि शाहजहांपुर, बलिया और चित्रकूट का प्रदर्शन औसत से कम रहा। यह जानकारी बुधवार को संस्था सी-कैंप के सहयोग से स्थानीय होटल में आयोजित समीक्षा बैठक में सामने आए।

राज्य फाइलेरिया अधिकारी डॉ. एके चौधरी ने बताया कि स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के नेतृत्व में राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत 13 जिलों के 118 ब्लॉकों में टास-वन सर्वे किया गया। इसमें 72 इवैल्यूएशन यूनिट (ईयू) में से 55 सफल रहे। इन क्षेत्रों में अब दो साल बाद टास-टू कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि टास-वन सर्वे अम्बेडकरनगर, अयोध्या, बलिया, भदोही, चित्रकूट, हमीरपुर, जालौन, जौनपुर, मऊ, महोबा, शाहजहांपुर, पीलीभीत और सोनभद्र में हुआ था।

पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
बस "खुशबू" ही नहीं स्वाद भी है
"शुद्धता का एहसास" ••• भी है। •••
हर समझदार गृहणी की पसन्द
एम. के. बन्धानी हींग
श्री के.एम. डिस्ट्रीब्यूटर
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोनः 9519456555, 9695416555



अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
अपने आसपास की घटना, आयोजन की सूचना और फोटो हमें भेजें। इसे अखबार में प्रकाशित किया जाएगा।
इमेल
lkocityreporter@amritvichar.com
व्हाट्सएप
8112979390


### मौसम

बादल छाए रहेंगे बारिश होने की संभावना है।

36.4° अधिकतम तापमान | 26.8° न्यूनतम तापमान

### शहर में आज

- गोमती नगर विपिन खंड स्थित लखनऊ विकास प्राधिकरण में उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में जनता अदालत– 10:00 बजे।
- मार्स ऑडिटोरियम इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम– 10:00 बजे।
- आशियाना स्थित आदर्श कुष्ठ आश्रम में कांग्रेस कमेटी की ओर से राहुल गांधी के जन्मदिवस पर फल और खाद्य सामग्री का वितरण– 10:00 बजे।
- केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के गोमती नगर परिसर से 18 राज्यों के छात्र–छात्राएं अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर शोभायात्रा– 6:00 बजे।
- रायबरेली रोड़ स्थित साई गेस्ट हाउस में जनसरोकार दर्पण स्मारिका का विमोचन–7:00 बजे।

# पुलिस मुठभेड़ में लुटेरे के पैर में लगी गोली, साथी भाग निकला

संवाददाता, आलमबाग

**अमृत विचारः** फर्रुखाबाद के हेड कांस्टेबल की पत्नी का पर्स लूटने वाले एक बदमाश को पुलिस ने मंगलवार देर रात लंगड़ा फाटक के पास मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। पैर में गोली लगने से घायल बदमाश को अस्पताल में भर्ती कराया गया, उसका दूसरा साथी भाग निकला। पुलिस ने मौके से तमंचा, कारतूस, खोखा, लूट में प्रयुक्त बाइक व लूटी रकम में 660 रुपये और मोबाइल बरामद किया है। मुठभेड़ से पहले एक और बदमाश को गिरफ्तार किया गया था। डीसीपी पूर्वी ने पुलिस टीम को 25 हजार रुपये के इनाम की घोषणा की है।

▸▸ मुठभेड़ से पहले एक और बदमाश को पुलिस ने दबोच लिया था

डीसीपी मध्य आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि 6 जून को रात 11:15 बजे फर्रुखाबाद निवासी हेड कांस्टेबल सर्वेश सिंह पत्नी अनुराधा के साथ ई-रिक्शा से चारबाग स्टेशन से लौट रहे थे। बस स्टेशन के बाहर बाइक सवार बदमाशों ने झपट्टा मारकर अनुराधा का पर्स लूट लिया था। सड़क पर गिरने से वह चोटिल हो गई थीं। पर्स में चेन, कुंडल और नकदी थी। रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने आसपास लगे सीसी कैमरों के फुटेज खंगाले। डीसीपी ने आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तारी के लिए दो टीमों का गठन किया था।

आलमबाग पुलिस ने मंगलवार रात सआदतगंज निवासी बदमाश शानू को दबोच लिया। उससे



मुठभेड़ में घायल बदमाश को ले जाते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

पूछताछ में पता चला की लूट में अनीश और आमीन भी शामिल थे। रात करीब 2:15 बजे पुलिस को सूचना मिली कि वारदात में शामिल दो बदमाश लंगड़ा फाटक से मवैया होते हुए सआदतगंज जाने वाले हैं। इंस्पेक्टर आलमबाग सुभाष चंद्र सरोज व उनकी टीम ने ग्राहम बेल पुलिया के पास घेराबंदी की। संदिग्ध बाइक सवारों को देखकर रुकने का इशारा किया तो वह बाइक सवार मोड़कर भागने लगे। जल्दबाजी में बाइक फिसलने से गिरे बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी फायरिंग में पैर में गोली लगने से अनीश निवासी वजीरबाग सआदतगंज घायल हो गया, जबकि आमीन निवासी कैंपवेल रोड अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकला। जानकारी मिलते ही डीसीपी व अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे और छानबीन की।

इंस्पेक्टर ने बताया कि आरोपी अनीश पर लूट, वाहन चोरी, आर्म्स एक्ट समेत 22 मामले आलमबाग, पारा, नाका, सआदतगंज, हसनगंज, चिनहट, तालकटोरा, दुबग्गा और बाजारखाला में दर्ज हैं।

आरोपियों ने 8 जून को बाजारखाला इलाके में भी एक मोबाइल लूट की वारदात को अंजाम दिया था।वह मोबाइल भी बरामद किया गया है। इलाज के बाद बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आमीन की तलाश में छापेमारी की जा रही है।

### सर्राफ को बेचे गए थे जेवर

आरोपी अनीश ने पुलिस को बताया कि लूट की वारदात में उसके साथ आमीन और शानू शामिल थे। 6 जून को आमीन और शानू ने ही वारदात की थी। जिसके बाद वह लोग चारबाग में मिले। लूटे गए बैग में जेवर के साथ मोबाइल फोन और रुपये थे। जेवर एक सर्राफ को बेचे गए। मोबाइल राहगीर को बेच दिया था। आरोपी अनीश और उसके साथी नशा करने के आदी हैं। नशे की लत पूरी करने के लिए लूट की वारदात को अंजाम देते थे।



आरोपी।

## 67 चेकर करेंगे आवास आवेदनों का सत्यापन

**अमृत विचार,लखनऊः** ग्रामीण इलाकों में प्रधानमंत्री आवास योजना के आवेदनों का ऑनलाइन सत्यापन चेकर करेंगे। जिले में इस कार्य के लिए 67 चेकर लगाए गए हैं।

चेकर को पोर्टल पर पंजीकृत करने के लिए ई-केवाई अपलोड की जा रही है। इससे किसी तरह की गड़बड़ी होगी तो आसानी से ट्रेस किए जाएंगे। जिले में ग्रामीण योजना आवास के करीब 31 लाभार्थियों के नाम ऑनलाइन सर्वे में दर्ज हुए हैं।

इसमें 10 हजार लाभार्थियों ने स्वयं सर्वे करके नाम दर्ज किए हैं, जबकि शेष सर्वेयर द्वारा घर-घर सर्वे करके दर्शाए गए हैं। अब आगे के क्रम में इनमें निरस्त किए गए आवेदनों की चेकर अचानक जांच करेंगे।

# जर्जर भवनों पर खतरनाक होर्डिंग

## बारिश-आंधी में दुर्घटनाओं की आशंका

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** बारिश कभी भी शुरू हो सकती है, लेकिन जर्जर भवनों और पुरानी इमारतों पर लगे होर्डिंग पर अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। हजरतगंज से लेकर सभी प्रमुख क्षेत्रों की इमारतों पर कई-कई क्विंटल लोहे के बड़े-बडे भारी भरकम जाल रखे हैं।

तेज बारिश और आंधी आने पर इनके पलटने की आशंका बनी रहती है। कमाई के लालच में एलडीए से एनओसी लिए बिना ही विज्ञापन होर्डिंग लगाने की अनुमति दे दी जाती है, जबकि विज्ञापन एजेंसियों को नगर निगम के मानकों के अनुसार भवन की मजबूती का प्रमाणपत्र भी लेना पड़ता है। कई एजेंसियों ने प्रमाणपत्र तक नहीं जमा किया है।

नगर निगम के जिन अधिकारियों पर जिम्मेदारी है, उनका कहना है कि दुर्घटना होती है तो विज्ञापन एजेंसी जिम्मेदारी होगी।

▸▸ हजरतगंज चौराहे के पास जर्जर भवन की छतों पर लगी हैं मानक के विपरीत होर्डिंग

▸▸ बिल्डिंगों की मजबूती तक का नहीं लिया जा रहा प्रमाणपत्र

▸▸ विज्ञापन एजेंसियों और नगर निगम की मिलीभगत से चल रहा खेल



हजरतगंज क्षेत्र में बिल्डिंग की छत पर लगा होर्डिंग का जाल। अमृत विचार


### इकाना स्टेडियम के पास होर्डिंग गिरने से हो चुका है हादसा

दो वर्ष पहले आंधी से इकाना स्टेडियम के पास चलती कार पर होर्डिंग गिरने से मां–बेटी की मौत हो गई थी और ड्राइवर घायल हो गया था। इसके बाद नगर निगम ने मुख्य मार्गों पर लगे यूनिपोल और बिल्डिंगों की छतों पर लगीं होर्डिंग्स को अभियान चलाकर हटा दिया था। नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह ने घरों की छतों पर लगीं सभी होर्डिंग्स को हटाने के निर्देश के साथ विज्ञापन एजेंसियों से बिल्डिंग की मजबूती का प्रमाणपत्र भी मांगा था। साथ ही छतों पर एलडीए की एनओसी के बिना होर्डिंग लगाने की अनुमति देने से साफ मना कर दिया था। इसके बाद भी नगर निगम का प्रचार विभाग छतों पर होर्डिंग लगाने के लिए बिना एनओसी के अनुमति दे रहा है।



बिल्डिंग की छत पर लगा होर्डिंग्स का जाल।

> बिल्डिंगों की छतों की मजबूती प्रमाणपत्र इंजीनियरिंग विभाग देता है। यदि किसी कमजोर छत पर होर्डिंग लगाई जाती है तो दुर्घटना होने पर विज्ञापन एजेंसी दोषी होगी। छतों पर एलडीए से एनओसी लिए बिना ही पहले से होर्डिंग लगाई जा रही हैं। इन होर्डिंग्स से नगर निगम को प्रचार शुल्क के रूप में अच्छी आय होती है।
>
> **–ओपी सिंह,** कर अधीक्षक जोन–1



बिल्डिंग की छत पर लगे होर्डिंग्स।

## ट्रांसपोर्टनगर योजना फर्जीवाड़े में एक गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊः** लखनऊ विकास प्राधिकरण की ट्रांसपोर्ट नगर योजना में जाली पेपर की मदद से प्लॉट बेचने वाले आरोपी को गोमतीनगर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने एलडीए के सेवानिवृत्त लिपिक की मदद से फर्जी कागज बना कर प्लॉट बेचा था। आरोपी करीब तीन साल से फरार चल रहा था।

डीसीपी पूर्वी शशांक सिंह ने बताया कि उपनिरीक्षक हेमंत कुमार और उनकी टीम ने बुधवार को पीजीआई मीरा विहार निवासी सतवीर सिंह को दयाल चौराहे के पास से गिरफ्तार किया है। आरोपी सतवीर सिंह ने एलडीए के सेवानिवृत्त लिपिक राम सिंह की मदद से ट्रांसपोर्ट नगर योजना में भूखंड संख्या ई-104 के फर्जी कागज बनाए थे। जिसके बाद प्लाट को मेसर्स यूजनिक्स मेडी साइंसेस के निदेशक अंगद सिंह को बेचा था।

फर्जीवाड़ा सामने आने के बाद पीड़ित ने मामले की शिकायत एलडीए में की थी। जिसके बाद विभाग के अनुभाग अधिकारी अशोक कुमार सक्सेना ने 2 मई 2023 को रिपोर्ट दर्ज करायी थी। जिसमें सतवीर सिंह के साथ अंगद सिंह, राजीव कुमार बाजपेई, सेवानिवृत्त लिपिक राम सिंह को आरोपी बनाया गया था। उपनिरीक्षक ने बताया कि फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# 445 प्राइमरी स्कूलों का किया जाएगा विलय

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ शिक्षक संगठनों ने शुरू किया विरोध, आन्दोलन की दी चेतावनी

**अमृत विचार :** राजधानी के 50 या इससे कम छात्र संख्या वाले 445 प्राथमिक विद्यालयों का आसपास के विद्यालयों में विलय किया जाएगा। इसकी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जुलाई से इन विद्यालयों के बच्चे दूसरे विद्यालय में पढ़ाई करेंगे। शिक्षक संगठनों ने विलय के फैसले का विरोध शुरू कर दिया है।

बेसिक शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार ने सोमवार को विद्यालय में विलय संबंधी निर्देश जारी किए थे। इस पर मंगलवार को बीएसए राम प्रवेश ने मंगलवार को ग्रामीण और नगर क्षेत्र के 50 या इससे छात्र संख्या वाले 445 प्राइमरी और अपर प्राइमरी विद्यालयों की सूची तैयार कराई।बीकेटी ब्लॉक ने 64 विद्यालयों की सूची बीएसए कार्यालय को भेजी है। विलय के लिए बीईओ से नजदीकी स्कूल में शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक, कमरों की संख्या की जानकारी मांगी थी। ये भी पूछा था कि दोनों विद्यालयों के बीच बीच नदी, नाला, रेलवे लाइन व हाईवे तो नहीं है।

उधर, शिक्षक संगठनों ने विलय का विरोध शुरू कर दिया है। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुशील कुमार पांडे का कहना है कि सरकार विलय के नाम पर विद्यालयों को बंद करने जा रही है। यह शिक्षा के अधिकार अधिनियम की मूल भावना का अतिक्रमण है। निर्णय वापस न हुआ तो आंदोलन होगा।

नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम के राष्ट्रीय अध्यक्ष व अटेवा के प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार बंधु, उप्र. प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष वीरेंद्र प्रताप सिंह, जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के जिला कोषाध्यक्ष मनोज कुमार मौर्य व शिक्षक शिक्षामित्र अनुदेशक कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के मीडिया प्रभारी हरिशंकर राठौर ने विरोध जताया है। उन्होंने विद्यालयों के विलय का कठोर शब्दों में विरोध किया है। सरकार स्कूलों को निजीकरण करने की ओर आगे बढ़ रही है।

मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक श्याम किशोर तिवारी ने बताया कि छात्र संख्या वाले स्कूलों का पास के स्कूल में विलय किया जा रहा है। ताकि बच्चों को पढ़ाने के लिये कई शिक्षक मिल सकें। स्कूलों में सुविधाएं बढ़ाई जाएंगी। किसी स्कूल को बंद नहीं किया जाएगा। इन स्कूलों में आंगनबाड़ी, बाल वाटिका, लाइब्रेरी व अन्य खेलकूद की गतिविधियां होंगी। विद्यालयों को मर्ज करने के विरोध में शिक्षकों ने एक्स पर ट्विटर अभियान भी शुरू कर दिया है।

## एक नजर

### अवध विहार योजना के संपत्ति प्रबंधक निलंबित

**अमृत विचार,लखनऊ :** कार्य में लापरवाही बरतने पर आवास आयुक्त डॉ. बलकार सिंह ने अवध विहार योजना के संपत्ति प्रबंधक ब्रिजेश कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित करके विभागीय जांच के आदेश दिए हैं। आवास विकास की अवध विहार योजना में प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति के संबंध में आवास आयुक्त ने 17 जून को समीक्षा बैठक की थी। रिपोर्ट में पाया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत काफी अधिक संख्या में एमआईएस पोर्टल पर इंट्री नहीं हुई थी साथ ही आवंटियों को कब्जा भी नहीं दिया गया। इसके अलावा संपत्ति प्रबंध समीक्षा बैठक में शामिल हुए न ही उच्चाधिकारियों का फोन पर कोई उत्तर दिया।

### पॉलीथीन जब्त कर वसूला 20 हजार रुपये जुर्माना

**अमृत विचार, लखनऊ :** नगर निगम जोन दो की टीम ने बुधवार को नाका चौराहा और सुभाष मार्ग पर प्रतिबंधित पॉलीथिन के विरुद्ध अभियान चलाया। जिसमें कुल 20,000 रुपये जुर्माना लगाया। इसके अलावा नगर निगम ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अभियान चलाकर सड़क, फुटपाथ और सार्वजनिक स्थलों से अतिक्रमण हटाए। जोन 4 में विराज खंड स्थित मुख्य मार्ग, पार्किंग स्थल तथा प्लॉट से अतिक्रमण हटाए। मुख्य सड़क पर सब्जी मंडी लगाकर किए गए अतिक्रमण को हटाया। जोन 7 के शक्तिनगर में चार स्थानों से नाले के रैम्प तोड़े। मुंशीपुलिया से लोहे के काउंटर, ठेले-ठेलिया और गुमटी हटाई।

### सिंचाई विभाग संयुक्त संघर्ष समिति का प्रदर्शन कल

**अमृत विचार लखनऊ :** सिंचाई विभाग संयुक्त कर्मचारी संघर्ष समिति के तत्वावधान में कर्मचारी 20 जून को कार्यालय प्रमुख अभियंता, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग कैंट रोड उदयगंज पर धरना–प्रदर्शन करेंगे। समिति के संयोजक अमरजीत मिश्रा ने बताया कि कर्मचारियों की विभिन्न मांगों को लेकर काला फीता बांधकर सांकेतिक विरोध और समस्त कार्यालयों पर गेट मीटिंग करके ध्यानाकर्षण किया जा चुका है। समस्त जिलाधिकारियों के माध्यम से मुख्यमंत्री और सिंचाई मंत्री को ज्ञापन दिये जाने के बाद भी मांगों पर कोई सकारात्मक कार्रवाई नहीं की गई है। जिससे प्रदेश के समस्त कर्मचारियों में रोष है।

# सदर और कैंट में हुई झमाझम बारिश


कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** लखनऊ में सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे तो वहीं दोपहर बाद सदर और कैंट इलाके में झमाझम बारिश हुई। 50 की स्पीड से तेज हवा चली। इससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई। शहर के अन्य क्षेत्रों में भी हल्की बौछारें पड़ी। मौसम विभाग ने गुरुवार को पूरे शहर में बारिश के आसार जताए हैं।

▸▸ आज पूरे शहर में बारिश होने की संभावना

लखनऊ में मानसून के पहुंचने की औसत तारीख 23 जून है। प्री मानसून बारिश से तापमान में तेजी से गिरावट दर्ज की गई है। लोगों को गर्मी से राहत मिली है। अगले कुछ दिनों में अधिकतम पारा 32 डिग्री तक दर्ज किया जाएगा। मंगलवार को शहर का अधिकतम तापमान 37.6 डिग्री था। वहीं बुधवार को यह घट कर 36.4 डिग्री पहुंच गया। जो कि सामान्य से 1.6 डिग्री कम था। न्यूनतम तापमान 26.8 डिग्री दर्ज किया गया। यह भी सामान्य से 0.2 डिग्री कम था।

मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह का कहना है कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भी बादलों की गरज चमक के साथ बारिश की संभावना बनी हुई हैं। उन्होंने बताया कि18 जून से लेकर 22 जून तक लगातार लखनऊ समेत आसपास के इलाकों में बारिश की संभावना बनी हुई है। इस बीच हल्की भारी बारिश दर्ज की जाएगी। 19 जून तक पूर्वी उत्तर प्रदेश में बिहार से सटे जिलों के जरिए मानसून प्रदेश में दस्तक देगा। दक्षिण-पश्चिम मानसून की स्थिति लगातार अनुकूल बनी हुई है।



राजधानी में बादलों का डेरा होने से मोर नृत्य करने लगे हैं, ये झमाझम बारिश का संकेत भी है।

## भारतीय दूरसंचार मंच करेगा प्रदर्शन

**अमृत विचार, लखनऊः** बीएसएनएल की स्थिति सुधारने के लिए कर्मचारी गुरुवार को प्रदर्शन करेंगे। भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध यूनियन और एसोसिएशन ने भारतीय दूरसंचार मंच बनाया है।

बयान में कहा गया है कि बीएसएनएल कर्मचारी भोजनावकाश के समय एकजुट हो कर प्रदर्शन करेंगे। बीएसएनएल एक राष्ट्रीय संपत्ति है। इसके पुनरुद्धार, स्थायित्व, उपभोक्ताओं को बेहतर 4जी-5जी सेवाएं देने की मांग करेगा। साथ ही प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में दूरसंचार क्षेत्र की स्वदेशी तकनीक के विकास और क्रियान्वयन के समर्थन में यह प्रदर्शन किया जाएगा। यह प्रदर्शन हजरतगंज स्थित मुख्य महाप्रबंधक पूर्वी मंडल कार्यालय में किया जाएगा।


The Ano-Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा बवासीर (Piles)
भगन्दर (Fistula) एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज
क्लीनिक का पता
एस–80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
www.anorectalclinic.com | 7388913338, 8005423919


रेलवे | अमृतसर–सहरसा एक्सप्रेस आदर्शनगर दिल्ली, साहिबाबाद के रास्ते चलाई जाएगी

# गरीब रथ समेत कई ट्रेनों के टर्मिनल में किया गया परिवर्तन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** रेलवे प्रशासन ने गरीब रथ समेत कई ट्रेनों के टर्मिनल में परिवर्तन किया गया है। परिवर्तन के फलस्वरूप इन गाड़ियों के निम्न स्टेशनों पर आने और जाने का समय बदल गया।

न्यू जलपाईगुड़ी से 19 अगस्त, से चलने वाली 12523 न्यू जलपाईगुड़ी-नई दिल्ली एक्सप्रेस नई दिल्ली के स्थान पर आनन्द विहार टर्मिनस स्टेशन पर अपनी यात्रा समाप्त करेगी। यह गाड़ी आनंद विहार टर्मिनस 11:55 बजे पहुंचेगी। नई दिल्ली से 20 अगस्त से चलने वाली 12524 नई दिल्ली-न्यू जलपाईगुड़ी एक्सप्रेस नई दिल्ली के स्थान पर आनंद विहार टर्मिनस से चलाई जाएगी। यह गाड़ी आनंद विहार टर्मिनस से 15: 20 बजे से चलेगी। अमृतसर से 17 अगस्त से चलने वाली 12204 अमृतसर-सहरसा एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग आदर्शनगर दिल्ली-नई दिल्ली-तिलक ब्रिज-साहिबाबाद के स्थान पर परिवर्तित मार्ग आदर्शनगर दिल्ली-दिल्ली शाहदरा-साहिबाबाद के रास्ते चलाई जाएगी। यह गाड़ी दिल्ली स्टेशन पर 10:50 बजे पहुंचकर 11:05 बजे छूटेगी तथा यह गाड़ी नई दिल्ली स्टेशन पर नहीं रूकेगी। सहरसा से 18 अगस्त से चलने वाली 12203 सहरसा-अमृतसर एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग साहिबाबाद-तिलक ब्रिज-नई दिल्ली-आदर्शनगर-दिल्ली के स्थान पर परिवर्तित मार्ग साहिबाबाद-दिल्ली सहादरा-दिल्ली-आदर्शनगर दिल्ली के रास्ते चलाई जाएगी। ये गाड़ी दिल्ली स्टेशन पर 13:55 बजे पहुंचकर 14:10 बजे छूटेगी। ये गाड़ी नई दिल्ली स्टेशन पर नहीं रूकेगी।

### ट्रैक बाधित होने से तीन ट्रेनें प्रभावित

दक्षिण मध्य रेलवे के सिकंदराबाद मंडल के बल्हारशाह–काजीपेट खण्ड पर तीसरी लाइन निर्माण को लेकर चेन्नई सेन्ट्रल से 21 जून, को चलने वाली 16093 चेन्नई सेन्ट्रल–लखनऊ जं0 एक्सप्रेस का ठहराव बेल्लमपल्ली स्टेशन पर नहीं रहेगा। एरणाकुलम से 20 जून, को चलने वाली 12522 एरणाकुलम–बरेली एक्सप्रेस का ठहराव बेल्लमपल्ली स्टेशन पर नहीं रहेगा। सिकन्दराबाद से 21 एवं 22 जून, 2025 को चलने वाली 12791 सिकन्दराबाद–दानापुर एक्सप्रेस का ठहराव बेल्लमपल्ली स्टेशन पर नहीं रहेगा।

### डीआरएम ने लखनऊ स्टेशन का निरीक्षण

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल के मंडल रेल प्रबंधक, सुनील कुमार वर्मा द्वारा लखनऊ स्टेशन पर द्वितीय प्रवेश द्वार की ओर स्थित लोको पायलट, गार्ड एवं टीटीई रनिंग रूम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक ने रनिंग स्टाफ के लिए उपलब्ध सुविधाओं जैसे विश्राम कक्ष, शौचालय, किचन आदि का गहन निरीक्षण किया तथा परिसर की स्वच्छता एवं रखरखाव, किचन वेस्ट, व कूड़ा प्रबंधन की समीक्षा की। उन्होंने वहां उपस्थित कर्मचारियों से संवाद कर उनकी समस्याओं एवं सुझावों को भी सुना।

# फैक्ट्रियों में मिला रेजिन, छह को नोटिस, जांच शुरू

## छापेमारी में टीम को नहीं दी गई जानकारी, अनुदानित यूरिया की आशंका पर एक रिटेलर की बिक्री रोकी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** कृषि विभाग ने उद्योग में इस्तेमाल हो रही यूरिया की छापेमारी करके पड़ताल की तो छह फैक्ट्ररियों में रेजिन बनाना और खरीदना संदिग्ध पाया। सभी को नोटिस जारी करते हुए उद्योग विभाग को जांच सौंप दी गई। साथ ही एक फैक्ट्री में अनुदानित यूरिया की आशंका पर फुटकर विक्रेता की बिक्री रोक दी गई।

बुधवार को शासन के निर्देश पर जिलाधिकारी विशाख जी ने टीमें गठित करके प्लाईवुड, पेंट, वार्निश, थर्माकोल आदि उत्पाद बनाने वाली फैक्ट्री व कारखानों में इस्तेमाल हो रही यूरिया की जांच कराई। इस क्रम में जिला कृषि अधिकारी तेग बहादुर सिंह ने उद्योग विभाग के साथ सरोजनी नगर, चिनहट और तालकटोरा के औद्योगिक क्षेत्रों की इकाइयों पर छापेमारी की। इस दौरान दो रेजिन बनाने वाली फैक्ट्रियां संदिग्ध मिली। रेजिन कौन सी यूरिया और किन सामग्री से निर्मित करते हैं, इसके अभिलेख और जानकारी टीम को नहीं दी गई। दोनों को नोटिस जारी किया गया। वहीं, चार फैक्ट्रियों में रेजिन खरीदकर प्लाईवुड व अन्य उत्पादन बनते पाए गए। लेकिन, रेजिन कहां से खरीदा, किस चीज से बनाया गया, इसके बिल, बाउचर व जानकारी नहीं मिली। इन चारों फैक्ट्रियों को भी नोटिस जारी करते हुए सभी की उद्योग विभाग को जांच सौंप दी गई। इसके अलावा चिनहट में एक फैक्ट्री में अनुदानित यूरिया (कृषि योग्य) से प्लाई बोर्ड बनाने की आशंका हुई। पूछताछ करने पता चला कि एक फुटकर उर्वरक विक्रेता फैक्ट्री संचालक का रिश्तेदार है। जो अनुदानित यूरिया फैक्ट्री में बेचता है। पुष्टि न होने तक विक्रेता की बिक्री रोक दी गई। वहीं, छापेमारी में दो थोक व्यवसायिक यूरिया के डीलर संदिग्ध मिले। मौके पर लाइसेंस तक नहीं दिखा पाए। दोनों जगह से यूरिया का एक-एक नमूना लिया गया।



एक गोदाम में जांच करते जिला कृषि अधिकारी तेग बहादुर सिंह। अमृत विचार

### अन्य सामग्री और यूरिया से बनता है रेजिन

रेजिन से पेंट, प्लाई बोर्ड, वार्निश आदि चीजें बनती हैं। यह कच्ची सामग्री है, जो कई चीजों के साथ टेक्निकल ग्रेड यूरिया के मिश्रण से बनाई जाती है। रेजिन व अन्य उत्पाद के लिए अधिकृत रूप से टेक्निकल ग्रेड व्यवसायिक यूरिया का प्रयोग होता है। लेकिन, यह काफी महंगी आती है। इसलिए रुपये बचाने के चक्कर में फैक्ट्रियों में अनुदानित कृषि योग्य यूरिया का इस्तेमाल करते हैं। इस वजह से यूरिया की कमी रहती है।

## एक नजर

### किसान नेता बाबू कृपाल सिंह को दी अंतिम विदाई



अमृत विचार, लखनऊ : उप्र. राज्य कर्मचारी महासंघ के जिला अध्यक्ष अफीफ सिद्दीकी ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि कूल्हे के आपरेशन के चलते मुश्किल स्थिति में मंगलवार देर शाम को किसान नेता बाबू कृपाल सिंह का निधन हो गया। बुधवार को प्रात: 9 बजे मटियारी गांव स्थित लक्ष्मण की बगिया में उन्हें अंतिम विदाई दी गई। अफीफ सिद्दकी ने बताया कि मटियारी, तखरोई, फता पुरवा, अमराई गावं, चिनहट की सैकड़ों एकड़ भूमि को आवास विकास व आवास संघ से मुक्त कराने के लिए दशकों चले आंदोलन के लिए बाबू कृपाल सिंह को किसान परिवार याद रखेंगे। बाबू कृपाल सिंह के आंदोलन के समय साथ रहने वालो में महिला नेता मधु गर्ग सहित सैकड़ों लोगों ने नेता को पुष्पांजलि देकर अंतिम विदाई दी।

# आयुष्मान योजना से कैंसर का इलाज हुआ आसान

- लोकबंधु अस्पताल में विशेषज्ञों ने दी जानकारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** आयुष्मान योजना में कैंसर मरीजों का आसानी से इलाज हो रहा है। सरकारी व प्राइवेट अस्पतालों में मरीज योजना के तहत इलाज करा सकते हैं। कैंसर घातक बीमारी है। लेकिन जागरुकता व पूरे इलाज से कैंसर को मात दी जा सकती है। यह जानकारी पूर्व पीजीआई रेडिएशन आंकोलॉजी विभाग के डॉ. नीरज रस्तोगी ने दी।

वह बुधवार को लोकबंधु अस्पताल कैंसर जागरुकता कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। डॉ. नीरज रस्तोगी ने कहा कि कैंसर का समय पर इलाज जरूरी है। लक्षणों के आधार पर अलर्ट हो जाना चाहिए। डॉक्टर की सलाह पर जांच करानी चाहिए। समय पर इलाज से बीमारी काबू में आ सकती है। नई दवाओं से बीमारी ठीक भी हो रही है। उन्होंने कहाकि आयुष्मान योजना से कैंसर मरीजों का इलाज आसान हो गया है। आयुष्मान योजना से सर्जरी, कीमोथेरेपी और रेडियोथेरेपी से इलाज किया जा सकता है। लोकबंधु अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय शंकर त्रिपाठी ने कहा कि विज्ञान की प्रगति से कैंसर की उपचार प्रक्रिया अधिक सुलभ और प्रभावशाली बनती जा रही है।

# खतरनाक : झटके मारकर चल रही सृष्टि अपार्टमेंट की लिफ्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


- 520 परिवारों का 15 मंजिल से रोजाना होता है आना-जाना
- रास्ते में बंद हो जाती हैं लिफ्ट एक की रोपिंग बेल्ट खराब

**अमृत विचार :** यूं तो कुर्सी रोड स्थित सृष्टि अपार्टमेंट में 16 लिफ्ट हैं, लेकिन झटके देकर चलती हैं। किसी की रोपिंग बेल्ट खराब तो किसी में तकनीकी दिक्कत। हाल यह है कि आवास और झटके मारकर चल रही इन लिफ्ट से कब हादसो हो जाए पता नहीं। रखरखाव के नाम पर खानापूरी इस कदर की जा रही है कि ए-ब्लॉक में लगी लिफ्ट की खराब रोपिंग बेल्ट तक को बदलने की नौबत नहीं है।

सृष्टि अपार्टमेंट के आवंटियों के मुताबिक परिसर में कुल 8 टावर हैं। इनमें सभी 15 मंजिल के हैं और उनमें 520 फ्लैट बने हुए हैं। सभी टॉवर में दो-दो लिफ्ट लगी हैं। आरडब्ल्यूए का गठन न होने की वजह से अपार्टमेंट का अनुरक्षण कार्य लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा कराया जाता है। इसी क्रम में हर साल कंपनी द्वारा लिफ्ट की मरम्मत कराई जाती है। इसके बाद भी लापरवाही जारी है। सभी लिफ्ट के बटन खराब हैं। स्विच तक नहीं है। न ही ऑटोमेटिक डिवाइस लगी है। उनमें लगे पंखे भी दम तोड़ चुके हैं। अगर गंभीर रोगी है और लिफ्ट से जाना चाहता है तो उन्हें सिवाय परेशानी के कुछ नहीं मिलने वाला है।



सृष्टि अपार्टमेंट के ए ब्लॉक की बंद लिफ्ट।। अमृत विचार



लिफ्ट की खराब रोपिंग बेल्ट।

> लिफ्ट की मरम्मत का काम एक कंपनी को दे रखा है। जिसके द्वारा मरम्मत कराई जा रही है। सम्बंधित कंपनी से वार्ता करके जानकारी कर गड़बड़ी दुरुस्त कराई जाएंगी।
>
> – नीरज मोगा, अधिशासी अभियंता, विद्युत यांत्रिक (एलडीए)

### अक्सर लिफ्ट में फंस जाते हैं लोग

ऐसी स्थिति में 520 परिवारों का 15 मंजिल से रोजाना ऊपर-नीचे आना-जाना होता है और अक्सर लिफ्ट बंद होने के पर फंस जाते हैं। इस तरह की कई घटनाएं बच्चे, बुजुर्ग और महिलाओं के साथ हो चुकी हैं। इस वजह से बुजुर्ग भी लिफ्ट में जाने से कतराते हैं। आवंटियों ने कई बार एलडीए के अधिकारियों से शिकायत की और घटनाओं का हवाला दिया लेकिन, सुधार नहीं हुआ। हालात यह है कि ए ब्लॉक में लगी लिफ्ट की रोपिंग बेल्ट टूटी व चटक चुकी है, जो लिफ्ट की रीढ़ की हड्डी कही जाती है। रोपिंग बेल्ट के सहारे ही लिफ्ट चलती है। आवंटियों ने हादसे का अंदेशा जताया तो कम्पनी की टीम पहुंची, लेकिन बेल्ट व अन्य सामान न मिलने के कारण लिफ्ट का संचालन बंद कर दिया।

### फंसे लोगों को निकालते रहते हैं कर्मचारी

आवंटी विवेक शर्मा ने बताया कि बीते वर्षों में बराबर लोगों के लिफ्ट में फंसने की घटनाएं हुई हैं। इनमें सी ब्लॉक में बुजुर्ग, ए ब्लॉक में बुजुर्ग, महिला व बच्चों के फंसने की घटनाओं का एलडीए ने संज्ञान लिफ्ट ठीक न कराकर दो कर्मियों को रख दिया। यह कर्मचारी लोगों को लिफ्ट में फंसने पर निकाल लेते हैं। इससे घटना की जानकारी नहीं हो पाती है।

# टीबी मरीजों की पहचान कर शुरू कराएं इलाज

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. एनबी सिंह ने बुधवार को सदर स्थित टीबी इकाई (यूनिट) का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लैब एसिस्टेंट सहित सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर (एसटीएस) से बात कर यूनिट में उपलब्ध जांचों और उपकरणों की जानकारी ली।

सीएमओ ने कहा कि टीबी उन्मूलन सरकार की प्राथमिकताओं में है। शहर में टीबी स्क्रीनिंग का अभियान चल रहा है। इसको लेकर कोताही न बरतें। दिशा निर्देशों के अनुसार टीबी के संभावित रोगियों की पहचान कर उनकी टीबी की पुष्टि के लिए जांच कराएं और जांच पॉजिटिव आने पर इलाज शुरू कराएं। लोगों को टीबी के लक्षण, जांच और उपचार के बारे में जानकारी दें और इसका व्यापक प्रचार प्रसार करें।

# आजमगढ़ के डीएम के खिलाफ प्रदर्शन



सिंचाई विभाग मुख्यालय पर प्रदर्शन करते अभियंता। अमृत विचार

**अमृत विचार, लखनऊः** आजमगढ़ डीएम रविन्द्र कुमार के खिलाफ अभियंताओं ने बुधवार को उत्तर प्रदेश इंजीनियर्स एसोसिएशन के बैनर तले सिंचाई विभाग मुख्यालय में प्रदर्शन किया। अभियंताओं ने मुख्यमंत्री के नाम संबोधित चार सूत्री मांगपत्र देकर सरकार से जिलाधिकारी को बर्खास्त करने की मांग की।

एसोसिएशन के अध्यक्ष आशीष यादव ने बताया कि 13 जून को जिलाधिकारी ने अपने कैंप कार्यालय में मौजूद सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता अरुण सचदेव की डंडे से पिटाई की। 16 जून को मामले की जानकारी होने पर एसोसिएशन की आपात बैठक में प्रदेश भर में इस घटना के विरोध में प्रदर्शन का निर्णय लिया गया। प्रदर्शन के दौरान अभियंताओं ने बांह पर काला फीता बांध रखा था। प्रदर्शन में इंजीनियर्स एसोसिएशन उप्र आवास एवं विकास परिषद के महासचिव शशांक पांडे सहित सैकड़ों अभियंता उपस्थित थे।

# बारिश में जनता को जलभराव से मिले निजात : नीरज बोरा

**अमृत विचार, लखनऊ :** बारिश से पूर्व जलभराव समस्या के समुचित निदान को लेकर विधायक डॉ. नीरज बोरा ने बुधवार को नगर निगम जोन तीन के अधिकारियों के साथ बैठक की। पुरनिया स्थित कार्यालय में हुई बैठक के दौरान विधायक ने अधिकारियों को नालियों की सफाई, सीवर सफाई और कूड़ा उठान आदि के लिए कार्ययोजना बनाकर कार्य सम्पादित करने के निर्देश दिये।

विधायक ने कहा कि प्रतिवर्ष बरसात के दौरान विभिन्न वार्डों में जलभराव, सीवर चोक की समस्या से महामारी की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। जनता को परेशानी न हो इसके लिए जरुरी है कि समय रहते नियंत्रण के प्रभावी उपाय किए जाएं। अधिकारियों द्वारा संसाधनों की सीमित उपलब्धता का हवाला दिये जाने पर विधायक ने नगर आयुक्त से बात कर जोन तीन को अतिरिक्त जेटिंग मशीन, पम्प, मशीन और सुपर शाकर दिए जाने को कहा।


Achievers Law College Of Lucknow
NARVADESHWAR LAW COLLEGE
Approvedby BCI & Lucknow University
15 PCS-J, 1 IPS, 22 GOLD, 1 Chancellor
ADMISSION OPEN
LL.B. 3YRS & 5YRS
BA, B.Com, BBA. MBA & D.PHARM. GNM(AYD)
Hostel & Placement Facility Available
Special Guidance For PCS-J Exam
Malhaur Road Chinhat, Gomti Nagar, Lko
www.narvadeshwar.org
9918132882, 945045458



NOTICE

Schedule of upcoming Investor Awareness Program(s) (IAP);

Axis Mutual Fund conducts various IAP with a view to educate and create awareness amongst the investors about the Mutual Funds.

In this regard, please see below details of upcoming of IAP:

| Date of Event | Mode of Participation (Physical / Online) | Time | Address / Link for joining webinar |
|---|---|---|---|
| 20-06-2025 | Physical | 07.00 p.m. | HOTEL SILVETE, 4-A Rana Pratap Marg, Hazratganj, Opposite National P. G. College, Lucknow, Uttar Pradesh - 226 001. |

For any queries/ clarifications please contact: Mukund Mehrotra - 90447 01235.

Date : June 18, 2025

Mutual Fund investments are subject to market risks, read all scheme related documents carefully.

AXIS MUTUAL FUND

One Lodha Place, 22nd & 23rd Floor, Senapati Bapat Marg, Lower Parel, Mumbai, Maharashtra, Pin Code - 400 013, India.

TEL : (022) 6649 6100, EMAIL : customerservice@axismf.com, WEBSITE : www.axismf.com.


# हजारों मरीज अंगों की प्रतीक्षा में तोड़ रहे दम



केजीएमयू में आयोजित कार्यक्रम में शामिल विशेषज्ञ। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- केजीएमयू में हुए अंगदान जागरूकता कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने साझा की जानकारी

**अमृत विचार :** अंगदान को लेकर जागरुकता बढ़ी है, लेकिन जरूरतमंदों की सूची अधिक लंबी है। इस दिशा में अभी और काम करने की जरूरत है। देश में हजारों मरीज हर साल अंगों की प्रतीक्षा में दम तोड़ देते हैं। अंगदान के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाकर हम कई जिंदगियां बचा सकते हैं। यह बातें पीजीआई नेफ्रोलॉजी विभाग के अध्यक्ष डॉ. नारायण प्रसाद ने कही। वह केजीएमयू के ब्राउन हाल में आलम्बन एसोसिएट्स चैरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से अंगदान जागरूकता एवं स्वास्थ्य भविष्य हेतु योग विषय पर बुधवार को आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

केजीएमयू में स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग (क्वीनमेरी) की डॉ. सुजाता देव ने कहा कि अंगदान कठिन फैसला है। परिजनों को मानसिक पीड़ा झेलनी पड़ती है। लेकिन परिजनों के फैसला कई मरीजों की जान बचा सकता है। डॉ. सुजाता देव ने कहा कि किडनी, लिवर, कॉर्निया व दिल समेत दूसरे अंग दान किए जा सकते हैं। अंगदान से मरीजों की दिक्कतें काफी हद तक दूर हो सकती हैं। अंगदान एक सामाजिक जिम्मेदारी है। केजीएमयू

### सभी को आगे आने की जरूरत : ब्रजलाल

कार्यक्रम में मौजूद सांसद ब्रजलाल ने कहा कि अंगदान केवल जीवन नहीं देता, बल्कि आत्मिक संतोष भी देता है। लिहाजा इस नेक काम में सभी को आगे आने की जरूरत है। कुलपति डॉ. सोनिया नित्यानंद ने कहा कि लोहिया संस्थान में एक छत के नीचे अंगदान व प्रत्यारोपण की प्रक्रिया का खाका तैयार किया। अब केजीएमयू अंगदान व प्रत्यारोपण की दिशा में रफ्तार पकड़ रहा है। केजीएमयू में लिवर, किडनी व कॉर्निया प्रत्यारोपण किया जा रहा है। जल्द ही संस्थान में फेफड़ा प्रत्यारोपण होगा। डॉ. नरेंद्र देव ने कहा कि दान किए गए अंगों का उपयोग नई चिकित्सा तकनीकों और उपचारों को विकसित करने के लिए किया जा सकता है। कार्यक्रम में पूर्व मुख्य आयकर आयुक्त एवं ट्रस्ट के अध्यक्ष संदीप कुमार, डॉ. आरएएस कुशवाहा समेत अन्य डॉक्टर मौजूद रहे।

यूरोलॉजी विभाग के डॉ. विश्वजीत सिंह ने कहा कि मृत्यु के बाद अंगदान करके भी हम समाज की सेवा कर सकते हैं। इसके लिए हमें सामाजिक मिथकों को तोड़कर सही जानकारी देनी होगी।


SCL COMMERCIAL INDIA PRIVATE LIMITED
404, DLF COURTYARD, SAKET, NEW DELHI (110017)

We Would like to inform that SCL Commercial India Private Limited willing to market following 100 per cent water soluble imported fertilizers in Uttar Pradesh as per FCO order no. S.O 2900 (E) Dated 24th October 2015.

We Shall comply all the terms & conditions as per referred notification of Govt. of India.

We hereby publish product information to all stakeholders:

a) **DOLCE :** P= 25%, K=26%, B=1%
b) **DINAMICO:** N=7.5%, P=27%, Zn=1.5%+ B=1%
c) **COLORE:** K=48%, SO3=31%, B=0.3%

Formulation: Soluble powder

**Manufactured by:** (SCL Italia), Via Fabio Filzi 25/A 20124 Milano- Italy. ***Imported & marketed by:*** SCL Commercial India Private Ltd., Saket New Delhi



अमृत विचार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना
सूचना मैने अपना नाम FOOL CHANDRA से बदलकर FOOL CHAND CHAUHAN रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0- GOVERDHAN ADD-VIJAY NAGAR DIST-BALRAMPUR (U.P)

सूचना
सर्वविदित हो कि मेरा आधार कार्ड में मेरा नाम Tanveer ahmad तनवीर अहमद दर्ज है व पासपोर्ट में tanvir Ahmad तनवीर अहमद है जो कि गलत है। मुझे पासपोर्ट में भी Tanveer Ahamd के नाम से जाना जाए। तनवीर अहमद पुत्र नजीर अहमद नि0 माधौपुर थाना फखरपुर, कैसरगंज बहराइच

Notice
I have lost my Original sale deed dated 06.06.2003 executed by Smt. Rajeshwari Nigam wife of Late Sarvdaman Nigam in favor of (1) Sri Ikrar Ahmad & (2) Sri Ishtiyak Ahmad sons of Sri Ikakh Ahmad vide book No. 1, Jild No. 1472 on pages 1 to 26 at Sl. No.5935 dated 06.06.2003 duly registered at the office of Sub Registrar-V, Lucknow in respect house no.360/68, (old No.369/144 Ka) admeasuring 1600 sq. fts. Le 148.698 mtrs only.

सूचना
मैं घनश्याम पुत्र शिवनंदन निवासी ग्राम व पोस्ट मंकराव, तहसील मौदहा, जिला हमीरपुर उत्तर प्रदेश अपने पुत्र रामचंद्र और पुत्रवधू चंद्ररेखा को चाल चलन और झगड़ालू स्वभाव के कारण अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं, आज के बाद इनके द्वारा नैतिक या अनैतिक कार्यो से मेरा और मेरे परिवार का कोई संबंध नहीं है। उपरोक्त द्वारा किये गये नैतिक अनैतिक कार्यों के लिए वे दोनों स्वयं जिम्मेदार होंगे।

सूचना
सूचित है कि बचपन में मुझे लोग आदिम नाम से पुकारते थे। मेरा वास्तविक नाम अमित है। आधार कार्ड और पेन कार्ड में भी मेरा नाम अमित ही दर्ज है। अमित और आदिम दोनों नाम एक ही हैं। परंतु अब मुझे अब आदिम के बजाय अमित नाम से ही जाना जाये। अमित पुत्र छोटे निवासी छिपैटी शहर व जिला इटावा



पूर्वोत्तर रेलवे
ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/प्लांट, वास्ते मुख्य कारखाना प्रबन्धक, यांत्रिक कारखाना, गोरखपुर द्वारा नीचे लिखे कार्य के लिये आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं।

क्रम सं.-01, ई-निविदा सूचना सं.: टेण्डर नं. "12-जीकेपी-एमडब्लूएस-2025-26" निविदा कार्य का विवरण: "अल्ट्रासोनिक टेस्टिंग ऑफ एलएचबी व्हील सेट्स ऐट मेकेनिकल वर्कशॉप, गोरखपुर", अनुमानित लागत (रू.में):₹29,62,080/-, धरोहर राशि (रू.में): ₹ 59,300/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य: ₹ शून्य, निविदा समापन की तिथि एवं अवधि: 08-07-2025, 11:00 बजे, संविदा की अवधि: 12 माह।

- उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण एवं निविदा में भाग लेने हेतु भारतीय रेल की वेबसाइट *http://www.ireps.gov.in* पर देखें।

उप मुख्य यांत्रिक इन्जी./प्लांट, यांत्रिक कारखाना, गोरखपुर
मुजाधि/यॉंत्रिक-35

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।



पूर्वोत्तर रेलवे
खुली ई-निविदा सूचना: NER-LJN-2025-107

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु आनलाईन 'खुली' ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण नीचे निम्नवत है:-

क्रम सं.-01, ई-निविदा संख्या:-NER-LJN-2025-107, कार्य का नाम:- सहायक मंडल इंजीनियर/मैलानी के अनुभाग में सी०टी०आर० एवं टी०टी०आर कार्य के संबंध में निशानगारा-मैलानी एम०जी० खंड के मध्य (52 kg 90 UTS) रेल के वेल्डिंग एवं पोर्शन के आपूर्ति का कार्य। अनुमानित लागत (रू०): ₹ 4,95,57,408.02, अग्रिम धन (रू०): ₹ 3,97,800/-, समापन अवधि: 12 माह।

(1) उपरोक्त ई-निविदा संख्या NER-LJN-2025-107 के लिये ई-निविदा दिनांक 15-07-2025 को 15:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15:00 बजे के बाद ई-निविदा खोली जायेंगी।

(2) उपरोक्त ई-निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तो का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट *www.ireps.gov.in* पर उपलब्ध है। निविदाकार ई-निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से सम्बन्धित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

मण्डल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग, लखनऊ
मुजाधि/डब्लू-123

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।



बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ सत्र : 2025-26
Accreditations, Affiliations & Approvals

प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG)-2025 में सूचीबद्ध

मेडिकल साइंसेस
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)

डेंटल साइंसेस
डिप्लोमा-डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा-डेंटल मैकेनिक्स

नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/नर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPCC)/एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/कम्युनिटी हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)

फार्मेसी
डी.फार्म/बी.फार्म/एम.फार्म (फार्माकोलॉजी, फार्मास्यूटिक्स, फार्मासियूटिकल कैमिस्ट्री, फार्माकॉगनॉसी)

पैरामेडिकल साइंसेस
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/डिप्लोमा इन इमरजेंसी एण्ड ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/डिप्लोमा इन रेडियोथेरेपी तकनिशियन (DRIT)/ बैचलर इन ऑप्रेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (BOTT)/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलॉजी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)/एमएससी क्लीनिकल एम्ब्योलॉजी/ एम.एससी इन मेडिकल लैबोरेट्री सांइस (MMLS)/ मास्टर्स इन फिजीयोथेरेपी (MPT)

फोरेंसिक साइंसेस
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान, एमएससी फोरेंसिक विज्ञान

मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए/(आईटी और मल्टीमीडिया)/ एम.कॉम (ऑनर्स)/ मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)

ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053

पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (यू.पी.)

Website : www.biu.edu.in, E-mail : admission@biu.edu.in

## राकेश अध्यक्ष और विकास स्वरूप चुने गए महामंत्री

**अमृत विचार, लखनऊः** उत्तर प्रदेश भवन निर्माण मजदूर सभा से सबद्ध सीटू का त्रिवार्षिक सम्मेलन जयहिन्द चबूतरा उदयगंज में आयोजित हुआ। इसका उद्घाटन सीटू के प्रदेश कोषाध्यक्ष हेमन्त कुमार सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि राज्य व केन्द्र की सरकार मजदूर विरोधी नीतियों को आगे बढ़ा रही है। महामंत्री प्रेम नाथ राय ने तीन साल के काम की रिपोर्ट रखी। सम्मेलन में 25 सदस्यीय नई कार्य समिति का चुनाव किया गया। जिसके अध्यक्ष राकेश कुमार वर्मा, महामंत्री विकास स्वरूप व कोषाध्यक्ष राम नरेश चौरसिया चुने गये। प्रस्ताव पास कर 9 जुलाई की अखिल भारतीय आम हड़ताल का समर्थन किया।

## समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 10 विभूतियों का हुआ सम्मान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ एसएन लाल लिखित नाटक उमराव जान का हुआ मंचन

**अमृत विचारः** फखरुद्दीन अली अहमद मेमोरियल कमेटी और उत्तर प्रदेश आर्टिस्ट एसोसिएशन के तत्वावधान में बुधवार शाम वृन्दावन कॉलोनी स्थित एक होटल में नाटक उमराव जान का मंचन किया गया। एसएन लाल द्वारा लिखित इस नाटक का निर्देशन यूसुफ खान और वामिक खान ने किया।

नाटक मंचन से पहले उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी के सचिव शौकत अली, बज्मी यूनुस और मुर्तजा अली ने समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले गौतम राणे, डॉ. मसुदुद्दीन, डॉ. रूचि खरे, डॉ. मंजुला पंत, डॉ. मीरा दीक्षित, पीके वाजपेई, राहुल यादव, एडवन मेसी, डॉ. संगीता चौबे और बिलाल सहारनपुरी को प्रशस्ति पत्र व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। शौकत ने कहा कि इस तरह के नाटकों का मंचन होते रहना चाहिए क्योंकि इससे समाज में अच्छा संदेश जाता है। उत्तर प्रदेश आर्टिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष वामिक खान ने बताया कि हमारी संस्था निरंतर कला के माध्यम से प्रदेश की सामाजिक एवं सांस्कृतिक पृष्ठभूमि को प्रचारित एवं प्रसारित करती रहती है, साथ ही हमारी संस्था कलाकारों को बड़ा मंच देने के लिए प्रयासरत है। नाटक में कथक नृत्य का भी योगदान रहा, जिसमें हिमांशु शुक्ला, दिव्यांशी मिश्रा, रिचा तिवारी, रतन ओझा, प्रगति लाल एवं जया श्रीवास्तव प्रमुख हैं। नाटक में तनिष्क शर्मा, अर्पित मिश्रा, अरशद खान, अरुणा पांडे, मोहम्मद हफीज, वामिक खान, अनिमेष श्रीवास्तव, इदरीस मोहन, शान फरीदी, सुफियान बेग, रेहान खान, शाहबाज तालिब और अभिषेक तिवारी ने सराहनीय भूमिकाएं निभाईं।

### उमराव जान ने दिया मोहब्बत का पैगाम

नाटक उमराव जान की कहानी में हिंदू मुस्लिम सौहार्द को उजागर किया गया है। उमराव जान के घर गाना सुनने के लिए सभी धर्म के लोग आते थे। बाहर वह लोग अपने धर्म के लोगों को लड़वाते थे, लेकिन उमराव जान के पास आकर एक हो जाते थे, तब उमराव जान उनको डांटती हैं कि तुम लोग मंदिर-मस्जिद के नाम पर लड़वाते हो परंतु यहां पर आकर एक हो जाते हो। यह नाटक यह संदेश देता है कि शिक्षा सबके लिए है और मजहब के नाम पर लड़ना नहीं चाहिए क्योंकि सभी मजहब मोहब्बत का पैगाम देते हैं। उमराव जान का किरदार निभाने वाली प्रभाती पांडे ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन से हम लोगों को अपनी प्रतिबद्धता दिखाने का मंच मिलता है।

# दिनचर्या सुधारो, खुद भाग जाएंगे दर्जनों रोग

## बीबीएयू में आयोजित स्वास्थ्य कार्यशाला में आयुर्वेदिक चिकित्सालय प्रभारी ने दी जानकारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** सभी रोगों का प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कारण हमारी दिनचर्या है, इसलिए सबसे पहले हमें दिनचर्या में सुधार करने की जरूरत है। दिनचर्या सुधारने से दर्जनों रोगों से स्वतः ही निजात मिल जाएगी। ये बात बुधवार को बीबीएयू में योग महाकुंभ के अंतर्गत बच्चों व महिलाओं के लिए स्वास्थ्य के लिए आयोजित कार्यशाला में राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय की प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. अंशुमा गुप्ता ने दी।

बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय ( बीबीएयू) में संकायाध्यक्ष प्रो. बीसी यादव ने बताया कि योग के साथ आयुर्वेद को जीवन में अपनाकर हम स्वयं को पूर्ण रूप से स्वस्थ रख सकते हैं। विभागाध्यक्ष डॉ. दीपेश्वर सिंह ने कहा कि बच्चे कल का भविष्य और महिलाएं निर्मात्री हैं इसलिए दोनों का स्वस्थ होना आवश्यक है । दोनों ही अपने स्वास्थ्य के प्रति कम जागरूकता रहते हैं।

योग वेलनेस सेंटर के समन्वयक प्रो. शरद सोनकर ने बताया कि आयुर्वेद और योग का अभ्यास जीवन को सकारात्मक और समग्र दृष्टिकोण से जीने में मदद करता है। डॉ. नरेंद्र सिंह ने बताया कि योग और आयुर्वेद मिलकर हमारे स्वास्थ्य का संरक्षण करते हैं। डॉ. सागर सैनी ने बताया कि योग में आयुर्वेद का और आयुर्वेद में योग का वर्णन देखने को मिलता हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल के निर्देशन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं एवं बच्चों को उनके स्वास्थ्य से जुड़े विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी गई। संचालन डॉ. सागर सैनी ने किया। शिक्षक, गैर शिक्षण कर्मचारी, योग साधक, शोधार्थी और विद्यार्थी मौजूद रहे।



भातखंडे विवि में वेबिनार में विचार रखते विशेषज्ञ। अमृत विचार

### भातखंडे विवि में वेबिनार में विशेषज्ञों ने बताई योग की महत्ता

**अमृत विचार, लखनऊः** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित दो दिवसीय वेबिनार ज्ञान और अनुभव का संगम योग विषय पर दूसरे दिन मुख्य वक्ता के रूप में अयोध्या से जगतगुरु रामदिनेशाचार्य वर्चुअल रूप से अपना व्याख्यान दिया। स्वामी रामदिनेशाचार्य ने बताया कि क्रिया के विहत्तम स्वरूप की परिणीति ही योग है। उन्होंने अष्टांग योग के विराट स्वरूप का वर्णन किया। जापान से प्रो. टिम हॉफमेन, नृत्यांगना डॉ. पार्वती दत्ता, डॉ. ओम नारायण अवस्थी, डॉ. अजय मोहन श्रीवास्तव ने योग पर अपने सारगर्भित व्याख्यान प्रस्तुत किए। कुलपति प्रो. मांडवी सिंह ने कहा कि यह अंतरराष्ट्रीय वेबिनार विशेष और महत्वपूर्ण है। भारतीय संस्कृति एवं कला को समर्पित विशेष प्रकृति के विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित योग के संदर्भ में संगीत कला आदि योगाचार्यों का चिंतन एक नये आयाम के साथ संभावनाओं को विकसित करेगा।

### एकेंद्रीय संस्कृत विवि में तीन दिवसीय योग संगम आज से

**अमृत विचार, लखनऊः** केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय परिसर में तीन दिन के योग संगम का आयोजन किया गया है। इसमें 18 राज्यों के केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय 12 परिसर, 18 आदर्श महाविद्यालय और लखनऊ के 33 सरकारी व गैर सरकारी विद्यालयों के 300 छात्र-छात्राएं भाग लेंगे। इस अवसर पर अनेक कार्यक्रम, सत्र और व्याख्यान आयोजित किए गए हैं। गुरुवार को शाम 6 बजे से योग जागरूकता शोभायात्रा निकाली जाएगी। जिसमें गोमती नगर क्षेत्र व देशभर के विविध भागों से आए प्रतिभागी शामिल होंगे। गेट नंबर 1 से शुरू होकर शोभायात्रा सेंट जोसेफ हॉस्पिटल होते हुए शहीद कैप्टन मनोज पाण्डेय चौक, शंकर चैराहा पुनः गेट संख्या 1 से समाप्त होगी। परिसर निदेशक प्रो. सर्वनारायण झा ने बताया कि अन्तर्राष्ट्रीय योग महोत्सव का उद्घाटन 20 जून को प्रातः 7 बजे होगा। इसमें उपमुख्यमन्त्री ब्रजेश पाठक मुख्य अतिथि उपस्थित रहेंगे। आयोजन में योगासन स्पर्धाएं, योग प्रदर्शन, पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता, संस्कृत ध्येय वाक्य निर्माण प्रतियोगिता, संगीतमय सामूहिक योग प्रतियोगिता और योग परिसंवाद होंगे। शाम को 7 बजे से योग पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। सहनिदेशक प्रो. गुरुचरण सिंह नेगी ने बताया कि 21 जून को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय में भव्य आयोजन होगा।

## जगन्नाथ रथ यात्रा के प्रचार को किया हरिनाम संकीर्तन

**अमृत विचार, लखनऊ :** सुशांत गोल्फ सिटी स्थित राधा रमण बिहारी मन्दिर (इस्कान) की ओर से 27 जून को निकलने वाली जगन्नाथ रथ यात्रा के व्यापक प्रचार के उद्देश्य से इस्कान मंदिर की ओर से बुधवार को हरिनाम संकीर्तन किया। मंदिर के अध्यक्ष अपरिमेय श्याम दास के दिशा निर्देशन में भक्तों ने उत्साहपूर्वक नाचते गाते चारबाग स्थित रवीन्द्रालय से हरिनाम संकीर्तन किया। यात्रा मार्ग में सभी को जागृत करते हुए जगन्नाथ जी की रथ यात्रा में आमंत्रित किया। रथ यात्रा रविंद्रालय चारबाग से शुरू होकर बासमंडी चौराहा से हीवेट रोड, कैंट चौराहा (बर्लिंगटन), नावेल्टी सिनेमा, हलवासिया तिराहा, हज़रतगंज चौराहा होकर वापस चौराहे मुड़कर हलवासिया होते हुए जहांगीराबाद पैलेस लॉन में समाप्त हुई।

## बाबा रामदेव ने दिया सपना को आशीर्वाद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** ईश्वरीय स्वप्नाशीष सेवा समिति की ओर से सनातन ध्वज वाहिका सपना गोयल बने भारतवर्ष की पहचान सुंदरकांड महा अभियान चला रही हैं। उनके इस अभियान से प्रभावित होकर योग गुरु बाबा रामदेव ने सपना को हरिद्वार अपने आश्रम बुलाकर आशीर्वाद दिया। उनसे अभियान के बारे में जानकारी भी ली।

सपना स्वामी रामदेव को बताया कि लखनऊ की झूलेलाल वाटिका से शुरू हुआ सुंदरकांड महा अभियान एक वर्ष की अल्पावधि में भारतवर्ष की पहचान बन गया है। बिना किसी सरकारी या निजी सहयोग के 10 मार्च 2024 को महिला दिवस के उपलक्ष्य में पांच हजार से अधिक महिलाओं ने झूलेलाल घाट पर सामूहिक सुंदरकांड का अनुष्ठान करवाया था। उन्होंने बताया कि सामूहिक सुंदरकांड का अभियान राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वृहद रूप में निरंतर संचालित किया जा रहा है। इसके तहत नैमिषारण्य तीर्थ, उत्तराखंड कोटद्वार के प्रतिष्ठित प्राचीन मंदिर सिद्धबली परिसर और काशी के बाबा विश्वनाथ मंदिर परिसर और प्रयागराज के लेटे हुए हनुमान मंदिर परिसर में भी सुंदरकांड पाठ का अनुष्ठान कराया गया है। अयोध्या स्थित जन्मभूमि परिसर में सामूहिक मासिक सुंदरकांड पाठ का सिलसिला गत वर्ष 11 सितंबर से चल रहा है।



रामदेव के साथ सपना गोयल।

## योग दिवस पर डाक विभाग ने जारी की विशेष टी शर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश के चीफ पोस्टमास्टर जनरल प्रणव कुमार ने बुधवार को जीपीओ के मंथन सभागार में 21 जून को होने वाले विश्व योग दिवस के लिए विशेष टी-शर्ट जारी की। उन्होंने बताया कि योग के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए यह पहल की गई है। प्रधानमंत्री के प्रयासों से संयुक्त राष्ट्र संघ ने 2015 में योग को वैश्विक मान्यता देकर 21 जून को विश्व योग दिवस घोषित किया था। उसी वर्ष डाक ने डाक टिकट भी जारी किया था। प्रणव ने बताया कि टी-शर्ट पर बायीं ओर डाक टिकट को प्रदर्शित किया गया है। राउंड और कॉलर नेक में ये टी शर्ट 40,42 व 44 साइज में सफेद, आसमानी और पीले रंगों में सभी फिलेटली ब्यूरो में उपलब्ध रहेंगी। राउंड नेक टी शर्ट का मूल्य 275 रुपये और कॉलर नेक का 375 रुपये है। टी शर्ट प्रधान डाकघर प्रयागराज, कानपुर, आगरा, बरेली, वाराणसी, गोरखपुर स्थित फिलेटली ब्यूरो और लखनऊ जीपीओ स्थित फिलेटलिक संग्रहालय में उपलब्ध रहेंगी। टीशर्ट जारी करने के दौरान पोस्ट मास्टर जनरल सुनील कुमार राय, पोस्ट मास्टर जनरल (मेल्स व बीडी) अशोक कुमार यादव, निदेशक डाक सेवाएं डॉ. आनन्द कुमार सिंह, चीफ मास्टर जीपीओ सचिन चौबे, अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।



टी-शर्ट लॉंच करते चीफ पोस्टमास्टर जनरल प्रणव कुमार और अन्य अधिकारी। अमृत विचार

## भाकपा माले ने निकाला विरोध मार्च

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** भाकपा माले के जिला प्रभारी रमेश सिंह सेंगर के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने बुधवार को लाल झंडा लेकर गुराही गांव से मार्च निकला। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को फल मंडी के पहले रोक लिया। इस दौरान हुई जनसभा में रमेश ने कहा कि हमने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन इटौंजा पुलिस को सौंपा है।

जिसमें हमारी मांगें स्पष्ट हैं, अगर सरकार ने कोई कार्रवाई नहीं की तो पार्टी आंदोलन को विस्तार देगी। हम अगस्त में किसानों और मजदूरों की एक बड़ी पंचायत करेंगे और इटौंजा थाना व प्रशासन की भूमिका को जनता के बीच बेनकाब करेंगे। यह जनता की आवाज है। इसे दबाया नहीं जा सकता। यह विरोध मार्च किसान नेता छोटे लाल रावत को और उनके परिवार को दी गई जान से मारने की धमकी और आरोपी भू-माफिया को खुला संरक्षण देने वाली पुलिस के खिलाफ था। मार्च में रमेश शर्मा, रामसेवक रावत, शिवाजी यादव, नंदराम रावत, स्वामी दयाल, मिथिलेश कुमार यादव, अनिल कुमार मौर्य मौजूद रहे।





मार्च निकालते भाकपा माले के सदस्य। अमृत विचार

## सेना को मिले 92 अधिकारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** सीनियर कैडर कोर्स-1 के प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में बुधवार को छावनी स्थित आर्मी मेडिकल कोर सेंटर और कॉलेज के ऑफिसर्स ट्रेनिंग कॉलेज में कोर्स समापन परेड आयोजित की गई। परेड में कोर्स-1 के 92 गैर-कमीशन अधिकारी (एनसीओ) ने भाग लिया। गहन प्रशिक्षण प्राप्त ये सभी अधिकारी जल्द उच्च पद ग्रहण करेंगे।सैन्य परंपराओं के साथ आयोजित इस परेड की समीक्षा मेजर जनरल विनोद कुमार पात्रा, कमांडेंट और मुख्य प्रशिक्षक, ऑफिसर्स ट्रेनिंग कॉलेज, एएमसी सेंटर एवं कॉलेज लखनऊ द्वारा की गई। मिलिट्री डेंटल सेंटर, जबलपुर (मप्र) के हवलदार (डेंटल ऑपरेटिंग रूम असिस्टेंट) हर्ष कुमार झा को पाठ्यक्रम में प्रथम स्थान हासिल किया। इन्हें नायक दीपक सिंह, वीर चक्र रोलिंग ट्रॉफी एवं लेफ्टिनेंट जनरल पीवी रामचंद्रन कैश अवॉर्ड के रूप में 2,500 रुपये के नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।



छावनी स्थित ऑफिसर्स ट्रेनिंग कॉलेज में परेड की समीक्षा करते मेजर जनरल विनोद कुमार पात्रा। अमृत विचार

## समर कार्निवाल में आकर्षण का केंद्र बना यूपी दर्शन पार्क

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ मधु सिंह के निर्देशन में मॉडलिंग और फैशन शो ने बिखेरा आयोजन में जलवा

**अमृत विचारः** प्रगति इवेंट, जेटेक और लखनऊ विकास प्राधिकरण के सहयोग और समन्वय से यूपी दर्शन पार्क में चल रहे समर कार्निवाल में आने वाले दर्शक पार्क में बनीं प्राचीन धरोहरें लोगों के ख़ास आकर्षण का केंद्र बन रही हैं।

यूपी दर्शन पार्क में बुधवार को झांसी की रानी वीरांगना लक्ष्मीबाई को याद किया गया। रानी लक्ष्मीबाई ने 1857 के विद्रोह में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने देश के तमाम क्रांतिकारियों को प्रेरित किया और उन्हें सेना में सम्मिलित किया। रानी लक्ष्मीबाई में साहस, दृढ़ संकल्प, देशभक्ति रग-रग में बसती थी। था। 17 जून 1858 में ग्वालियर के पास युद्ध करते हुए रानी लक्ष्मीबाई वीरगति को प्राप्त हो गईं थीं। प्रगति इवेंट के सांस्कृतिक मंच से दिव्या शुक्ला के निर्देशन में प्रस्तुत समूह नृत्य में पार्वती बोली भोले शंकर से... को लोगों ने पसंद किया।

हरी स्तोत्रम तथा भारतनाट्यम दिव्या बिष्ट, एनद्री बिष्ट, कनिष्क, सांघवी सिंह, यशस्वी सिंह, वनिश्री, अनन्या, हिमाक्षी आदि कलाकारों ने अच्छा प्रदर्शन किया। मधु सिंह के निर्देशन में मॉडलिंग और फैशन शो का जलवा बिखेरा गया। जिसमें शुभपाल, रोली पाल, मुस्कान, सोफिया, आकांक्षा, तान्या, श्वेता, श्रुति, रुचि तथा कविता ने रैंप पर अपने प्रदर्शन से खूब तालियां बटोरीं।

उपलब्धि | आईसीएमएआई के लखनऊ चैप्टर ने एक दिवसीय सम्मेलन का हुआ आयोजन

# सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम देते हैं 62 प्रतिशत रोजगार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** लखनऊ चैप्टर के अध्यक्ष सीएमए रंजीत सिंह ने बताया कि भारत में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम 62 प्रतिशत रोजगार का योगदान देते हैं, जो भारत में 20 करोड़ से अधिक लोगों को मिलता है। भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 30 प्रतिशत से अधिक का योगदान देने वाले एमएसएमई अर्थव्यवस्था में विकास को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। एमएसएमई भारत के निर्यात में 45 प्रतिशत से अधिक का योगदान दे रहे हैं और हमारे देश में विदेशी मुद्रा लाने में प्रमुख भूमिका निभाते हैं। विनिर्माण एमएसएमई की सबसे अधिक सांद्रता वाले शीर्ष पांच राज्य उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, कर्नाटक और गुजरात हैं। गोमतीनगर के सीएमए भवन के ऑडिटोरियम में इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएमएआई) के लखनऊ चैप्टर ने एक दिवसीय सम्मेलन का आयोजन किया।

भारत सरकार सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के लिए कई योजनाएं चलाती है, जिनका उद्देश्य इन उद्यमों को बढ़ावा देना, सहायता करना और उनका विकास करना है। इसी क्रम में बुधवार को आईसीएमएआई लखनऊ चैप्टर की ओर से 'एमएसएमई के अंतर्गत वित्त पोषण के लिए सीएमए और सरकारी पहल के लिए रास्ते' विषय पर विशेष सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य वक्त के रूप में शम्मी भसीन, (पूर्व एजीएम) पंजाब नेशनल बैंक को आमंत्रित किया गया। शम्मी भसीन ने एमएसएमई से संबंधित बैंकिंग योजनाओं के बारे विस्तृत रूप से जानकारी दी।

कार्यक्रम का आयोजन लखनऊ चैप्टर के अध्यक्ष सीएमए रंजीत सिंह द्वारा दीपदान प्रज्वलित कर के किया गया जिसमे शम्मी भसीन, सीएमए जूही उपाध्याय, सीएमए अभिषेक मिश्रा, सीएमए नरेंद्र कुमार और अन्य सदस्यों ने भाग लिया।



मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह देते आईसीएमएआई के सदस्य। अमृत विचार

## चौपाल में गिनाईं मोदी सरकार की उपलब्धियां

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ शंकारपुरवा प्रथम में आयोजित की किया गया कार्यक्रम

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन के 11 वर्ष पूर्ण होने पर लखनऊ महानगर में शक्ति केंद्रों पर मोहल्ला चौपाल कार्यक्रम का आयोजन हुआ। पूर्व मंडल 2 के शंकारपुरवा प्रथम में कामाख्या गर्ल्स इंटर कॉलेज में आयोजित चौपाल में वरिष्ठ भाजपा का नेता नीरज सिंह ने केंद्र सरकार की उपलब्धियां गिनाई और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।

नीरज सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में केंद्र सरकार ने भ्रष्टाचार, जातिवाद और परिवारवाद को दूर करने का कार्य किया। मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि अन्य प्रमुख कार्यक्रमों में एमएलसी मुकेश शर्मा ने मध्य मंडल तीन में लक्ष्मी नारायण स्कूल में, विधायक डॉ नीरज बोरा ने मल्लाही टोला ए व बी शक्ति केंद्र पर विकसित भारत संकल्प सभा को संबोधित किया।चौपाल कार्यक्रम के दौरान 70 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को आयुष्मान कार्ड दिलवाने के लिए पंजीकरण कराया गया। लोगों को विकसित भारत अभियान में सक्रिय योगदान के लिए संकल्प दिलाया गया।



कार्यक्रम में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए नीरज सिंह। अमृत विचार

## एक नजर

### महिला के फाड़े कपड़े भाई को पीटा

**अमृत विचार, आलमबाग:** कृष्णानगर स्थित कन्नौसी रेलवे फाटक निकट एक युवक ने अधेड़ महिला से गाली-गलौज कर अभद्रता की। विरोध करने पर आरोपी ने महिला के कपड़े फाड़ दिए। भाई बचाने दौड़ा तो आरोपी ने उसे भी पीटा। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर पीके सिंह ने बताया कि महिला की शिकायत पर आकाश शर्मा उर्फ काशी पुत्र उमाशंकर निवासी कनौसी मानकनगर के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज, धमकी और अश्लील हरकत करने की रिपोर्ट दर्ज करायी है। आरोप है कि आरोपी ने गाली-गलौज कर अभद्रता करते हुए उसके कपड़े फाड़ दिए। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

### अर्द्धनग्न हालत में मिला युवक का शव

**अमृत विचार, लखनऊ:** मड़ियांव के घैला गांव मोड़ के पास बुधवार सुबह एक युवक का हत्या कर फेंका गया अर्द्धनग्न हालत में शव मिला। युवक के गले पर धारदार हथियार से कट के निशान थे। इंस्पेक्टर मड़ियांव शिवानंद मिश्र ने बताया कि सुबह 8:30 बजे लोगों ने 25 वर्षीय युवक का शव पड़ा देखा। पुलिस ने आसपास के लोगों की मदद से शव की पहचान का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। स्थानीय लोगों ने बताया कि युवक के गले में ब्लेड के कट के निशान थे, जिसे देखकर लग रहा था कि युवक की हत्या की गई है। पुलिस ने शव की पहचान के लिए फोटो को कमिश्नरेट, आसपास के जिलों के भेजने के साथ ही सोशल मीडिया पर प्रसारित किया है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार दंपति घायल

**अमृत विचार, आलमबाग:** मानकनगर स्थित कन्नौसी पुल के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार दंपति घायल हो गए। घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल महिला के भाई ने मानकनगर थाने पर रिपोर्ट दर्ज करायी है। आलमबाग के सुंदर नगर निवासी संतोष श्रीवास्तव ने बताया कि बहन ममता श्रीवास्तव पति राजीव श्रीवास्तव के साथ स्कूटी से पारा रोड होते हुए आलमबाग की ओर आ रही थी। कन्नौसी पुल के पास अज्ञात वाहन ने स्कूटी में टक्कर मार दी। जिसमें बहन और बहनोई गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।

# चौराहों के री-मॉडलिंग होने से सुगम होगा शहर का यातायात

## डालीगंज तिराहा व मेडिकल कॉलेज का एलडीए उपाध्यक्ष ने किया निरीक्षण, रोटरी के व्यास को किया जाएगा कम, कार्य में तेजी के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** डालीगंज तिराहा व मेडिकल कॉलेज चौराहे पर जाम से लोगों को जल्द निजात मिलेगी। बुधवार को लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा कराए जा रहे कार्यों का उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने निरीक्षण किया और चौराहों की कराई जा रही री-मॉडलिंग में तेजी लाने के निर्देश दिए।

उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि दोनों जगह यातायात का काफी भार रहता है। पीकआवर्स में समस्या बढ़ जाती है। इससे जाम की स्थिति उत्पन्न होती है। मेडिकल कॉलेज में रोजाना बड़ी संख्या में आने वाले मरीजों व मेडिकल स्टॉफ को काफी परेशानी उठानी पड़ती है। इसे ध्यान में रखते हुए डालीगंज तिराहा और मेडिकल कॉलेज चौराहे का सर्वे कराया गया था। सर्वे में दिये गये सुझावों के आधार पर अब इनकी री-मॉडलिंग का कार्य कराया जा रहा है। इस क्रम में लगभग 72 लाख रुपये से मेडिकल कॉलेज चौराहा और लगभग 87 लाख रुपये से डालीगंज तिराहे की सूरत बदली जाएगी। दोनों जगहों पर रोटरी का व्यास अधिक होने से यातायात संचालन में बाधा आती है। इसलिए रोटरी के व्यास को कम किया जाएगा। साथ ही सड़क का निर्माण कराते हुए मीडियन का विस्तार कराया जाएगा। इसके अलावा आइलैंड को सुधारते हुए सुरक्षा के दृष्टिगत रोड मार्किंग कराने के साथ साइनेज बोर्ड लगाए जाएंगे। इस मौके पर मुख्य अभियंता नवनीत शर्मा व अधिशासी अभियंता संजीव कुमार गुप्ता समेत अन्य अधिकारी व अभियंता गण उपस्थित रहे।

### जल्द गुलजार होगी लजीज गली

हुसैनाबाद में घंटाघर के पास निर्मित की जा रही लजीज गली जल्द गुलजार होगी। उपाध्यक्ष ने हेरिटेज जोन का निरीक्षण करके विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने म्यूजियम ब्लॉक में कराये जा रहे कार्यों का भी जायजा लिया। वर्तमान में फिनिशिंग व विद्युतिकरण का काम कराया जा रहा है। निर्देश दिये कि निर्धारित समयअवधि में काम पूर्ण करा लिया जाए।



परियोजना का निरीक्षण करते उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार।

### सितम्बर तक लक्ष्य होगा पूरा

उपाध्यक्ष ने सम्बंधित अधिकारियों को कार्य तेजी लाते हुए सितम्बर तक परियोजना पूर्ण करने का लक्ष्य दिया है। यह भी निर्देशित किया कि कार्य की जरूरत के हिसाब से यातायात सिग्नल, सीसीटीवी कैमरे व बिजली के खम्भे आदि शिफ्ट करने का काम सम्बंधित विभाग से समन्वय स्थापित करके पूर्ण करा लिया जाए।

### युवती की निजी फोटो की वायरल, रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, आशियाना:** थाना क्षेत्र की रहने वाली एक युवती को सिरफिरा काफी दिनों से परेशान कर रहा है। आरोपी ने चुपके से युवती की तस्वीर व वीडियो हासिल किया। उसके बाद एडिट कर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया। पीड़िता ने आशियाना थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है। इंस्पेक्टर छत्रपाल सिंह ने बताया कि साइबर सेल की मदद से मामले की जांच की जा रही है। पीड़िता ने बताया कि काफी समय से उसका एक पूर्व परिचित लड़के से विवाद चल रहा है। उक्त विवाद की जानकारी लड़के के दोस्त सालेहनगर निवासी शोएब को भी थी। आरोप है कि शोएब ने साजिश के तहत युवती की पूर्व परिचित लड़के व उसके घरवालों के साथ हुए लड़ाई झगड़े के दौरान की कुछ तस्वीरें और वीडियो हासिल की। जिसके बाद उसे फोटो व वीडियो एडिट कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। बदनामी देख पीड़िता ने आशियाना थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है।

# पेट्रोल पंप कारोबारी के मकान में डेढ़ करोड़ की चोरी

## 21 दिन से बंद था घर, परिवार वाले गए थे बंगलुरु, फॉरेंसिक टीम, डॉग स्क्वायड की मदद से हुई जांच

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** जानकीपुरम इलाके में पेट्रोल पंप कारोबारी भाइयों के बंद मकान को चोरों ने निशाना बनाया। ताला तोड़कर घर में घुसे चोरों ने इत्मिनान से पूरे घर को खंगाला। फ्रिज से निकालकर ड्राइफ्रूटस आए और कमरों में बैठकर बीड़ी फूंकी। उसके बाद चोरों ने करीब 1.50 करोड़ के जेवर, दो लाख रुपये और अन्य कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया। घटना उस वक्त हुई जब परिवार के सभी लोग बंगलुरु गए थे। मंगलवार रात परिजन लौटे तो चोरी का पता चला। सूचना पर एसीपी अलीगंज धर्मेंद्र सिंह रघुवंशी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने फॉरेंसिक टीम, डॉग स्क्वायड की मदद से जांच पड़ताल की।

जानकीपुरम विस्तार के सेक्टर-3 के खरगपुर जागीर गांव निवासी दुर्गेश कुमार मिश्रा और उनका भाई राम मनोहर मिश्रा 60 फिट रोड पर पेट्रोल पंप का संचालन करते हैं। पीड़ित दुर्गेश ने बताया कि परिवार के सभी सदस्य 28 मई को बंगलुरु में बहन के घर गए हुए थे। मंगलवार रात एक बजे सभी लोग लौटे तो पैरों तले जमीन खिसक गयी। पीड़ित ने बताया कि चोरों ने सभी कमरों को आराम से खंगाला। आलमारी व बेड बॉक्स में रखे डेढ़ करोड़ के जेवर और दो लाख रुपये नकद चोरी कर लिए।



चोरी के बाद घटनास्थल पर बिखरा पड़ा सामान। अमृत विचार



लोगों से पूछताछ करते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

▸▸ जानकीपुरम थाने में पीड़ित ने दर्ज कराई रिपोर्ट

### सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

पड़ोस में पूर्व प्रधान चाचा बृजेंद्र मिश्र के घर में सीसी कैमरे लगे हैं। एक कैमरा पीड़ित परिवार के मकान की ओर था। पुलिस ने जब फुटेज खंगाली तो डीवीआर में खराबी के चलते बैकअप नहीं मिला। एसीपी अलीगंज धर्मेंद्र सिंह रघुवंशी ने बताया कि घटना के खुलासे के लिए सर्विलांस समेत तीन टीमें लगाई गई हैं। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं।

### कुछ दूर तक गया खोजी कुत्ता

जांच के दौरान खोजी कुत्ता मौके पर गंध लेकर जीने के पास गया। लॉन में टहला। इसके बाद मुख्य गेट के बाहर आया। सड़क और आस पास घूम कर चला आया। पुलिस खोजी कुत्ते के जाने की दिशा के अनुसार चोरों के भागने का रूट प्लान तैयार कर रही है। उसी के अनुसार सीसी कैमरों की फुटेज की पड़ताल एक टीम कर रही है।

चोरी की सूचना पर एसीपी अलीगंज धर्मेंद्र सिंह रघुवंशी, इंस्पेक्टर जानकीपुरम विनोद कुमार तिवारी व क्राइम ब्रांच की टीम पहुंची। जांच में पता चला कि चोर घर के बांयी तरफ खड़े ट्रैक्टर की मदद से घर के अंदर घुसे। चोरों ने कमरे का इंटर लॉक तोड़ने की कोशिश की। सफल नहीं होने पर गली में लगे दरवाजा का लॉक तोड़कर अंदर घुस गए। पुलिस को जांच पड़ताल में घर में बीड़ी और सिगरेट के जले हुए टुकड़े मिले है। चोरों ने घर में रखे ड्राइफ्रूट्स और चिप्स भी खाया।

## सार-संक्षेप

### पड़ोसी ने बुजुर्ग पर छोड़ा कुत्ता, जख्मी

**अमृत विचार, लखनऊ:** इंदिरानगर के शिव विहार कॉलोनी स्थित पार्क में कुत्ता ले जाने से मना करने पर पड़ोसी ने बुजुर्ग पर कुत्ता छोड़ दिया। मालिक के उकसाने पर कुत्ते ने वृद्ध को काट लिया। पीड़ित ने इंदिरानगर थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है। इंस्पेक्टर सुनील तिवारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। कॉलोनी में रहने वाले धीरेंद्र सिंह (61) ने बताया कि 12 जून की सुबह करीब 4:30 बजे वे पार्क में वॉक कर रहे थे। इसी दौरान पड़ोसी चिराग पुष्कर पार्क में कुत्ता लेकर आने लगा। धीरेंद्र ने पार्क में कुत्ता ले जाने पर टोका। इसपर चिराग ने गाली-गलौज करते हुए वृद्ध पर कुत्ता छोड़ दिया। कुत्ते के हमले में घायल धीरेंद्र मदद के लिए शोर मचाने लगे। हल्ला होने पर अन्य पड़ोसी भी मदद के लिए आ गए। जिन्हें देख कर आरोपी धमकी देते हुए चला गया। पीड़ित ने डॉयल 112 पर सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने पहले इलाज कराने की सलाह दी। धीरेंद्र ने बताया कि पार्क में अक्सर लोग कुत्ता लेकर आते हैं। जो गंदगी करके चला जाता है। इस कारण से ही उन्होंने चिराग को पार्क में कुत्ता ले जाने से मना किया था। आरोप है कि आरोपी चिराग के पिता अजय रिपोर्ट दर्ज कराने पर धमकी दे रहे हैं। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर चिराग और उसके पिता अजय के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### विवाद में पूर्व सैन्यकर्मी ने किया हमला, निकाली पिस्टल

**अमृत विचार, लखनऊ:** पारा के हंसनगर में पूर्व सैन्यकर्मी ने घर के बाहर कार खड़ी करने के विवाद में पड़ोसी पर हमला कर दिया। आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए पिस्टल निकालते हुए गोली मारने की धमकी। तभी वहां मौजूद लोगों ने उन्हें रोका। पीड़ित ने पारा थाने में पूर्व सैन्यकर्मी समेत चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी है। हंसनगर निवासी बृजेंद्र यादव ने बताया कि 6 जून को उनके घर में पूजा थी। कई रिश्तेदार आए हुए थे। इस दौरान पीड़ित ने अपनी कार पूर्व सैन्यकर्मी राजेंद्र कुमार के मकान के दूसरी साइड पर खड़ी कर दी थी। इस बात से नाराज राजेंद्र ने पीड़ित के दरवाजे पर आकर गाली गलौज शुरू कर दी। पीड़ित ने रोकते हुए अपनी कार हटायी, तभी आरोपी ने स्कूटर से कार में टक्कर मार दी। पीड़ित ने थाने में शिकायत की बात की तो आरोपी ने धमकाया। विरोध कर आरोपी ने पत्नी इंदू देवी, बेटी राजबाला और दामाद के साथ मिल कर हमला कर दिया। मारपीट के दौरान राजेंद्र ने पिस्टल निकालकर गोली मारने की धमकी दी। किसी तरह वहां मौजूद लोगों ने संभाला। इंस्पेक्टर पारा सुरेश सिंह ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

### नौकरी का झांसा देकर सवा लाख ठगने वाला गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ:** सरकारी विभाग में संविदा पर नौकरी दिलाने का झांसा देकर जालसाजों ने युवती से सवा लाख रुपये ठगने वाले आरोपी को इंदिरानगर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आरोपी रज्जब अली निवासी तरबगंज गोंडा की पत्नी खुशबू बानो और शैलेन्द्र त्रिपाठी की भूमिका की जांच कर रही है। इंस्पेक्टर इंदिरानगर सुनील कुमार तिवारी ने बताया कि मूल रूप से प्रतापगढ़ निवासी आकृति सिंह ने 24 मई 2024 को इंदिरानगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बताया था कि उसका भाई नौकरी की तलाश में था। वर्ष 2023 में कुंडा तहसील के रहने वाले शैलेंद्र त्रिपाठी ने पीड़िता ने भाई की सरकारी विभाग में संविदा पर नौकरी दिलाने का झांसा दिया। जाल में फंसी आकृति ने मई 2023 में शैलेंद्र के कहने पर रज्जब अली और खुशबू के खाते में 1.25 लाख रुपए ट्रांसफर किए थे। कुछ माह बीतने के बाद भी नौकरी नहीं मिलने पर पीड़िता ने रुपए वापस मांगे तो आरोपी ने धमकाया था। डीसीपी उत्तरी के निर्देश पर रिपोर्ट दर्ज हुई थी।

### दो युवकों ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

**अमृत विचार, लखनऊ:** काकोरी के भलिया गांव में बुधवार शाम युवक ने बाग में आम के पेड़ में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। वहीं, मोहनलालगंज के मीनापुर गांव में युवक ने मंगलवार रात घर के बाहर पेड़ में फंदा लगाकर जान दे दी। भलिया गांव निवासी सचिन रावत (25) ने बुधवार को आम के पेड़ में बनियान से फंदा लगा लिया। करीब साढ़े पांच बजे सूचना मिलते ही काकोरी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतरवाया। छानबीन में पता चला कि सचिन की करीब चार वर्ष पूर्व शादी हुई थी। करीब एक माह के अंदर पत्नी छोड़कर चली गई थी। सचिन शराब पीने का आदी था। वह चार भाइयों में सबसे बड़ा था। वहीं, मोहनलालगंज के मीनापुर गांव निवासी दुर्गेश यादव उर्फ डब्बू (30) मंगलवार रात करीब 8:15 बजे नशे की हालत में घर पहुंचा। दुर्गेश को नशे में देख घरवालों ने टोका तो उसका विवाद हुआ। इसके बाद वह घर के बाहर चला गया। रात करीब 10 बजे भाई राजेश घर से बाहर निकले तो नीम के पेड़ से दुर्गेश का शव लटका देखा। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### घर में घुसकर परिवार को पीटा, वीडियो वायरल

**अमृत विचार, सरोजनीनगर:** थाना क्षेत्र में मामूली बात पर पड़ोसी ने साथियों संग एक परिवार पर हमला कर दिया। आरोपियों ने परिवार को जमकर पीटा। जिसमें बुजुर्ग महिला घायल हो गयी। सीसी कैमरे में कैद घटना का वीडियो बुधवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उपनिरीक्षक महेश कुमार ने बताया कि टीसीएल कॉलोनी में ओमप्रकाश के घर में विपिन शर्मा और विजेंद्र प्रसाद राजभर अलग-अलग कमरा लेकर किराए पर परिवार के साथ हैं। पानी खोलने को लेकर मंगलवार रात दोनों पक्षों के बीच विवाद हो गया। बात बढ़ने पर विपिन शर्मा ने अपने दो-तीन साथियों को बुला लिया। इसके बाद विजेंद्र प्रसाद राजभर के कमरे में घुसकर उसे व परिवार के साथ मारपीट की। मारपीट में विजेंद्र की बुजुर्ग मां घायल हो गयी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी विपिन शर्मा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस फरार साथियों की तलाश में छापेमारी कर रही है।

### शादी का झांसा देकर छात्रा का किया यौन शोषण

**अमृत विचार, लखनऊ:** गोमतीनगर में छात्रा को शादी का झांसा देकर युवक यौन शोषण करता रहा। यही नहीं आरोपी ने छात्रा से रुपये व जेवर भी ऐंठ लिए। पीड़िता ने शादी का दबाव बनाया तो आरोपी ने इंकार कर दिया। पीड़िता की तहरीर पर गोमतीनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। डीसीपी पूर्वी शशांक सिंह ने बताया कि गोमतीनगर निवासी छात्रा की मुलाकात कुछ समय पहले एमआई रसल कोर्ट निवासी सिद्धार्थ सिंह से हुई थी। सिद्धार्थ ने बातचीत में अपना नाम आकाश गुप्ता बताया था। इसके बाद आरोपी ने छात्रा को प्यार के जाल में फंसाया और शादी का झांसा देकर उसका यौन शोषण किया। आरोपी सिद्धार्थ ने जरूरत बताकर छात्रा से हजारों रुपये ऐंठे। यही नहीं उसके जेवर भी ले लिए। बाद में आरोपी सिद्धार्थ सिंह ने शादी से इनकार कर दिया। विरोध करने पर आरोपी ने छात्रा के साथ मारपीट की। मंगलवार को छात्रा ने सिद्धार्थ सिंह के खिलाफ गोमतीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी। बुधवार को पुलिस ने ग्वारी चौराहे के पास से आरोपी सिद्धार्थ सिंह को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के पास से जेवर, मोबाइल, एटीएम कार्ड व घड़ी बरामद कर ली है।

### बिना टिकट 110 यात्रियों को पकड़ा

**अमृत विचार, लखनऊ:** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के अधिकारियों ने बिना टिकट 110 यात्रियों को पकड़ा है। मंगलवार रात बादशाह नगर से ऐशबाग (12565) के बीच पेंट्रीकार में 24 बिना टिकट यात्रियों को पकड़कर इस दौरान यात्रियों से 28,500 रुपये जुर्माना वसूला गया। गोमतीनगर व मोहिबुल्लापुर स्टेशन पर बुधवार को विशेष टिकट जांच अभियान भी चलाया गया, जिसमें 86 बिना टिकट यात्रियों को पकड़ा गया इनसे 30,500 रुपये का जुर्माना वसूला गया। इस दौरान सहायक वाणिज्य प्रबंधक मुकेश कुमार, मुख्य चल टिकट निरीक्षक, मुख्यालय एसपी सिंह एवं सीटीआई रेड के कर्मचारी मौजूद थे।

# गैंगरेप में भाई-बहन को 20 20 वर्ष का सश्रम कारावास

विधि संवाददाता, लखनऊ

▸▸ अपहरण कर पीड़िता को रखा था अलीगंज में, एक आरोपी अब भी फरार

**अमृत विचार:** नाबालिग युवती को अगवा कर उसके साथ छेड़छाड़ व गैंगरेप करने तथा साजिश के मामले में पॉक्सो की विशेष अदालत ने आरोपी शिवओम शरण मिश्रा उर्फ सोनू मिश्रा व उसकी बहन आयशा मिश्रा को दोषी करार दिया है। विशेष जज आशुतोष कुमार सिंह ने दोनों को 20-20 वर्ष की सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही सोनू मिश्रा पर 69 जबकि आयशा पर 79 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। इस मामले का एक आरोपी विजय कालिया उर्फ विजय अग्रवाल उर्फ गोलू फरार है।

इस मामले की रिपोर्ट चार सितंबर 2014 को पीड़िता के भाई ने थाना हसनगंज में दर्ज कराई थी। सरकारी वकील पंकज श्रीवास्तव, अनुपमा श्रीवास्तव व विनय कुमार के मुताबिक पीड़िता एक दिन पहले ब्यूटीपार्लर का कोर्स सीखने के लिए घर से निकली थी लेकिन वापस नहीं आई। घर वालों ने उसे काफी तलाश किया लेकिन वह नहीं मिली। दूसरे दिन उसने अपने भाई के मोबाइल पर बताया कि उसे आयशा और विजय कालिया जबरदस्ती उठाकर इंडिगो गाड़ी से जानकीपुरम में एक घर पर लाए हैं। तब उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को भी दी। विकासनगर थाने की पुलिस और परिवार वाले जब पहुंचे तो वहां कोई नहीं मिला। इसके बाद पीड़िता के भाई को अपने स्तर से काफी खोजबीन के बाद मालूम हुआ कि अलीगंज के सेक्टर सी स्थित एक मकान में एक महिला एक आदमी के साथ एक लड़की को लेकर आई है। वह तुरंत अपने परिजनों और दोस्तों के साथ वहां पहुंचा। मकान का दरवाजा खुलवाया तो अंदर डरी सहमी पीड़िता मिली। आयशा और विजय कालिया मिला। हालांकि विजय उन लोगों को धक्का देकर भाग गया, घटना में प्रयुक्त इंडिगो गाड़ी भी बाहर खड़ी थी। भाई और उसके साथी पीड़िता के साथ आयशा और गाड़ी को बरामद कर थाने ले गए। विवेचना में मालूम हुआ कि नशीला पदार्थ पिलाकर पीड़िता के साथ गैंगरेप की घटना को अंजाम दिया गया था।

# मकान बेचने का सौदा कर दंपति से ऐंठे 6.18 लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ बैनामे में टालमटोल देख पीड़ित ने की पड़ताल तो खुला फर्जीवाड़ा

▸▸ वजीरगंज कोतवाली में छह लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार:** आलमबाग के गोपालपुरी स्थित मकान बेचने का सौदा कर जालसाज ने दंपति से 6.18 लाख रुपये ऐंठ लिए। साल भर तक बैनामे में टालमटोल देख पीड़ित ने पड़ताल की तो पता चला कि आरोपी ने मकान दूसरे को बेच दिया है। एसीपी कृष्णानगर विकास पांडेय के निर्देश पर वजीरगंज पुलिस ने आरोपी समेत 6 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर वजीरगंज राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

कृष्णानगर के विराटनगर निवासी पीयूष मंडल ने बताया कि वर्ष 2023 में वे एक मकान खरीदने के इच्छुक थे। इसी दौरान उनकी व पत्नी कल्पना की मुलाकात प्रफुल्ल कुमार श्रीवास्तव से हुई। प्रफुल्ल अपना गोपालपुरी स्थित पुराना मकान बेचने चाहते थे। लिहाजा बातचीत में सौदा 9 लाख रुपये में तय हुआ। दंपति ने उन्हें बतौर बयाना 6,17,500 रुपये दिए थे। उपनिबंधक कार्यालय में दिसंबर 2023 में एग्रीमेंट हुआ था।

जिसमें तय हुआ था कि पीड़ित शेष 2,82,500 रुपये एक साल में अदा कर बैनामा करा लेंगे। तय समय के अंदर पीड़ित ने बैनामे की बात की तो आरोपी ने टामलटोल शुरु कर दी। दबाव बनाने पर 25 नवंबर 2024 को उपनिबंधक कार्यालय में आने की बात तय हुई। पीड़ित पीयूष ने बताया कि वे पत्नी संग शाम तक इंतजार करते रहे लेकिन प्रफुल्ल नहीं आया। संपर्क करने पर आरोपी ने एक माह का वक्त मांगा।

उसके बाद आरोपी ने मौका देख बैनामा आकाशदीप वर्मा व शिवम निगम को कर दिया। जिसमें गवाह शुभम राय, अभिषेक कुमार व अधिवक्ता घनश्याम पाठक थे। धोखाधड़ी का पता चलने पर पीड़ित ने अपने 6.18 लाख रुपये वापस मांगने आरोपी के घर गया तो वहां दूसरे का बोर्ड लगा मिला। पीड़ित ने बोर्ड पर लिखे नंबर पर कॉल की तो आकाशदीप व शिवम ने कहा कि उक्त संपत्ति उन लोगों ने खरीद ली है।

धोखाधड़ी का एहसास होने पर पीड़ित ने मामले की शिकायत एसीपी कृष्णानगर से की। शुरुआती जांच में आरोप सही मिलने पर वजीरगंज पुलिस ने प्रफुल्ल श्रीवास्तव निवासी गोपालपुरी कृष्णानगर, आकाशदीप वर्मा निवासी आलमबाग, शिवम निगम निवासी गढ़ी पीर खां ठाकुरगंज, शुभम राय निवासी अमरुपुर गाजीपुर, अभिषेक कुमार निवासी हरदोई, घनश्याम पाठक निवासी वजीरगंज के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# दो बंद मकानों के टूटे ताले, लाखों की चोरी

**अमृत विचार, लखनऊ:** सआदतगंज और गाजीपुर इलाके में चोरों ने दो बंद मकानों का ताला तोड़कर नकदी, जेवर समेत लाखों का माल पार कर दिया। पुलिस घटनास्थल के आसपास के सीसी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है। वहीं, बीकेटी इलाके में चोरों ने एक सरकारी खाद्य गोदाम की दीवार में सेंध लगाने का प्रयास किया। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

हाता नूर बेग सआदतगंज निवासी सना परवीन ने बताया कि 13 जून को छोटी बहन के घर बाजारखाला के बिल्लौचपुरा गई थी। बहन की तबीयत सही न होने के चलते वह वहीं पर रूक गयी थी। 15 जून को सना ने अपनी भाभी शीबा से उनके घर लगे पौधों में पानी डालने के लिए कहा। शीबा जब सना के घर पहुंची तो कुछ गमले और एक खिड़की का शीशा टूटा मिला। जानकारी मिलते ही सना घर पहुंची। छानबीन करने पर पता चला कि चोर उनके घर से लाखों के जेवर, पांच हजार रुपये, मोबाइल, दो किलो ड्राइफ्रूट व एक किलो चॉकलेट उठा ले गए। सआदतगंज पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वहीं, इंदिरानगर सेक्टर-15 निवासी सुधीर कुमार द्विवेदी 7 जून को पैतृक गांव गए थे। 11 जून को जब वह वापस लौटे तो मुख्य द्वार का ताला टूटा मिला। पीड़ित ने बताया कि चोर 95 हजार रुपये नकद व लाखों के जेवर चोरी कर ले गए। गाजीपुर पुलिस ने छानबीन कर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। उधर, बीकेटी के साढामऊ इलाके में सरकारी खाद्य गोदाम है। उसकी केंद्र प्रभारी जूही हैं। उनका कहना है कि चोरों ने गोदाम की दीवार काटकर चोरी का प्रयास किया गया।

# प्रेमी ने दोस्तों संग किया किशोरी से गैंगरेप

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ वीडियो बना दो माह तक किया यौन शोषण



▸▸ मदेयगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज दो गिरफ्तार, दो फरार

**अमृत विचार:** प्रेमी से मिलने उसके दोस्त के घर गयी किशोरी को नशीली कोल्ड ड्रिंक पिलाकर प्रेमी और उसके तीन साथियों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। यही नहीं आरोपियों ने किशोरी की आपत्तिजनक वीडियो भी बनाया। जिसके बाद उसे ब्लैकमेल कर यौन शोषण करते रहे। ब्लैकमेलिंग से आजिज पीड़िता ने आखिरकार बुधवार को चुप्पी तोड़ मां को सारी बात बतायी। जिसके बाद मदेयगंज पुलिस ने मां की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर प्रेमी समेत दो को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस दो आरोपियों की तलाश कर रही है।

इंस्पेक्टर मदेयगंज राजेश सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र में रहने वाली 17 वर्षीय किशोरी को 12 अप्रैल को प्रेमी समर ने मिलने के बहाने से दोस्त लकी के घर बुलाया। किशोरी के वहां पहुंचने पर समर ने उसे कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया। इसके बाद समर, लकी, उसके साथी फरीद व एक अन्य युवक ने किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया था। आरोपियों ने किशोरी का आपत्तिजनक वीडियो भी बना लिया। होश में आने पर पीड़िता ने विरोध करते हुए शिकायत की बात कही तो आरोपियों ने वीडियो वायरल करने की धमकी दी थी।

डर के चलते किशोरी ने किसी को कुछ नहीं बताया। इसके बाद आरोपी वीडियो के बल पर किशोरी का यौन शोषण करने लगे। आरोपियों की हरकत से परेशान होकर किशोरी ने मां को आपबीती बताई। बुधवार को किशोरी की मां ने मदेयगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने दो आरोपियों समर निवासी बड़ी पकरिया मदेयगंज और लकी अली निवासी गांधीनगर चौक को नए पक्के पुल से शाम को गिरफ्तार किया। आरोपी फरीद व एक अज्ञात युवक की तलाश में पुलिस लगी है।

### दो पक्षों में चले कुल्हाड़ी व बांके दो बहनों समेत तीन घायल

**अमृत विचार, लखनऊ:** नगराम के ईश्वरदीनखेड़ा में मंगलवार रात घर में घुसकर पड़ोसियों ने सगी बहनों पर हमला कर दिया। कुल्हाड़ी से किए गए वार में दोनों बहनें घायल हो गयी। घायलों को इलाज के सीएचसी ले जाया गया। वहीं, दूसरे पक्ष ने भी बांके से हमला करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ईश्वरदीनखेड़ा निवासी रानू सिंह ने बताया कि पड़ोस में फूलचंद्र परिवार संग रहता है। मंगलवार को फूलचंद्र ने रानू से गाली-गलौज की। मना करने पर आरोपी ने बेटे अवसान, भांजे टिंकू और रिंकू के साथ मिल कर हमला कर दिया। घर में घुस कर आरोपियों ने कुल्हाड़ी से वार किए। झगड़ा होते देख रानू को बचाने के लिए बड़ी बहन सुषमा दौड़ी। जिस पर भी आरोपियों ने उसपर भी कुल्हाड़ी से हमला किया। हमले में दोनों बहनें घायल हो गयी। वहीं, फूलचंद्र की पत्नी रोशनी ने रानू, उसकी बहन सुषमा व अन्य के खिलाफ घर में घुस कर बांके से हमला करने का आरोप लगाया है।

# आम तुड़वाने गए 11वीं के छात्र पर दंपति ने किया बांके से हमला

संवाददाता, माल

▸▸ घायल सीएचसी में भर्ती, पिता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के बक्खा खेड़ा गांव स्थित मित्र के बाग में आम तुड़वाने गए छात्र पर पड़ोसी दंपति ने डंडे व धारदार हथियार से हमला कर दिया। सिर पर चोट लगने से छात्र बुरी तरह घायल हो गया। पुलिस ने दंपति व बेटे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

मलिहाबाद, ढकवा गांव निवासी फंटू ने बताया कि बेटा अरमान निजी स्कूल में कक्षा-11 का छात्र है। बुधवार सुबह अरमान नबीपनाह के बक्खा खेड़ा गांव स्थित मित्र रोहित चौरसिया के बाग में आम तुड़वाने गया था। बगल के बाग के शिवदयाल, पत्नी गुड़िया व बेटे अमन उर्फ पम्मी के साथ मिलकर आम बीन रहे थे। यह देख अरमान ने विरोध किया तो उक्त लोगों ने अरमान पर लाठी-डंडे, खुरपा व बांके से सिर पर हमला कर दिया। जिससे उसके सिर में चोटें आईं। चीख पुकार सुन कर बाग में मौजूद लोगों ने बीच बचाव कर परिजन को सूचना दी। मौके पर पहुंचे पिता ने कंट्रोल रूम पर सूचना देने के साथ ही बेटे को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर नवाब अहमद ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## एक नजर

### लखनऊ क्रिश्चियन डिग्री कॉलेज में प्रवेश प्रक्रिया आरंभ

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ क्रिश्चियन डिग्री कॉलेज में प्रवेश प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है। यहां पर स्नातक स्तर पर संचालित होने वाले कोर्स बीए, बीएससी, बीकॉम में आवेदन शुरू हो गया है। इसके अलावा छात्र-छात्राएं बीपीएड और एमए अंग्रेजी, एमएससी रसायन विज्ञान में भी दाखिला ले सकते हैं। अकादमिक सत्र 2025-26 में प्रवेश के लिए आवेदन पत्र कॉलेज की वेबसाइट पर उपलब्ध है। इसके अलावा कॉलेज के काउंटर से भी आवेदन फार्म प्राप्त किया जा सकता है। आवेदन की अंतिम तिथि 30 जून निर्धारित की गई है।

### लविवि के सम सेमेस्टर परीक्षाफल घोषित

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय व सहयुक्त महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं के सम सेमेस्टर परीक्षाओं के निम्नलिखित पाठ्यक्रमों के परीक्षाफल घोषित कर दिए गए हैं। परीक्षाफल विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर उपलब्ध हैं। छात्र संबंधित विवरण वेबसाइट पर जाकर देख सकते हैं।

# यूपी टी-20 में पहली बार खेलेंगे रेलवे के खिलाड़ी

## यूपी के खिलाड़ियों पर हुई धनवर्षा, लीग के लिए शहर के एक होटल में हुई नीलामी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** यूपी टी-20 लीग के लिए खिलाड़ियों की नीलामी बुधवार को शहर के होटल में शाम को शुरू हुई जो कि देर रात तक चली। लीग में शामिल पांच लाख के बेस प्राइज वाले खिलाड़ी दस लाख रुपये तक बिके। नीलामी के दौरान उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) के पदाधिकारियों ने लीग 2025 यूपी टी-20 लीग के तीसरे सीजन की तैयारियों के बारे में जानकारी दी।

यूपीटी-20 लीग के चेयरमैन डीएस चौहान ने बताया कि यह पहला मौका है जब लीग में रेलवे के खिलाड़ियों को मौका मिला है। इन खिलाड़ियों को नीलामी में शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि रेलवे के उन्हीं खिलाड़ियों को शामिल किया गया है जो मूल रूप से यूपी के रहने वाले हैं। उनके पास यूपी के किसी शहर का निवास प्रमाण पत्र हो। उन्होंने बताया कि इस बार नीलामी में प्रदेश भर के 200 से अधिक खिलाड़ी शामिल हुए।



लीग की जानकारी देते यूपीसीए के पदाधिकारी। अमृत विचार

**नीलामी के दौरान यूपीसीए के पदाधिकारियों ने जारी किया यूपी क्रिकेट का रिपोर्ट कार्ड**

नीलामी के दौरान यूपीसीए के पदाधिकारियों ने यूपी क्रिकेट का रिपोर्ट कार्ड भी जारी किया। साथ ही यूपी खिलाड़ियों के प्रदर्शन की जमकर सराहना की। वहीं महिला-पुरुष सीनियर और जूनियर टीम के प्रदर्शन की जानकारी दी गई। यूपी क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अरंविद श्रीवास्तव से यूपी रणजी टीम के प्रदर्शन के बाबत पूछे गये सवाल के जवाब में उन्होने कहा कि इस मौके पर केवल यूपी टी-20 लीग से जुड़े सवाल ही पूछे जाने की बात कह यूपीसीए का बचाव किया। वहीं यूपी रणजी टीम के प्रदर्शन पर यूपीसीए के पदाधिकारी मौन ही साधे रहे। यूपी टी-20 लीग के दूसरे सत्र में सबसे अधिक विकेट लेने वाले लखनऊ के गेंदबाज जीशान अंसारी को रणजी टीम में शामिल न किये जाने के जवाब में उन्होंने कहा कि उनका सलेक्शन कोच और सेलेक्टर्स की जिम्मेदारी होती है। वह अपने अनुसार ऐसी टीम का चयन करते हैं जो टीम को जीत सुनिश्चित कर सके।

उन्होंने बताया कि प्रत्येक फ्रेंचाइजी टीम को टैलेंट हंट के माध्यम ये सात खिलाड़ियों का चयनित करने होते हैं। इन खिलाड़ियों को दी जाने वाले धनराशि भी बढ़ा कर दो लाख रुपये कर दी गई है। पहले यह धनराशि डेढ़ लाख रुपये थी।

उन्होंने बताया कि इस बार लीग 20या 22 अगस्त से लखनऊ और कानपुर में खेली जानी है जबकि फाइनल मुकाबला 13 सितंबर को कानपुर में होना है। लेकिन इकाना में इंडिया ए और आस्ट्रेलिया ए के चार दिवसीय दो मुकाबले खेले जाने है। ऐसे में अभी लीग के तारीखें फाइनल नहीं हुई है। जल्द ही बीसीसीआई को तारीखे भेज कर उस पर अंतिम निर्णय लिया जायेगा।

इस बार रोमांच और भी बढ़ेगा। पिछले दो वर्षों से हुए सफल आयोजन के चलते देश के साथ तमाम विदेशी खिलाड़ियों की निगाहें भी इस लीग पर लगी हैं। यहां खेलने वाले खिलाड़ियों के लिए आईपीएल के दरवाजे खुल सकते हैं।

–निधि पति सिंहानिया, अध्यक्ष, यूपीसीए

### अगले वर्ष शामिल होंगी आठ टीमें

डीएस चौहान ने बताया कि एक कंपनी से सर्वे के बाद इस बार भी यूपी टी-20 लीग में छह टीमों को ही रखा गया है। हमारा प्रयास होगा कि अगले साल होने वाले लीग में आठ टीमों को जगह मिल सके। इसके साथ ही उन्होंने यह साफ तौर पर कहा कि सभी फ्रेंचाइजी ने अपने खिलाड़ियों को धनराशि का भुगतान कर दिया है। किसी तरह को ड्यूज न होने पर ही उन्हें दोबारा इस बार लीग में जगह दी गई है।

# पीयूष के शानदार खेल से आरकेबी क्लब को मिला फाइनल का टिकट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः मैन ऑफ द मैच रहे पीयूष यादव के शानदार प्रदर्शन के चलते आरकेबी क्रिकेट क्लब ने डॉ. अंशुल आलोक मेमोरियल अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में एसएमआर क्रिकेट क्लब को पांच विकेट से हरा कर फाइनल में जगह पक्की की। सार वन मैदान पर बुधवार को खेले गए मैच में पहले बल्लेबाजी करने उतरी एसएमआर क्लब ने 29.3 ओवर में सभी विकेट गंवा 143 रन का लक्ष्य विरोधी टीम के सामने रखा। लक्ष्य का पीछा करने उतरी आरकेबी क्लब ने 30 ओवर में ही लक्ष्य पांच विकेट खोकर 144 रन बना जीत अपने नाम करते हुए फाइनल का टिकट पक्का किया।

वहीं दूसरे सेमीफाइनल में इंटरनेशनल स्पोर्ट्स क्लब रेड ने मेगा ट्रेंड्स स्पोर्ट्स रेड को 231 रनों के बड़े अंतर से हराकर फाइनल में जगह बनाई। सलामी बल्लेबाज प्रबल मौर्य के विस्फोटक शतक (107 रन, 12 चौके, दो छक्के) के चलते इंटरनेशनल स्पोर्ट्स ने 40 ओवर में पांच विकेट पर 271 रनों का विशाल स्कोर बनाया। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी मेगा ट्रेड्स की पूरी टीम 14.4 ओवर में 40 रनों पर ढ़ेर हो गई। इंटरनेशनल की ओर से अद्विक पांच और प्रियांशु कुमार ने तीन विकेट चटकाये।

### ईशान व माइकल के खेल से कॉल्विन फाइनल में

**अमृत विचार, लखनऊ :** मैन ऑफ द मैच बने ईशान श्रीवास्तव की घातक गेंदबाजी कर पांच विकेट और माइकल खान की नाबाद 51 रन की शानदार पारी के चलते कॉल्विन अकादमी ने एलसीए गदीर अंडर-16 ट्रॉफी के फाइनल में जगह बनाने मे कामयाब रहा। एलसीए न्यू सेंटर ग्राउंड पर खेले गए सेमीफाइनल मैच में कॉल्विन ने पैंथर्स अकादमी को सात विकेट से हराकर फाइनल में जगह सुनिश्चित की। पैंथर्स अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 15.3 ओवर में 73 रन का लक्ष्य रखा। अनमोल सिंह ने 11 और आशुतोष गिरि ने 10 रन बना सके। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी कॉल्विन अकादमी ने 10.5 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर 77 रन बना सात विकेट से जीत दर्ज की।

# बीबीएयू में 30 नए कोर्स के साथ टेस्टिंग और कंसल्टेंसी सेवा शुरू

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में एकेडमिक काउंसिल की बैठक का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में आंतरिक सदस्यों के साथ-साथ बाहरी सदस्यों ने भी भाग लिया। चार नामित बाहरी सदस्यों में से तीन की उपस्थिति रही। बैठक के दौरान डिपार्टमेंट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के साइंटिस्ट डॉ. अखिलेश मिश्रा उपस्थित रहे। साथ ही दो सदस्यों ने वर्चुअल माध्यम से सहभागिता की। ऑनलाइन उपस्थित सदस्यों में डिपार्टमेंट ऑफ बायोटेक्नोलॉजी डॉ. संजय कुमार मिश्रा और आईसीएआर के डिप्टी डायरेक्टर जनरल प्रो. एसएन सिंह शामिल रहे।



**बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय की अकादमिक काउंसिल ने दी नए पाठ्यक्रमों को मंजूरी**

कुलसचिव डॉ. अश्विनी कुमार सिंह ने बताया कि बैठक में कुल 30 नये पाठ्यक्रमों की शुरुआत करने का निर्णय लिया गया है। इनमें से 26 पाठ्यक्रम शैक्षणिक सत्र 2025–26 से ही आरंभ किये जायेंगे, जबकि शेष 4 पाठ्यक्रमों को अगले सत्र से लागू किया जायेगा। ये पाठ्यक्रम डिप्लोमा, सर्टिफिकेट, स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर होंगे और मुख्य परिसर के साथ बीबीएयू के अमेठी केंद्र में संचालित किये जायेंगे। कुलसचिव ने यह भी बताया कि अमेठी केंद्र को विशेष रूप से कौशल विकास एवं रोजगारोन्मुखी शिक्षा का केंद्र बनाया जायेगा। छात्रों को इंडस्ट्री के अनुरूप तैयार करने के लिए व्यावसायिक और नवाचार आधारित पाठ्यक्रम चलाए जायेंगे। बैठक में विश्वविद्यालय के विभिन्न शिक्षण कार्यक्रमों के संचालन हेतु अकेडमिक ऑर्डिनेंस को भी स्वीकृति दी गई। इसमें स्नातक, स्नातकोत्तर, डॉक्टर ऑफ साइंस और डॉक्टर ऑफ लिटरेचर के प्रवेश प्रक्रिया एवं कोर्स संचालन से संबंधित नियमों को मंजूरी दी गई।

# बीबीएयू ने बढ़ाई पीजी पाठ्यक्रमों में आवेदन की अंतिम तिथि

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- विलंब शुल्क के साथ 30 जून तक मौका
- पंजीकरण शुल्क श्रेणी के अनुसार निर्धारित किया गया

**अमृत विचारः** बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय (बीबीएयू) ने पीजी कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। विश्वविद्यालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार अब अभ्यर्थी बिना विलंब शुल्क के 25 जून तक पंजीकरण कर सकते हैं। इसके बाद 26 जून से 30 जून तक विलंब शुल्क के साथ पंजीकरण की सुविधा उपलब्ध होगी। पंजीकरण शुल्क श्रेणी के अनुसार निर्धारित किया गया है।

सामान्य, ओबीसी और ईडब्ल्यूएस वर्ग के अभ्यर्थियों लिए शुल्क 500 रुपए जबकि एससी, एसटी और दिव्यांग श्रेणी के अभ्यर्थियों लिए 300 रुपए निर्धारित किया गया है। विलंब शुल्क सभी श्रेणियों के लिए 1000 रुपए रहेगा, जो नियत तिथि के बाद पंजीकरण करने पर देना होगा। एडमिशन कमेटी सेल के चेयरपर्सन प्रो. अमित कुमार सिंह ने बताया कि आवेदन प्रक्रिया के दौरान बड़ी संख्या में अभ्यर्थी आवश्यक दस्तावेजों की अपूर्णता के कारण पंजीकरण नहीं कर सके। विद्यार्थियों की ओर से लगातार तिथि बढ़ाने की मांग की जा रही थी। छात्रों की इस मांग और उनकी सुविधा को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन ने पंजीकरण की अंतिम तिथि को बढ़ाने का निर्णय लिया है।



# आईआईएम सैन्य अधिकारियों को दे रहा प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** भारतीय प्रबंधन संस्थान लखनऊ (आईआईएम) भारतीय सेना के अधिकारियों को प्रबंधन के गुर सीखा रहा है। सैन्य अधिकारियों को बेहतर कामकाज और प्रबंधन का मार्गदर्शन आईआईएम कर रहा है। अधिकारियों को सैन्य साजो समान के रखरखाव से लेकर सामान्य से आपात स्थिति तक परिस्थिति से निपटने के गुर सिखाए जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि आईआईएम सिविल सेवा में चयनित प्रशिक्षुओं को भी प्रबंधन विद्या में दक्ष बनाता रहा है। लेकिन अब संस्थान ने भारतीय सैन्य अधिकारियों को प्रशिक्षण देना आरंभ किया है।

संभावना बताई जा रही है कि इंडियन मिलिट्री अकादमी और राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के प्रशिक्षुओं को भी प्रबंधन की शिक्षा के लिए आईआईएम भेजा जाएगा। जिससे वह सेवाकाल के दौरान बेहतर समय प्रबंधन के साथ कामकाज को प्रोफेशनल तरीके से पूरा कर सके। इसके अलावा सैन्य अधिकारी सिविल क्षेत्र से लेकर सैन्य क्षेत्र तक अपनी सेवाएं देते समय तनावमुक्त और बेहतर प्रदर्शन कर सके। पिछले दिनों संस्थान को शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने पर केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने प्रशंसा किया था।



आईआईएम में सैन्य अधिकारी को सम्मानित करते हुए। अमृत विचार

**250 से अधिक स्टार्टअप**

आईआईएम लखनऊ के एंटरप्राइज इनक्यूबेशन सेंटर (ईआईसी) ने अब तक 250 से अधिक छात्रों के स्टार्टअप्स को मजबूती दिया है। इन स्टार्टअप की कुल पूंजीगत मूल्यांकन 2500 करोड़ रुपया है। इतना ही नहीं, इन स्टार्टअप्स से 1,200 से अधिक युवाओं को सम्माजनक सैलरी वाली नौकरियां भी प्राप्त हुई हैं। आईआईएम के ईआईसी ने छात्रों के स्टार्टअप को अबतक 107 करोड़ रुपए का आर्थिक योगदान दिया है। इससे देश में नवाचार और स्टार्टअप संस्कृति को बढ़ावा दिया जा रहा है।

# 65 अभ्यर्थियों में 15 को मिला रोजगार

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अलीगंज में रोजगार मेला का आयोजन किया गया। जिसमें अद्विक एनर्जी सॉल्यूशन प्रा. लि. द्वारा एक कैम्पस ड्राइव का आयोजन किया गया। संस्थान के प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि कंपनी के प्रतिनिधियों से अधिक से अधिक प्रशिक्षार्थियों को चयनित करने का अनुरोध किया गया। ट्रेनिंग, काउंसिलिंग एवं प्लेसमेंट ऑफिसर एमए खान ने बताया कि रोजगार मेले में 40 पदों के लिए कुल 65 अभ्यर्थी उपस्थित हुए, जिनमें से 27 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया। साक्षात्कार की प्रक्रिया के उपरांत 15 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। जो अभ्यर्थी इस अवसर से वंचित रह गए हैं, वे आगामी 21 जून 2025 को आईटीआई अलीगंज में आयोजित होने वाले अगले कैम्पस ड्राइव में प्रतिभाग कर सकते हैं।

# डॉ. राजश्री पूर्वांचल गौरव सम्मान से अलंकृत



डॉ. राजश्री को सम्मानित करते हुए। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय के सूचना प्रौद्योगिकी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. राजश्री को पूर्वांचल जनशक्ति फाउंडेशन ट्रस्ट की ओर से पूर्वांचल गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया है। उनको ये सम्मान पूर्वांचल जनशक्ति फाउंडेशन ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष वेद प्रकाश राय और विशिष्ट अतिथि सहजनवा विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रदीप शुक्ला के कर कमलों से शिक्षा, सामाजिक एवं भोजपुरी लोकगायन के क्षेत्र में किए गए अनुकरणीय कार्यों के सम्मानस्वरूप दिया गया है।

इस अवसर पर दीनदयाल गोरखपुर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो पूनम टंडन, विशिष्ट अतिथि बाबा राघवदास मेडिकल कॉलेज के प्रो. रामकुमार और अखिल भारतीय भोजपुरी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रभुनाथ राय भी सम्मिलित रहे। डॉ. राजश्री द्वारा किये गए सामाजिक कार्यों में महिला सशक्तिकरण और सुरक्षा, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, स्वच्छ भारत अभियान, उन्नत भारत अभियान, एक पेड़ माँ के नाम, साइबर सुरक्षा अभियान, भोजपुरी व अवधी लोक गायन का विस्तार आदि प्रमुख हैं। इससे पहले भी डॉ राजश्री, सामाजिक कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए एनसीसी के तृतीय सर्वोच्च सम्मान ''महानिदेशक प्रशंसा पत्र'' और अखिल भारतीय भोजपुरी समाज द्वारा ''भोजपुरी रत्न'' प्राप्त कर चुकी हैं।

# आयु धोखाधड़ी रोकने को यूपी बोर्ड सख्त

**अमृत विचार,लखनऊः** माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) हाईस्कूल की परीक्षा फार्म में की जाने वाली आयु धोखाधड़ी रोकने के लिए गंभीर हो गया है। इसके लिए यूपी बोर्ड तकनीकी प्रणाली को और सुदृढ़ करेगा।यूपी बोर्ड को एथलीट की आयु में गड़बड़ी करने की शिकायत अधिकतर मिलती है। वहीं नौकरी पाने के लिए फिर से आयु कम कर परीक्षा देने वालों की भी कम शिकायते नहीं आतीं।अधिक आयु के हो चुके एथलीट कम आयु की प्रतिस्पर्धा में भाग लेने के लिए फर्जी दस्तावेजों के आधार पर हाईस्कूल की परीक्षा में शामिल हो जाते हैं। फिर हाईस्कूल के अंकपत्र पर प्रतिस्पर्धा में भाग लेकर दूसरों का हक मार लेते हैं। चूंकि यूपी बोर्ड देश का सबसे बड़ा बोर्ड है इसलिए इस तरह की धोखाधड़ी के प्रयास भी सबसे अधिक यहीं होते हैं। बोर्ड के सचिव भगवती सिंह इसको लेकर सख्त हो गए हैं। उन्होंने बताया कि आधार और अपार आईडी को लिंक करके इस धोखाधड़ी को और कम किया जा सकता है। इसी सत्र से इस पर विचार करेंगे।

# जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय में बढ़ रही छात्रों की संख्या

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 2025-26 में शुरू हो रहे 9 नए सर्वोदय विद्यालय, 62 जिलों में अब संचालित होंगे 109 विद्यालय, 2000 नए बच्चों को मिलेगा लाभ

**अमृत विचारः** जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय में लगातार छात्रों की संख्या बढ़ रही है। गरीब, वंचित और ग्रामीण परिवेश के मेधावी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण, रोजगारोन्मुख और पूरी तरह निःशुल्क आवासीय शिक्षा देने वाली इस योजना के तहत लाभान्वित बच्चों की संख्या में वर्ष दर वर्ष वृद्धि हुई है। वर्ष 2018-19 में जहां मात्र 32,429 बच्चे इस योजना के तहत पढ़ाई कर रहे थे, वहीं वर्ष 2025-26 में यह संख्या बढ़कर करीब 37,000 तक पहुंच गई है। बीते सात वर्षों में करीब 4,571 छात्रों की संख्या बढ़ी है।

समाज कल्याण विभाग के निदेशक कुमार प्रशांत ने बाताया कि जहां वर्ष 2018-19 तक प्रदेश के 58 जिलों में 100 सर्वोदय विद्यालय संचालित थे, वहीं वर्ष 2025 तक यह संख्या बढ़कर 109 विद्यालयों तक पहुंच गई है, जो अब 62 जिलों में कार्यरत हैं। इस वर्ष मथुरा, बलिया, पीलीभीत, गोंडा, कानपुर देहात, अमरोहा, महाराजगंज, अंबेडकरनगर और मैनपुरी जिलों में 9 नए सर्वोदय विद्यालय खोले गए हैं, जिससे लगभग 2000 नए छात्रों को निःशुल्क शिक्षा और आवासीय सुविधा का लाभ मिलेगा।




**आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित हैं विद्यालय**

इन विद्यालयों में स्मार्ट क्लास, कंप्यूटर लैब, पुस्तकालय, विज्ञान प्रयोगशालाएं, टैबलेट, एयरोमॉडलिंग,एआई कार्यशालाएं, सीसीटीवी निगरानी और अन्य नवीनतम तकनीकी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। भोजन, यूनिफॉर्म, पाठ्य सामग्री से लेकर प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क कोचिंग तक की संपूर्ण व्यवस्था छात्रों को आत्मनिर्भर और प्रतिस्पर्धी बनाने में सहायक है।

कुमार प्रशांत ने बताया कि इन विद्यालयों में प्रवेश की प्रक्रिया भी सामाजिक संतुलन को ध्यान में रखकर बनाई गई है। 60% सीटें अनुसूचित जाति/जनजाति, 25% पिछड़े वर्ग और 15% सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों के लिए आरक्षित हैं, जिससे हर तबके को समान अवसर मिल सके। साथ ही, 85% छात्र ग्रामीण क्षेत्रों से चयनित किए जाते हैं, जिससे गांवों के होनहारों को भी आगे बढ़ने का मंच मिलता है।

# तबादले की खामियां दूर न होने पर शिक्षकों का धरना 23 को

**अमृत विचार, लखनऊः** ऑफलाइन और ऑनलाइन तबादले की विभिन्न विसंगतियां जल्द दूर नहीं हुई तो माध्यमिक स्कूलों के शिक्षक 23 जून को निदेशालय का घेराव कर धरना देंगे।

उप्र. माध्यमिक शिक्षक संघ (एकजुट) के प्रदेश अध्यक्ष सोहनलाल वर्मा ने बुधवार को संगठन की बैठक में इसका ऐलान किया। सोहनलाल वर्मा का कहना है कि 4500 में सिर्फ 3500 स्कूलों ने ऑनलाइन तबादले का डाटा फीड किया है। पोर्टल पर 20 हजार से अधिक शिक्षकों का डाटा गलत है। संगठन के प्रदेश प्रवक्ता श्रवण कुमार कुशवाहा का कहना है कि तबादले के लिये खोले गए 5600 पदों के सापेक्ष आखिरी तारीख 14 जून तक सिर्फ 1762 शिक्षक आवेदन कर पाए हैं। आवेदन प्रक्रिया में तकनीकी खामियों के चलते भारी संख्या में शिक्षक आवेदन नहीं कर पाए हैं। आवेदन के लिये तीन दिन का मौका दिया जाए। आनलाइन स्थानांतरण में एनओएसी मुक्त किया जाए। डीआईओएस और जेडी कार्यालयों में फंसी फाइलों को तबादले प्रक्रिया में शामिल किया जाए।

# महिला समेत चार के खातों से उड़ाए 5.06 लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- रिफंड, मोबाइल हैंग और क्लोन बनाकर की ठगी
- आशियाना, वजीरगंज, पारा और गोमतीनगर में रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचारः** साइबर जालसाज ने महिला समेत चार के खातों से 5.06 लाख रुपये उड़ा लिए। कहीं जालसाज ने रिफंड का झांसा दिया तो कहीं मोबाइल हैंग और क्लोन बनाकर ठगा। साइबर ठगी के यह मामले आशियाना, वजीरगंज, पारा और गोमतीनगर के हैं। पुलिस चारों मामलों को दर्ज कर साइबर क्राइम सेल की मदद से जांच कर रही है।

बंगला बाजार स्थित त्यागी विहार निवासी गोविंद प्रताप सिंह ने बताया कि 17 जून को मां इंदु सिंह ने ऑनलाइन शॉपिंग कंपनी से कुछ सामान बुक किया था। सामान समझ में नहीं आने पर रिफंड के लिए गूगल से कस्टमर केयर का नंबर हासिल कर कॉल की। फोनकर्ता ने बातों में फंसाकर जानकारी ली और फिर उनके आईसीआईसीआई बैंक खाते से 1.06 लाख रुपये निकाल लिए। बैंक और साइबर सेल में शिकायत करने के बाद पीड़ित ने आशियाना थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

वहीं, वजीरगंज स्थित रिवर बैंक कॉलोनी निवासी रीता सक्सेना का खाता दो बैंकों में है। 5 जून को साइबर जालसाज ने उनके दोनों खातों से 98,999 रुपये पार कर दिए। उधर, पारा के शिवपुरम निवासी दिग्विजय सिंह का खाता एसबीआई में है। साइबर जालसाज ने उनके खाते से 1 लाख रुपये गायब कर दिए। पीड़ित ने बताया कि न उन्होंने किसी को कार्ड दिया और न ही जानकारी शेयर की। फिर भी रुपये निकल गए पीड़ित ने पारा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।



इसके अलावा विशाल खंड -1 निवासी वीर प्रताप का खाता एक्सिस बैंक और पत्नी शांति का एसबीआई में खाता है। उन्होंने बताया कि 8 जून को मोबाइल पर सम्मान निधि का लिंक आया था। इसके बाद मोबाइल पर कई ओटीपी आए, फिर मोबाइल हैंग हो गया। पीड़ित टेलीकॉम कंपनी के ऑफिस गया, जहां बताया गया कि उनका आधार लॉक हो गया है। पीड़ित ने बताया कि 15 जून को वे एटीएम बूथ पर रुपये निकालने गए। जहां उन्हें पता चला कि खाते से 25 हजार और पत्नी के खाते से 1,76,296 रुपये निकले हैं। पीड़ित ने गोमतीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# बीटेक, बीबीए और एमबीए पाठ्यक्रमों में छात्राओं का प्रवेश शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय से संबद्ध इसाबेला थोबर्न कॉलेज (प्रोफेशनल स्टडीज) में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए छात्राओं के लिए मैनेजमेंट पाठ्यक्रमों में प्रवेश आरंभ कर दिया है। कॉलेज छात्राओं के लिए इंजीनियरिंग एवं मैनेजमेंट के क्षेत्र में अत्यधिक मांग वाले पाठ्यक्रम शुरू कर रहा है। गणित और जीवविज्ञान पृष्ठभूमि की छात्राओं के लिए बीटेक में कंप्यूटर साइंस, कंप्यूटर साइंस इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस डेटा साइंसेज़ तथा बायो-इन्फॉर्मेटिक्स में अंडरग्रेजुएट डिग्री पाठ्यक्रम भी है। इसके अलावा मैनेजमेंट में अंडरग्रेजुएट बीबीए और पोस्टग्रेजुएट एमबीए पाठ्यक्रम भी उपलब्ध हैं। प्रवेश डायरेक्ट मोड और उत्तर प्रदेश तकनीकी प्रवेश परामर्श 2025 काउंसलिंग के माध्यम से भी किया जा रहा है। जेईई मेन्स, सीयूईटी यूजी या सीयूईटी पीजी जैसी परीक्षाएं देने वाली छात्राएं काउंसलिंग के लिए पंजीकरण कर सकती हैं। इस वर्ष वे छात्राएं जिन्होंने 12 उत्तीर्ण किया है वे भी काउंसलिंग के माध्यम से आवेदन कर सकती हैं और सरकारी छात्रवृत्ति का लाभ ले सकती हैं।

# 48 करोड़ की छात्रवृत्ति गबन मामले में कथित डॉयरेक्टर गिरफ्तार

## आरोपी पर घोषित था 5 हजार का इनाम, वजीरगंज कोतवाली में डीएचपी के संयुक्त सचिव ने दर्ज कराई थी रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** डिप्लोमा इन होम्योपैथिक फार्मेसी (डीएचपी) के छात्रों की छात्रवृत्ति व शुल्क प्रतिपूर्ति के करीब 47.64 करोड़ रुपये के गबन मामले में वजीरगंज पुलिस और ईओडब्ल्यू की संयुक्त टीम ने आरोपी को दिनेश सिंह यादव को प्लासियो माल के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने कागजों में खुद को गाजीपुर स्थित सनशाइन ग्रुप कॉलेज का डायरेक्टर बनकर 44 लाख रुपये की छात्रवृत्ति हड़पी थी। करीब चार साल से फरार आरोपी पर 5 हजार रुपये का इनाम घोषित था। डीसीपी क्राइम कमलेश कुमार दीक्षित ने बताया कि आरोपी दिनेश गाजीपुर जनपद के भुडकुड़ा थानाक्षेत्र के कुड़िला का रहने वाला है। 30 जुलाई 2022 को उत्तर प्रदेश होम्योपैथिक मेडिकल फार्मेसी के मेडिसिन बोर्ड के कार्यवाहक रजिस्ट्रार/संयुक्त सचिव शैलेंद्र कुमार ने तीन संविदा कर्मियों दिनेश चंद्र दुबे, सुषमा, सुनीता मलिक और 38 संस्थाओं के संचालकों व प्रबंधक के खिलाफ जाली दस्तावेज के आधार पर धोखाधड़ी, आपराधिक साजिश और गबन कि रिपोर्ट दर्ज कराई थी।


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी दिनेश सिंह। अमृत विचार

बताया गया था कि वर्ष 2019-20, 2021 और 2022 में निजी शिक्षण संस्थाओं में डिप्लोमा इन होम्योपैथिक फार्मेसी के छात्रों की छात्रवृत्ति और शुल्क प्रतिपूर्ति में काफी अनियमितता मिलने पर समाज कल्याण विभाग से के निदेशक ने इसकी जानकारी मांगी गई। निदेशक ने रिपोर्ट सौंपी थी। रिपोर्ट में तीन सालों में निजी शिक्षण संस्थाओं द्वारा संचालित पाठ्यक्रमों के छात्रों की छात्रवृत्ति व शुल्क प्रतिपूर्ति की थी। पूरे प्रकरण की जांच हुई। जांच में होम्योपैथिक मेडिसिन बोर्ड लखनऊ के तत्कालीन कर्मियों की निजी शिक्षण संस्थाओं से सांठगांठ की पुष्टि हुई थी।

जांच में सामने आया था कि आयुष विभाग ने नियमों को दरकिनार कर छात्रवृत्ति व शुल्क प्रतिपूर्ति के जाली दस्तावेज और फर्जी डीएससी बनवाकर आनलाइन डिजिटल हस्ताक्षर कर 47,63,98,358 रुपये का गबन किया गया। जालसाजी में बोर्ड के संविदा लिपिक दिनेश चंद्र दुबे और सुषमा मिश्रा की भूमिका पाई गई थी। वहीं, समाज कल्याण विभाग की जांच में 38 फर्जी संस्थाओं के संचालक और प्रबंधक दोषी मिले। मामले की जांच ईओडब्ल्यू द्वारा की जा रही थी।

ईओडब्ल्यू के जांच अधिकारी निरीक्षक जैनुद्दीन अंसारी ने बताया कि मामले में तत्कालीन कार्यवाहक रजिस्ट्रार विनोद यादव और दो कॉलेज के प्रबंधकों अंगद सिंह और अमर बहादुर को गिरफ्तार किया गया था। मेडिसिन विभाग के नामजद बाबू दिनेश चंद्र दुबे, सुषमा मिश्रा और एक अन्य ने कोर्ट से स्टे ले लिया था। जांच में सुषमा मिश्रा की भूमिका नहीं पाई गई थी। वह मेडिसिन विभाग में नहीं तैनात थी। इसलिए विवेचना में उन्हें क्लीन चिट दे दी गई थी।

## दो थाना प्रभारी समेत 340 दरोगा का गैर जनपद ट्रांसफर

**अमृत विचार, लखनऊ:** लखनऊ कमिश्नरेट में तैनाती का कार्यकाल पूरा कर चुके दो थाना प्रभारियों समेत 340 उपनिरीक्षकों के गैर जनपद स्थानांतरण का आदेश जारी कर दिया गया। यह आदेश अपर पुलिस अधीक्षक स्थापना कार्यालय उत्तर प्रदेश से जारी किया गया। स्थानांतरण की कार्रवाई के तहत एसओ कैंट गुरुप्रीत कौर को आगरा और मानकनगर एसओ अजीत कुमार सिंह को प्रयागराज भेजा गया है। वहीं, पूर्व थाना प्रभारी चिनहट भरत पाठक को कानपुर भेजा गया है। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि कर्मियों को निर्गत आदेश की तिथि 15 जून से 10 दिवस के अंदर संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा कार्यमुक्त किया जाए।

## एक नजर

### कोरोना के 5 नए मरीज मिले

**अमृत विचार लखनऊ:** राजधानी में बुधवार को एक महिला समेत कोरोना के पांच नए मरीज मिले हैं। लक्षण दिखने पर जांच कराई गई थी। रिपोर्ट पॉजिटिव आने पर सभी को होम आइसोलेशन में रखा गया है। चिकित्सकों की निगरानी में इलाज किया जा रहा है। सीएमओ प्रवक्ता योगेश रघुवंशी ने बताया कृष्ण नगर निवासी 54 वर्षीय महिला, दिलकुशा निवासी पुरुष (81), राणा प्रताप मार्ग निवासी पुरुष (75), 55 वर्षीय पुरुष निवासी न्यू हैदराबाद यूनिवर्सिटी रोड एवं 27 वर्ष के पुरुष निवासी हजरतगंज पॉजिटिव आए हैं। जनपद में अब तक कुल 43 कोविड धनात्मक रोगी पाए गए हैं जिसमें एक्टिव केसों की संख्या 20 है।

### पांच अनाधिकृत वेंडर पकड़े

**अमृत विचार, लखनऊ:** चारबाग स्टेशन पर पांच अनाधिकृत वेंडरों को पकड़ा गया गया है। उत्तर रेलवे के सीनियर डीसीएम कुलदीप तिवारी ने बताया कि बुधवार को चारबाग स्टेशन पर मंडल के वाणिज्य विभाग की कैटरिंग टीम ने आरपीएफ के साथ विशेष जांच अभियान चलाया। इस दौरान प्लेटफार्म संख्या 06/07 एवं न्यूजलपाईगुढ़ी नई दिल्ली एक्सप्रेस गाड़ी संख्या 12523 से कुल पांच अनाधिकृत वेंडरों को पकड़ा गया, जो बिना किसी प्राधिकार पत्र के खाद्य एवं पेय सामग्री की बिक्री कर रहे थे। पूछताछ के दौरान ये वेंडर किसी प्रकार का वैध प्राधिकार पत्र प्रस्तुत नहीं कर सके।

### युवक से लूट, रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, मोहनलालगंज:** थाना क्षेत्र में दवा लेकर घर रहे युवक के साथ हुई लूट के मामले में मोहनलालगंज पुलिस ने एक सप्ताह बाद रिपोर्ट दर्ज कर ली है। महेशखेड़ा विमलेश कुमार ने पुलिस से लिखित शिकायत करते हुए बताया कि 9 जून की रात करीब आठ बजे सरोजनीनगर के हाइडिल से दवायी लेकर बाइक से घर आ रहा था। रास्ते में भौदरी गांव के पास दो बदमाशों ने मोबाइल फोन व 1100 रुपये लूट लिए थे। इंस्पेक्टर दिलेश कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### फरार वारंटी गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ:** हजरतगंज पुलिस ने 12 साल से फरार चल रहे वारंटी को गिरफ्तार किया है। आरोपी सचिन लापलास स्थित शिवनगर कॉलोनी का रहने वाला है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए एसीजेएम चतुर्थ ने वारंट जारी किया था।

### टिकट मशीन बरामद की

**अमृत विचार, लखनऊ:** आलमबाग बस अड्डे के बाहर संविदा परिचालक से लूट के आरोपी शुभम गुप्ता उर्फ शिवम को पुलिस ने कस्टडी रिमांड पर लिया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर हुसैनगंज ओवरब्रिज के नीचे नाले के पास से लूटी गई टिकट मशीन बरामद की। इसके साथ ही लूट में बचे 700 रुपये बड़े पापा के ठेले के नीचे से बरामद किया। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है।

# अवस्थापना निधि से दो कम्युनिटी सेंटर बनेंगे

**अमृत विचार, लखनऊ:** मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब की अध्यक्षता में बुधवार को उप्र आवास एवं विकास परिषद की अवस्थापना समिति की बैठक हुई। इसमें वित्तीय वर्ष 2025-26 में अवस्थापना निधि से होने वाले निर्माण एवं विकास कार्यों पर चर्चा की गई। 8796.30 लाख रुपये के अनुमोदित कार्यों को स्वीकृति दी गई। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में दो नए कम्युनिटी सेंटर और दो पार्क बनाए जाएंगे। इसके अलावा एक चौराहे का सौंदर्यीकरण कराया जाएगा। अयोध्या मार्ग पर बाबू बनारसी दास के पास पैदल उपरिगामी पथ के निर्माण के साथ गोमती नगर स्थित रिवर फ्रंट के औद्यानिक और सौंदर्यीकरण कार्य कराए जाएंगे। शहर की 25 सड़कों को भी सुदृढ़ कराया जाएगा। इन कार्यों से जनता को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। समिति के सदस्य आवास आयुक्त के प्रतिनिधि अधीक्षण अभियन्ता, वृन्दावन वृत्त, अधिशासी अभियन्ता (नगरीय) जल निगम, अपर नगर आयुक्त, अपर जिलाधिकारी तथा उपाध्यक्ष लखनऊ विकास प्राधिकरण ने प्रतिभाग किया।

# गोकुलधाम बिल्डकॉन के अवैध निर्माण सील करने पर हंगामा

## होटल फोर सीजन को दोबारा किया गया सील, ले-आउट स्वीकृत कराए बिना की जा रही पांच प्लाटिंग ध्वस्त

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** लखनऊ विकास प्राधिकरण की प्रवर्तन टीम ने बुधवार को गुड़म्बा, पीजीआई व काकोरी में पांच अवैध प्लाटिंग ध्वस्त कर दी। चिनहट में अयोध्या रोड पर अवैध रूप से बने होटल फोर सीजन, गोकुलधाम बिल्डकॉन कंपनी के निर्माण व बीकेटी में रो-हाउस सील कर दिए।

गोकुलधाम बिल्डकॉन कंपनी का निर्माण सील करने पर हंगामा कर टीम को धमकाया। प्रवर्तन जोन-1 के अंतर्गत चिनहट के सेमरा में अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर लगभग 500 वर्गमीटर में अवैध रूप से निर्मित होटल फोर सीजन को प्राधिकरण द्वारा पूर्व में सील किया गया था। फिर से संचालित करने टीम ने पुनः सील कर दिया।

इसके अलावा रईस हैदर, मोहम्मद इरफान, गोकुलधाम बिल्डकॉन प्रालि व अन्य द्वारा चिनहट के लौलाई में किसान पथ के पास लगभग 25 हजार वर्ग मीटर में अनाधिकृत रूप से प्लाटिंग करते हुए हंगामे और विरोध के बीच अवैध रो-हाउस भवन निर्माण करने पर सील कर दिए। प्रवर्तन जोन-5 के अंतर्गत गुड़म्बा के पैकरामऊ में एसबीआई बैंक बेहटा के सामने लगभग 30 हजार वर्गमीटर में खालिद, मॉर्डन होमेज व अन्य द्वारा प्लाटिंग करके अवैध कॉलोनी विकसित करने पर ध्वस्त की गई।

इसी तरह गुड़म्बा के ग्राम पलका में नहर के पास गयाज व अन्य द्वारा लगभग 4 हजार वर्गमीटर में अवैध प्लाटिंग, इसी जगह पिंटू व अन्य द्वारा 2500 वर्गमीटर में प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत कराए बिना प्लाटिंग करने पर ध्वस्त की गई।



एलडीए द्वारा सील किया गया होटल।

### पीजीआई व काकोरी में भी चला बुलडोजर

प्रवर्तन जोन-2 के पीजीआई के कल्ली पश्चिम में किसान पथ के किनारे श्रीकृष्ण यादव, डॉ. हलीम व अन्य द्वारा पांच बीघा में अवैध रूप से प्लाटिंग करने पर बुलडोजर से ध्वस्त की गई। वहीं, प्रवर्तन जोन-3 के काकोरी के सरोसा भरोसा में मौदा रोड पर मेसर्स तापसी नगर व अन्य द्वारा चार बीघा में प्लाटिंग ध्वस्त की गई। प्रवर्तन जोन-4 के अंतर्गत बीकेटी में रैथा रोड स्थित सरकपुर सरैया में लगभग 2 हजार वर्गफीट में अवैध रूप से बने चार रो-हाउस भवन टीम ने सील किए।

# मुंशी पुलिया चौराहे के पास हटवाएं अतिक्रमण

## निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने दिए अपर नगर आयुक्त को निर्देश

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार:** शहर के यातायात को सुगम बनाने के लिए जिलाधिकारी विशाख जी ने बुधवार को संयुक्त पुलिस आयुक्त बबलू कुमार के साथ मुंशी पुलिया, खुर्रम नगर और टेढ़ी पुलिया चौराहे का निरीक्षण किया।

मुंशी पुलिया चौराहे के निरीक्षण के दौरान एसीपी ट्रैफिक ने जिलाधिकारी को बताया कि अतिक्रमण के कारण शाम को चौराहे पर जाम लगता है। कलेवा चौराहे से मुंशी पुलिया की तरफ आने वाली रोड पर अत्यधिक ट्रैफिक होने की जाम की स्थिति बनी रहती है। जिलाधिकारी ने अपर नगर आयुक्त ललित कुमार को पुलिस, प्रशासन और नगर निगम की संयुक्त टीम के माध्यम से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाने के निर्देश दिए।


मुंशी पुलिया चौराहे का निरीक्षण करते जिलाधिकारी। अमृत विचार

कहा कि अतिक्रमण हटाने के बाद दोबारा रोड बाधित न हो। जिलाधिकारी ने चौराहे की ट्रैफिक स्टडी कर रोटरी निर्माण एवं जंक्शन इंप्रूवमेंट के लिए एलडीए के अधिशासी अभियंता को निर्देश दिए। खुर्रम नगर वाले रास्ते में जंक्शन पर रोड वैडिंग का स्टडी करने के अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग एनएच डिवीजन को निर्देशित किया। कुर्सी रोड पर सड़क के किनारे सर्विस लेन मरम्मत कर ठेलों को शिफ्ट के लिए भी कहा।

## देवपुर पारा मामले पर हो सकती कार्रवाई

**अमृत विचार, लखनऊ:** लखनऊ विकास प्राधिकरण की देवपुरपारा योजना में गड़बड़ी करने वालों पर कार्रवाई हो सकती है। 26 जून को शासन में होने वाली बैठक में यह मामला रखा जाएगा। इस योजना में करीब 800 आवास तोड़े गए थे और जिम्मेदारों से रिकवरी होनी है। प्राधिकरण की देवपुर पारा में 1600 आवास बनाने की योजना थी। यह काम चार ठेकेदारों को दिया गया था। जिनके द्वारा करीब 800 आवास बनाए गए और मानक व गुणवत्ता ठीक न होने पर तोड़े गए। इस परियोजना में 4.88 करोड़ का काम हुआ था।

## सार-संक्षेप

### खामेनेई की हत्या संबंधी ट्रम्प व नेतन्याहू के बयान की निंदा


अली जैदी चेयरमैन शिया वक्फ बोर्ड।

**अमृत विचार, लखनऊ:** उत्तर प्रदेश शिया सेन्ट्रल वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष सैय्यद अली जैदी ने शिया मुसलमानों के सर्वोच्च धर्मगुरु अयातुल्लाह सैयद अली खामेनेई की हत्या करने के संबंध में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इसराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के बयानों की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि यह ऐसा बयान है जैसे वेटिकन के पोप की हत्या करने का बयान दिया जाए। अली जैदी ने भारत सरकार से इस मामले में आपत्तिजनक खबरें चलाने वाले चैनल्स के लिए भी एडवाइजरी जारी करने की मांग की है। साथ ही सोशल मीडिया के ऐसे हैंडल्स को भी बैन करने की मांग की है जिनके द्वारा ऐसी बातें प्रसारित की जा रही हैं। इससे भारत में रहने वाले करोड़ों शिया मुसलमानों की भावनाएं आहत हो रही हैं।

### थाने के बाहर लिवइन पार्टनर ने युवती को पीटा

**अमृत विचार, लखनऊ:** गोमतीनगर थाने के बाहर लिवइन पार्टनर ने युवती को बुरी तरह से पीटा। थाने की बाउंड्री के बाहर मारपीट होते देख कुछ लोगों ने वीडियो रिकार्ड कर सोशल मीडिया में अपलोड कर दिया। बुधवार शाम को वीडियो वायरल होने पर पुलिस हरकत में आई। पुलिस ने युवती की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। एडीसीपी पूर्वी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि वीडियो बुधवार शाम को वायरल हुआ। जांच करने पर पता चला कि दो दिन पूर्व युवक-युवती के बीच मारपीट हुई थी।

### शहरी गरीबों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जाएगा

**अमृत विचार, लखनऊ:** सूडा की निदेशक अपूर्वा दुबे ने कहा कि प्रदेश में शहरी गरीबों व जरूरतमंदों के लिए पौष्टिक एवं स्वादिष्ट भोजन किफायती दरों पर उपलब्ध कराया जाना है। इसके लिए सामुदायिक रसोई की स्थापना की जाएगी, इन्हें संचालित करने के लिए रसाईयों रखे जाएंगे। निदेशक सूडा, सूडा भवन में बुधवार को विभिन्न राज्यों में संचालित रसोईयों के प्रतिनिधियों एवं अन्य हितग्राहियों को आयोजित कार्यशाला को संबोधित कर रही थीं। इस दौरान उनके द्वारा योजनान्तर्गत प्रदेश में शहरी गरीबों के लिए साफ, स्वच्छ, स्वादिष्ट व पौष्टिक भोजन की आवश्यकता पर जोर दिया गया।

### फर्म निदेशक को धमकाकर वसूली लाखों की रंगदारी

**अमृत विचार,, मोहनलालगंज:** रियल एस्टेट कंपनी निदेशक ने करणी सेना पदाधिकारी समेत चार नामजद और 50 अज्ञात के खिलाफ रंगदारी समेत गंभीर धाराओं में मोहनलालगंज कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। एसीपी मोहनलालगंज रजनीश वर्मा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। वृंदावन योजना सेक्टर-6 निवासी पद्मजा सिंह ने बताया कि वह पदमजा ग्रुप प्राइवेट लिमिटेड की सह निदेशक हैं। उनकी फर्म ने वर्ष 2022 में फेज-4 के नाम से मोहनलालगंज के रायभानखेड़ा में एक साइट विकसित की थी। आरोप है कि दिसंबर 2022 में गांव के ही अमर सिंह ने 40-50 साथियों के साथ साइट पर तोड़तोड़ व हंगामा किया था। अगले दिन भाई राजन सिंह को कार्यालय भेजकर 10 लाख की रंगदारी मांगी थी। रुपये न मिलने पर साइट पर बवाल और भ्रामक खबरें सोशल मीडिया पर चलवाने की धमकी दी थी। पीड़िता के निदेशक पति राजीव सिंह ने 25 दिसम्बर 2022 को 1 लाख और 30 जून 2023 को 50 हजार रुपये अमर सिंह को दिए थे। इसके बाद आरोपी ने और रुपयों की मांग की। आरोप है कि बदनाम करने की धमकी देकर आरोपी 17 लाख रुपये और पत्नी व बहन के नाम दो प्लाट भी रजिस्ट्री करा चुके हैं।

### प्लॉट व फ्लैट के नाम पर दो से हड़पे 32 लाख

**अमृत विचार, लखनऊ:** आवासीय टाउनशिप के नाम पर अरबों का फर्जीवाड़ा अंसल निदेशकों के खिलाफ शिकायतों की संख्या बढ़ती जा रही है। वाराणसी और लखनऊ के दो पीड़ितों ने प्रणव अंसल, सुशील अंसल और अन्य निदेशकों व कर्मचारियों के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट सुशांत गोल्फ सिटी थाने में दर्ज कराई है। ग्रुप के निदेशकों और अधिकारियों पर फ्लैट के नाम पर करीब 32 लाख रुपये की ठगी का आरोप है। इंस्पेक्टर उपेंद्र सिंह ने बताया कि मामलों की जांच शुरू कर दी है। वाराणसी के लक्सा निवासी सुरेश कुमार ने बताया कि वर्ष 2013 में अंसल एपीआई में संपर्क किया था। बातचीत के दौरान पीड़ित ने दो प्लॉट बुक कराया था। कंपनी ने उन्हें आवंटन पत्र जारी कर वर्ष 2015 तक प्लॉट विकसित कर कब्जा करने का आश्वासन दिया था। इसके एवज में उन्होंने 28,21,176 रुपये जमा किए थे।

### बिल्डर भाइयों ने प्लॉट के नाम पर हड़पे 13 लाख

**अमृत विचार, लखनऊ:** सैन्य कर्मियों को सस्ते दाम पर प्लॉट दिलाने के नाम पर करोड़ों की ठगी करने वाले बिल्डर भाइयों के खिलाफ एक और पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज करायी है। कानपुर जनपद के मझावन में रहने वाले उपेंद्र कुमार ने प्लॉट के नाम पर करीब 13 लाख की धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। मोहनलालगंज पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी है। एसीपी मोहनलालगंज रजनीश वर्मा ने बताया कि उपेंद्र ने अपनी तहरीर में लिखा कि वे प्लॉट खरीदने के इच्छुक थे। बिल्डर प्रमोद उपाध्याय ने मोहनलालगंज स्थित अपनी कंपनी इंफ्रा विजन प्राइवेट लिमिटेड की साइट में प्लॉट दिलाने का दावा किया था। पीड़ित ने प्लॉट देखने के बाद प्रमोद को 12 .60 लाख रुपये चेक और नकद दिए थे। 27 सितंबर 2017 को प्रमोद ने उन्हें प्लॉट की रजिस्ट्री कर दी थी। अगले ही दिन 28 सितंबर को प्रमोद ने उसी प्लॉट की रजिस्ट्री किसी और को भी कर दी। जानकारी होने पर पीड़ित ने विरोध किया तो प्रमोद ने कान्हा उपवन वाली साइट पर दूसरा प्लाट देने का आश्वासन दिया। लेकिन वहां भी नहीं दिया। विरोध पर गाली-गलौज कर धमकी दी। बात में रजिस्ट्री की जानकारी की तो पता चला कि वह प्लाट सरकारी तालाब की जमीन पर था। एसीपी ने बताया कि प्रमोद को तीन दिन पूर्व ही एसटीएफ ने प्रमोद को जेल भेजा था। आरोपी प्रमोद के भाई विनोद की तलाश में पुलिस टीम दबिश दे रही हैं।

# शराबियों का अड्डा बनी समिट बिल्डिंग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** विभूतिखंड स्थित समिट बिल्डिंग शराबियों का अड्डा बन गई है। जहां देर रात तक शराबियों का हुड़दंग जारी रहता है। पास में चौकी भी है लेकिन वह भी मूक दर्शक बनी रहती है। यहां आए दिन मारपीट, युवतियों से अभद्रता के मामले सामने आते रहते है। यहां शराबी अपनी धुन में रहते है और सुरक्षाकर्मी सिर्फ तमाशाबीन बने रहते है। समिट बिल्डिंग में कई बार है जिनको देर रात तक खोलने की परमिशन है। इसी का फायदा उठाकर यह बार वाले शराबियों को हुड़दंग करने की खुली छूट देते है।

**देर रात तक लड़के-लड़कियां नशे में करते है हुड़दंग :** समिट बिल्डिंग के बाहर से लेकर अंदर तक लड़के और लड़कियां शराब के नशे में धुत रहते है। बार के बाहर से लेकर अंदर तक भारी भीड़ रहती है। इन्ट्री को लेकर भी सुरक्षाकर्मियों की ओर से सिर्फ खानापूर्ति की जाती है। देर रात 2 बजे तक शराबियों का हुड़दंग जारी रहता है। शराबी लोगों से गाली-गलौज और मारपीट करने पर अमादा हो जाते है।

### आबकारी विभाग की लापरवाही पड़ रही लोगों पर भारी

आबकारी विभाग ज्यादा राजस्व के लिए इन बार को देर रात तक खोलने का लाइसेंस देता है। जहां आम शराब की दुकानें रात को 10 बजे बंद हो जाती है। वहीं यह बार देर रात 1 बजे तक खुले रहते है। लड़के-लड़कियों को भी देर रात तक मौज मस्ती का अड्डा मिल जाता है। इन बार में अधिक मूल्य पर शराब मिलती है जिसको हर कोई वहन नहीं कर सकता है। इन बार में शराब पीने को लड़के और लड़कियों ने हाई प्रोफाइल स्टेटस बना दिया है जिसकी वजह से आये दिन मारपीट की घटनाएं होती रहती है।

> जानकारी मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाती है। किसी को भी अराजकता फैलाने का अधिकार नहीं है।
>
> -करूणेन्द्र सिंह, जिला आबकारी अधिकारी

## कमरे में लटका मिला छात्रा का शव

**अमृत विचार, सरोजनीनगर:** बंथरा थाना क्षेत्र में बुधवार को कक्षा-11 की छात्रा ने कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। शाम को परिजन बाग से लौटे, तब उन्हें जानकारी हुई। डॉयल-112 पर सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की। खुदकुशी की वजह साफ नहीं हो सकी है।

दादूपुर गांव निवासी राजकुमार सिंह उर्फ राजू पत्नी नीलू सिंह, बेटे आशु सिंह और तीन बेटियों के साथ रहकर खेती किसानी करते हैं। बेटा आशु टेंपो चलाता है, जबकि दो बड़ी बेटियां प्राइवेट नौकरी करती हैं। छोटी बेटी अंजली सिंह उर्फ नंदिनी (20) एक निजी कॉलेज में कक्षा-11 की छात्रा थी। बुधवार को आशु किसी काम से उन्नाव और दोनों बड़ी बहनें अपने काम पर चली गई थी। पिता राजकुमार और मां नीलू घर से कुछ दूर आम की बाग में थे। इस दौरान अंजली घर पर अकेले थी। शाम करीब 5 बजे जब राजकुमार पत्नी नीलू के साथ घर पहुंचे तो कमरे में अंजली का शव साड़ी के सहारे लटका मिला।

# ग्रेटर नोएडा के औद्योगिक विकास के साथ कदमताल करेंगे आगरा और प्रयागराज

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अगले साल से इन छोटे शहरों में भी नजर आने लगेगी विकास की तेजी
- यहां बड़ी औद्योगिक यूनिटें तो लगेंगी ही, साथ ही आवासीय टाउनशिप भी बसाई जाएगी
- औद्योगिक हब में काम करने के लिए देश विदेश से आने वाले लोगों के लिए आवासीय सुविधाएं मिलेंगी

**अमृत विचार:** निकट भविष्य में आगरा और प्रयागराज जैसे शहर भी ग्रेटर नोएडा के औद्योगिक विकास की तर्ज पर कदमताल करते नजर आएंगे। अगले साल से ही इन छोटे शहरों में भी विकास की तेजी दिखने लगेगी। यहां बड़ी औद्योगिक यूनिटें तो लगेंगी ही, साथ ही आवासीय टाउनशिप भी बसाई जाएगी। औद्योगिक हब में काम करने के लिए देश-विदेश से आने वाले लोगों के लिए आवासीय सुविधाएं मिलेंगी।

दरअसल, योजना ग्रेटर नोएडा की तर्ज पर आगरा और प्रयागराज में इंडस्ट्रियल स्मार्ट सिटी बसाए जाने की है। इसकी तैयारी सरकार ने कर ली है। ऐसे ही देशभर में ऐसे 12 इंडस्ट्रियल स्मार्ट सिटी बसाने को भी केंद्र से हरी झंडी मिली है।

हाल ही में राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास निगम (एनआईसीडीसी) और उत्तर प्रदेश औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीएसआईडीए) ने आगरा और प्रयागराज में प्रमुख क्लस्टर विकसित करने के लिए साझेदारी की है। इस बाबत वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय का कहना है कि दोनों शहरों में ये एकीकृत विनिर्माण क्लस्टर अमृतसर-कोलकाता औद्योगिक गलियारे के तहत औद्योगिक और आर्थिक विकास के इंजन बनने के लिए डिजाइन किए गए हैं। इससे न केवल रोजगार के अवसरों को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि औद्योगिक गंतव्य के रूप में उत्तर प्रदेश की प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ेगी।

### दोनों शहरों के उद्योगों को होगा फायदा

विशेषज्ञों की मानें तो इंडस्ट्रियल स्मार्ट सिटी बनने से ताजनगरी आगरा और प्रयागराज के उद्योगों को तो फायदा होगा ही, इसके अलावा आसपास के जिलों के उद्योगों को भी लाभ मिलेगा। दोनों इंडस्ट्रियल सिटी ईस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के किनारे हैं, जिसकी वजह से आसपास के जिलों के मैन्युफैक्चर्ड गुड्स को पोर्ट तक पहुंचाना आसान हो जाएगा। विशेषकर आगरा से सटे फिरोजाबाद के ग्लास प्रॉडक्ट्स् और कन्नौज के इत्र को काफी लाभ होगा। प्रयागराज से सटे भदोही की बात करें तो इन नए शहरों के बसने से यहां के कारपेट उद्योग को भी फायदा होगा।

**आदेश** टोल फ्री 1533 और डीसीसीसी से मॉनीटरिंग कर शिकायतों का त्वरित समाधान कराएं

# संचारी रोग से बचाने को फॉगिंग की व्यवस्था हो : शर्मा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बरसात में कहीं से भी जलभराव की शिकायत न आए
- निकायों में नियमित साफ-सफाई, कूड़ा उठान में न हो लापरवाही
- बरसात में सभी निकायों में पौधरोपण कर बनाये सुन्दर एवं हराभरा

**अमृत विचार:** नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा ने कहा कि नगरों की नियमित साफ-सफाई, डोर-टू-डोर कूड़ा उठान व कूड़ा प्रबंधन पर विशेष ध्यान दें, जिससे बरसात में लोगों को गंदगी व कीचड़ से परेशानी न हो। नाले व नालियों की बेहतर सफाई के साथ जल निकासी के पूर्ण प्रबंध रहे, कहीं पर भी जलभराव की शिकायत न आये।

नगर विकास मंत्री ने बुधवार कहा कि बरसात में नागरिकों को संचारी रोगों डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया से बचाव के लिए पर्याप्त दवाओं, एंटी लार्वा, ब्लीचिंग पाउडर व चूने आदि का प्रबंध कर लें। फागिंग कराने के लिए पर्याप्त व्यवस्था रहे, जिससे कि लोगों बिन बुलाई मुसीबतों से बचाया जा सके। बरसात में सभी निकायों में अधिक से अधिक पौधरोपण करायें, जिससे निकायों की सुन्दरता एवं हरियाली को बढ़ाया जा सके। उन्होंने कहा कि पौधरोपण के दौरान नक्षत्र वाटिका, ग्रह वाटिका, मियावॉकी, उपवन, पुष्पदार पौधे रोपे जायं। रोपे गए पौधों के रखरखाव की समुचित व्यवस्था हो, जिससे कि पौधों का विकास हो सके। उन्होंने कहा कि समस्याएं जटिल न हो, इसके लिए अभी से पंपिंग स्टेशनों के संचालित होने की जांच करने तथा अतिरिक्त पम्पसेट एवं जेनसेट की व्यवस्था कर ली जाए। उन्होंने टोल फ्री 1533 और डीसीसीसी के माध्यम से लगातार मॉनीटरिंग कर शिकायतों का त्वरित समाधान कराने के निर्देश दिए।

### जनसुनवाई में 30 समस्याओं का किया समाधान

नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा ने बुधवार को जलनिगम के फील्ड हॉस्टल संगम में 'सम्भव' अंतर्गत राज्यस्तरीय जनसुनवाई कर 30 से अधिक समस्याओं का तत्काल समाधान कराया। इस दौरान उन्होंने शिकायतकर्ता तथा संबंधित निकाय के अधिकारियों से वर्चुअल संवाद भी किया।

# कार खड़ी करने के विवाद में पूर्व सैन्यकर्मी ने किया हमला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** पारा के हंसनगर में पूर्व सैन्यकर्मी ने घर के बाहर कार खड़ी करने के विवाद में पड़ोसी पर हमला कर दिया। हंसनगर निवासी बृजेंद्र यादव ने बताया कि 6 जून को उनके घर में पूजा थी। कई रिश्तेदार आए हुए थे। इस दौरान पीड़ित ने अपनी कार पूर्व सैन्यकर्मी राजेंद्र कुमार के मकान के दूसरी साइड पर खड़ी कर दी थी। इस बात से नाराज राजेंद्र ने पीड़ित के दरवाजे पर आकर गाली गलौज शुरू कर दी। पीड़ित ने रोकते हुए अपनी कार हटायी, तभी आरोपी ने स्कूटर से कार में टक्कर मार दी। पीड़ित ने थाने में शिकायत की बात की तो आरोपी ने धमकाया। विरोध कर आरोपी ने पत्नी इंदू देवी, बेटी राजबाला और दामाद के साथ मिल कर हमला कर दिया। मारपीट के दौरान राजेंद्र ने पिस्टल निकालकर गोली मारने की धमकी दी। किसी तरह वहां मौजूद लोगों ने संभाला। इंस्पेक्टर पारा सुरेश सिंह ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

## एक नजर

### मायावती अब तक की सबसे बेहतर सीएम : स्वामी प्रसाद

**बाराबंकी : अमृत विचार :** अपनी जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने इंडिया गठबंधन में शामिल होने का संकेत दिया है। उन्होंने कहा कि यूपी में भाजपा को रोकने के लिए जरूरत पड़ी तो उनकी पार्टी किसी भी गंठबंधन में शामिल हो सकती है। वे जिला मुख्यालय पर बुधवार को अपनी जनता पार्टी की संविधान सम्मान व जनहित हुंकार यात्रा में शामिल होने आए थे। उन्होंने भाजपा को जनविरोधी और सपा को दिशाहीन करार देते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती को अब तक का सबसे बेहतर मुख्यमंत्री बताया।

### रंगदारी न देने पर अपहरण करने की धमकी

**बाराबंकी, अमृत विचार :** महिला प्रापर्टी डीलर को रंगदारी न देने पर अपहरण की धमकी दी गई। महिला की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मामला हैदरगढ़ कोतवाली क्षेत्र का है। लोनीकटरा थाना क्षेत्र की रहने वाली महिला अनु तिवारी प्रापर्टी डीलिंग का काम करती हैं। उन्होने पुलिस से की गई शिकायत में बताया कि हैदरगढ़ के ग्राम खरसतिया के रहने वाले अर्जुन त्रिवेदी नामक युवक ने उनसे रंगदारी मांगी और न देने पर अपहरण कर लेने की धमकी दी है। कारोबारी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है।

### मेंथा की टंकी फटने से मां बेटे झुलसे, बालक गंभीर

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, अमृत विचार।** बुधवार की सुबह मेंथा पेराई के दौरान टंकी अचानक फट गई। खौलते पानी के चपेट में आए मां व बेटा गंभीर रूप से झुलस गए। दोनों को संयुक्त चिकित्सालय से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। बालक की हालत नाजुक बताई जा रही। बदोसरांय थाना क्षेत्र के ग्राम मीरापुर में बुधवार की सुबह 9 बजे सुमन (30) व उसका बेटा आदित्य (12) मेंथा की पेराई के लिए टंकी में ईंधन की झोंकाई कर रहे थे। इसी दौरान तेज आवाज के साथ टंकी फट गई। टंकी में भरा खौलता पानी मां-बेटे पर गिर गया। हादसे में आदित्य करीब 80 प्रतिशत झुलस गया और उसकी मां सुमन भी 50 प्रतिशत से अधिक झुलस गईं है।

# अमेठी में एसडीएम को गाड़ी से खींचा, पथराव

## सरकारी जमीन से कब्जा हटाने गई थी राजस्व टीम, कोतवाली पुलिस ने संभाले हालात

संवाददाता, गौरीगंज(अमेठी)

**अमृत विचार।** गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र स्थित माधोपुर वार्ड नंबर 13 में बुधवार को सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाने गई राजस्व टीम पर दबंगों ने हमला कर दिया। हमले में नायब तहसीलदार अनुश्री त्रिपाठी और लेखपाल सिराज अहमद घायल हो गए। आक्रोशित महिलाओं ने एसडीएम प्रीती तिवारी को घेरकर गाड़ी से खींचने का प्रयास किया, उनके साथ धक्का-मुक्की की। साथ ही सरकारी वाहनों में भी तोड़फोड़ की।

जानकारी के अनुसार माधोपुर निवासी भोलानाथ सिंह ने सरकारी चक रोड पर कब्जे की शिकायत की थी। बुधवार को एसडीएम प्रीति तिवारी के नेतृत्व में राजस्व टीम कार्रवाई के लिए मौके पर पहुंची। टीम में नायब तहसीलदार अनुश्री त्रिपाठी, कानूनगो संतोष सिंह, लेखपाल मनीष सरोज, गौरव यादव, कुलदीप यादव, रंजीत यादव, अनूप गुप्ता और सिराज अहमद शामिल थे। जैसे ही टीम ने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की, गांव के दबंगों ने पथराव और लाठी-डंडों से हमला बोल दिया। हमले में टीम के कई सदस्य घायल हो गए। दबंग महिलाओं ने एसडीएम की गाड़ी को घेर उन्हें गाड़ी से खींच नीचे उतार लिया, धक्कामुक्की की। स्थिति गंभीर होते देख राजस्व टीम ने किसी तरह भागकर जान बचाई और गौरीगंज कोतवाली पहुंची। शिकायतकर्ता भोला नाथ सिंह ने बताया कि चक रोड पर उदयभान सिंह और उनके परिजनों ने टिन शेड लगाकर रास्ता अवरुद्ध कर दिया था। वह 2019 से इसकी शिकायत कर रहे हैं, लेकिन अब तक कार्रवाई नहीं हो सकी थी। बुधवार को टीम जब मौके पर पहुंची, तो दबंगों ने हमला कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही एएसपी शैलेन्द्र कुमार सिंह, सीओ अखिलेश वर्मा, महिला थाना प्रभारी समेत जामो व मुंशीगंज थानों की पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची। स्थिति तनावपूर्ण देखते हुए प्रशासन ने एहतियातन गांव में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करवा दिया है। एएसपी शैलेन्द्र कुमार ने बताया कि इस प्रकरण में संलिप्त पांच आरोपियों को हिरासत में लिया गया है। विधिक कार्यवाही की जा रही है।



एसडीएम से अभद्रता करती महिलाएं।



अवैध कब्जे को हटाती जेसीबी।

### पहले भी सुर्खियों में रह चुकीं एसडीएम

प्रीति तिवारी पिछले सितंबर में भी सुर्खियों में रह चुकी हैं। मुसाफिरखाना की एसडीएम रहते हुए उनपर एक महिला पत्रकार ने गंभीर आरोप लगाए थे। प्रीति तिवारी पर पैतृक जमीन कब्जा कराने का आरोप था। प्रीति तिवारी 2020 बैच की यूपी पीसीएस ऑफिसर हैं। उनकी पहली ज्वाइनिंग जून 2021 में हुई थी। उन्हें पहली पोस्टिंग फर्रुखाबाद की डिप्टी कलेक्टर के रूप में मिली थी। उन्होंने 25 जून 2022 तक यह कार्यभार संभाला। इसके बाद वो अमेठी में डिप्टी कलेक्टर नियुक्त कर दी गई।

> गौरीगंज तहसील की एसडीएम टीम के साथ माधोपुर गांव में सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटवाने गईं थी। इस दौरान टीम के साथ अभद्रता की गई। गांव की महिलाओं और पुरुषों ने गाड़ियों पर पथराव किया है।
>
> -अर्पित गुप्ता, एडीएम

# इंस्टा पर डाला पोस्ट, मेटा की सतर्कता से बची छात्रा की जान

संवाददाता, रायबरेली

▸▸ मर्जी के खिलाफ विवाह तय करने से नाराज थी युवती

**अमृत विचार।** अलविदा...सॉरी मम्मा पामा...इंस्ट्राग्राम पर पोस्ट शेयर कर आत्महत्या करने जा रही छात्रा की जान मेटा की सतर्कता और पुलिस के त्वरित कार्रवाई से बच गई। मेटा से मैसेज मिलते ही स्थानीय पुलिस तत्काल हरकत में आ गई। महज 8 मिनट में घटना स्थल पर पहुंच युवती को बचा लिया।

आत्महत्या करने जा रही युवती की जान इसलिये बच गई क्योंकि उसने सुसाइड से पहले माता-पिता को इंस्टाग्राम पर मैसेज छोड़ा था। युवती बीए की छात्रा है और परिजन उसकी मर्जी के खिलाफ उसका विवाह करना चाहते हैं। आत्महत्या करने जा रही युवती का कहना है कि वह आगे की पढ़ाई करना चाहती है। परिजनों ने जब उसकी बात नहीं मानी तो युवती ने आत्महत्या की ठानते हुए इंस्टाग्राम पर मैसेज लिखा था। युवती ने जैसे ही यह मैसेज इंस्टाग्राम पर डाला मेटा ने तुरंत उसकी लोकेशन के साथ पूरी जानकारी पुलिस हेड क्वार्टर को शेयर कर दी। उधर, डीजीपी राजीव कृष्ण ने तत्काल एसपी रायबरेली को जानकारी दी। एसपी रायबरेली डॉ. यशवीर सिंह ने संबंधित थाना मिल एरिया को इसकी जानकारी दी। मिल एरिया थाना प्रभारी राजीव सिंह ने आठ मिनट के भीतर युवती के घर को ट्रेस करते हुए वहां पहुंच गए। तत्काल युवती की काउंसलिंग की। सीओ सदर अमित सिंह ने बताया कि तुरंत रिस्पॉस से युवती की जान बच गई। युवती ने अभी ज्यादा कुछ बताने से इनकार किया है। फिलहाल परिवार के साथ खुश है।

# लखनऊ में हत्याकर अयोध्या के जगनपुर में फेंका था शव

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** थाना रौनाही अंतर्गत जगनपुर गांव में सड़क किनारे मिले युवक के शव के मामले का खुलासा हो गया है। एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने बुधवार को बताया कि हत्या लखनऊ में की गई थी। शव की पहचान छुपाने के लिए उसे यहां फेंक दिया गया था। मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, दो फरार हैं।

एसएसपी ने बताया कि 14 जून को थाना रौनाही के जगनपुर गांव के पास हाईवे पर अज्ञात युवक का शव मिला था। उसकी पहचान साहिल निवासी पलटन छावनी कटरा निकट माड़ीखाना मडियांव, लखनऊ के रूप में हुई। थाना रौनाही पुलिस ने मंगलवार रात करीब 8 बजे बेगमगंज से हाईवे की ओर जाने वाली सड़क से आरोपी ग्राम उसरना थाना इटौंजा जनपद लखनऊ निवासी अश्विनी सिंह उर्फ मिर्ची, नसीम उर्फ छोटू कटरा व ग्राम घुघटेर थाना बाबागंज जनपद बाराबंकी निवासी आकिब कुरैशी निवासी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों ने बताया कि 13 जून की शाम लखनऊ के जानकीपुरम में स्थित अश्विनी के घर पर शराब पीने के बाद पैसों के लेनदेन को लेकर साहिल से विवाद हो गया। जिसके बाद सभी ने मिलकर साहिल की हत्या कर दी थी। अगले दिन 14 जून को शव ले जाकर थाना रौनाही क्षेत्र में फेंक दिया था।

### स्कूल में सिगरेट पीने वाला शिक्षक निलंबित

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** जिले के कंपोजिट विद्यालय अशरफपुर बल्दीराय में तैनात सहायक अध्यापक को विद्यालय में सिगरेट पीने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई खंड शिक्षाधिकारी बल्दीराय की आख्या पर बेसिक शिक्षा अधिकारी उपेंद्र गुप्ता ने की है। बीईओ दूबेपुर ने बताया कि 8 मई को नागेंद्र प्रताप सिंह सहायक अध्यापक कंपोजिट विद्यालय अशरफपुर, विकास क्षेत्र बल्दीराय से विद्यालय में धूम्रपान करने के संबंध में स्पष्टीकरण मांगा गया था। 21 मई को दोबारा कारण बताओ नोटिस जारी की गई थी। स्पष्टीकरण में उन्होंने विद्यालय में धूम्रपान के संबंध में कुछ न बताते हुए अनावश्यक तर्क दिया गया। जिसके बाद उन्हें निलंबित कर जांच कराई जा रही है।

# बाराबंकी : प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के निरीक्षण में डीएम को मिलीं खामियां

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने बुधवार को हरख, सिद्धौर व हैदरगढ़ विकास खण्ड के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कई केंद्रों पर अव्यवस्थाएं व डॉक्टर अनुपस्थित मिले। डीएम ने सीएमओ को कार्रवाई के निर्देश दिए।

डीएम सबसे पहले हरख ब्लॉक के सीएचसी सतरिख के अंतर्गत आने वाले पीएचसी हरख का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अस्पताल परिसर में गंदगी और अव्यवस्था देख डीएम ने नाराजगी जताई और बीडीओ हरख प्रीति वर्मा को मौके पर बुलाकर तत्काल साफ-सफाई सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। ओपीडी रजिस्टर में मरीजों की संख्या कम पाए जाने पर डीएम ने संख्या बढ़ाने को कहा। डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी मरीज को बाहर से दवा न लिखी जाए। सिद्धौर में खंड विकास अधिकारी को पीएचसी सेमरावां तक जाने वाला मार्ग जल्द दुरुस्त कराने के निर्देश दिये। परिसर की साफ-सफाई, ओपीडी व्यवस्था और दवाओं की उपलब्धता को भी देखा। कहा कि केंद्र पर आने वाले प्रत्येक मरीज को बेहतर, सहज और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवा मिलनी चाहिए। इसके बाद डीएम पीएचसी मोतिकपुर पहुंचे। जहां उन्हें अव्यवस्था और लापरवाही देखने को मिली। अस्पताल परिसर में चारों ओर झाड़-झंखाड़ उगे होने पर नाराजगी जताई।

ग्रामीणों से बातचीत में यह सामने आया कि डॉक्टर अक्सर केंद्र पर मौजूद नहीं रहते। इस पर डीएम ने सीएमओ को निर्देश दिए कि संबंधित डॉक्टर को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए उनका वेतन रोका जाए। जिलाधिकारी विकासखंड अंतर्गत पीएचसी फतेहगंज का निरीक्षण करने भी पहुंचे। उन्होंने स्थानीय ग्रामीणों से सीधे संवाद किया। सबसे आखिर में डीएम टीकारामन पीएचसी और आयुष्मान आरोग्य मंदिर उप स्वास्थ्य केंद्र बेहटा भी पहुंचे।

### विद्यालय गई छात्रा लापता, युवक पर केस

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** कस्बा हैदरगढ़ में घर से स्कूल के लिए निकली छात्रा वापस नहीं लौटी। परेशान परिजनों ने आगरा निवासी एक युवक के विरुद्ध कोतवाली में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़ित पिता ने पुलिस को बताया कि बुधवार की सुबह उनकी पुत्री ग्राम्यांचल विद्यालय जाने की बात कहकर निकली थी परंतु उसके देर तक वापस न लौटने पर जब विद्यालय जाकर पता लगाया तो पता चला कि वह स्कूल पहुंची ही नहीं। पिता ने बताया कि पुत्री का मोबाइल भी लगातार स्विच ऑफ जा रहा। पिता ने आरोप लगाया कि आगरा शहर का रहने वाला अमन उसे लेकर फरार हो गया है। पुलिस युवती व आरोपी की तलाश में जुट गई है।

# टैंकर व डंपर ने तीन को रौंदा, मौत

**रायबरेली, अमृत विचार।** लखनऊ-प्रयागराज हाईवे पर मंगलवार की देर रात मुंशीगंज में तेज रफ्तार टैंकर ने बाइक सवार दो युवकों को रौंद दिया। इससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने चालक को टैंकर के साथ कुछ दूरी पर पीछा कर पकड़ लिया।

भदोखर थाना क्षेत्र के जहानपुर कोडर निवासी नीरज (23) पुत्र रामकुमार, नीलेश (19) पुत्र देशराज शहर की ओर जा रहे थे। लखनऊ-प्रयागराज हाईवे पर मुंशीगंज बाईपास ओवर ब्रिज पर पहुंचते ही पीछे से आ रहे तेज रफ्तार टैंकर ने बाइक सवार दोनों युवकों को रौंदते हुए निकल गया। घटना को अंजाम देकर भाग रहे टैंकर को पुलिस ने कुछ दूरी पर दबोच लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। चौकी प्रभारी अनुज कुमार ने बताया की टैंकर को कब्जे मे लेकर लिया गया है। तहरीर प्राप्त हुई हैं, मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

इसके अलावा खीरों क्षेत्र में प्रतियोगी परीक्षा देकर रायबरेली से घर वापस लौट रहे युवक की बाइक में डंपर चालक ने टक्कर मार दी। युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। पाहो गांव निवासी आदित्य सिंह (23) मंगलवार को दोपहर बाद प्रतियोगी परीक्षा देकर घर लौट रहा था। गुरुबक्सगंज-गुलरिहा-मौरावां मार्ग पर गुलरिहा गांव के पास डंपर ने उसे टक्कर मारकर रौंद दिया।

# प्रयागराजः तीसरी कक्षा के छात्र वेदांत ने 12 मिनट में तैर कर पार की यमुना



**प्रयागराज, अमृत विचार।** टैगोर पब्लिक स्कूल के तीसरी कक्षा के आठ वर्षीय छात्र वेदांत उर्फ ( कुंज ) ने 12 मिनट में यमुना पार कर सभी को चौंका दिया है। वेदांत के गुरु अजय खन्ना है। गुरु ज्ञानचंद स्विमिंग क्लब की ओर से 35 वर्षों से तैराकी का प्रशिक्षण दे रहे विशेषज्ञ गुरु अजय खन्ना दें रहे हैं। उनके मार्गदर्शन में वेदान्त ने मात्र एक हफ्ते की ट्रेनिंग में यमुना के बरगढ़ घाट से महेवा तक मात्र 12 मिनट में पार किया। वेदांत राजरूपुर निवासी प्रीतम और कुसुम के छोटे बेटे हैं। वेदांत टैगोर पब्लिक स्कूल मीरापुर में तीसरी कक्षा के छात्र हैं। वेदांत का कहना है कि वह पढ़ाई के साथ तैराकी के क्षेत्र में नाम रोशन करना है। टैगोर पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमती अर्चना तिवारी ने छात्र वेदांत को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# डंपर की टक्कर से पिता-पुत्र की मौत

**उन्नाव, अमृत विचारः** पुरवा-मौरावां मार्ग पर बेकाबू डंपर ने सामने से आई ट्रैक्टर-ट्रॉली में टक्कर मारते हुए बाइक से जा रहे पिता-पुत्र को रौंदते हुए ई-रिक्शा से भिड़ गया। हादसे में बाइक सवार पिता-पुत्र की मौत हो गई। जबकि पत्नी की हालत गंभीर बनी है।

पुरवा कोतवाली अंतर्गत पुरवा-मौरावां मार्ग पर तुसरौर गांव के पास बुधवार सुबह मौरावां से आए तेज रफ्तार डंपर ने सामने से ट्रैक्टर-ट्रॉली में टक्कर मार दी। ट्रॉली से टकराकर अनियंत्रित हुए डंपर ने सामने से आई बाइक में टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार युवक सड़क किनारे खड़े पेड़ में टकरा गया। हादसे में बाइक चला रहे कोतवाली क्षेत्र के त्रिपुरारपुर गांव के मजरा पूरन दास खेड़ा निवासी आशीष (35) की मौत हो गई। हादसे के समय वह पत्नी ममता (28) व 10 वर्षीय इकलौते बेटे अंशुमान को लेकर मौरावां थाना क्षेत्र के सुक्खाखेड़ा ससुराल जा रहा था। हादसे में बेटा व आशीष की पत्नी भी गंभीर घायल हो गये। अंशुमान को जिला अस्पताल व ममता को ट्रॉमा सेंटर लखनऊ रेफर किया गया। जिला अस्पताल पहुंचने से पहले अंशुमान ने भी दम तोड़ दिया। जबकि ऑटो सवार कई लोग घायल हैं, जिन्हें अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने डंपर को पकड़ के कोतवाली में खड़ा कराया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### शहर में सरेशाम महिला से लाखों की टप्पेबाजी

**बाराबंकी, अमृत विचार :** शहर में फिर एक टप्पेबाजी की घटना सामने आई है। देवा रोड पर आनंद भवन स्कूल के सामने सब्जी लेने आई महिला से सरेशाम दो टप्पेबाज लाखों के जेवर लेकर फरार हो गए। महिला के अनुसार वह जान नहीं सकी कि उसके साथ क्या हुआ। सूचना पर पहुंची पुलिस सीसीटीवी के फुटेल खंगाल रही है। देवा रोड स्थित दुर्गापुरी की सुमन वर्मा बुधवार की शाम करीब पौने छह बजे आनंद भवन स्कूल के पास सब्जी लेने आई थीं। इसी बीच दो युवक उनसे बातचीत करने लगे। युवकों ने महिला के जेवर उतरवा लिये और पास ही बाइक पर पहले से सवार दो अन्य युवकों के साथ फरार हो गए।


# राम मंदिर में सचित्र रामायण के दर्शन करेंगे श्रद्धालु

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** श्री रामलला का दर्शन करने के बाद मंदिर की परिक्रमा पथ पर पूरे रामायण के सचित्र दर्शन प्राप्त होंगे। इसके लिए मंदिर के लोअर प्लिंथ पर पत्थरों के बने रामायण के प्रसंग और परकोटे में कांस्य के बने म्यूरल स्थापित किए जा रहे हैं। मशहूर चित्रकार वासुदेव कामत की निगरानी में इस कार्य को अक्टूबर तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

राम मंदिर के लोअर प्लिंथ पर म्यूरल लगाए जाने का कार्य तेज गति से चल रहा है। पत्थरों पर रामायण कालीन विभिन्न प्रसंग पर आकर्षक चित्र लोगों को अभिभूत करेंगे। जिसमें लगभग 85 म्यूरल तैयार किया जा रहा है। 65 म्यूरल राम मंदिर परिसर पहुंच चुके हैं। इसमें 12 से अधिक कारीगर निर्धारित स्थान पर लगाए जाने का कार्य कर रहे हैं। वहीं ट्रस्ट इन म्यूरल को सुरक्षित रखने के लिए शीशे का प्रयोग करेगा, जिससे दर्शन करने के दौरान श्रद्धालु म्यूरल पर अपने हाथ का स्पर्श न करें।

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा के मुताबिक परिसर में मंदिरों के निर्माण का कार्य पूरा हो चुका है। परकोटे के निर्माण का कार्य किया जा रहा है, जो कि निर्धारित समय तक पूरा कर लिया जाएगा। इसके अलावा मंदिर के लोअर प्लिंथ पर रामायण कालीन प्रसंग के म्यूरल लगाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि यह कलाकृतियां पूरे परिसर को और भी सुशोभित करने जा रही हैं।



राम मंदिर के लोवर प्लिंथ पर लगा म्यूरल। अमृत विचार

## वर्ग पहेली-6

**बाएं से दाएं**

2.1. किसी जाति का कोई उपभेद 2. (काव्यशास्त्र) वर्णिक छंद का एक भेद।

4. वृद्ध, जो बुढ़ापे की अवस्था में हो।

5.1. प्रसिद्ध और पूजनीय 2. सबसे प्रतिष्ठित।

6.1. गुड़ अथवा चीनी का गाढ़ा घोल, चाशनी 2. घोटकर बनाया गया कोई पेय।

7.1. एक प्रकार की मछली 2. खूंटी या खूंटा।

8.1. जिसका संघटन हुआ हो 2. जो एक होकर किसी उद्देश्य की सिद्धि में लगा हो (व्यक्ति या वर्ग) 3. प्रतियोगिता

**ऊपर से नीचे**

1.1. धातु आदि पर आघात होने से झनकार की ध्वनि उत्पन्न होना 2. क्रोध आदि में हाथ-पैर पटकना 3. बकना-झकना।

3.1. परंपरा से चली आ रही 2. परंपरा के अनुसार।

6.1. अभ्यास 2. विवेचना 3. ग्रहण करना; धारण करना 4. प्रवर्तन।

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ■ | 2 | 3 | | | ■ |
| | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ |
| | ■ | ■ | | ■ | 4 | |
| 5 | | | | | ■ | ■ |
| ■ | ■ | ■ | | ■ | 6 | |
| ■ | ■ | ■ | 7 | | | ■ |
| 8 | | | | ■ | | ■ |

### वर्ग पहेली -5 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 वी | णा | ■ | 2 नौ | ■ | 3 तू |
| 4 दो | ■ | ■ | 5 वै | त | र | णी |
| ड़ | ■ | ■ | ■ | र | ■ | क |
| 6 भा | षां | 7 त | र | ण | ■ | ■ |
| ग | ■ | न | ■ | ■ | ■ | 8 फिं |
| ■ | ■ | खे | ■ | 9 बे | तु | का |
| 10 दु | नि | या | वी | ■ | ■ | ई |

## सुडोकू -13

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | 9 | | | 5 | | 1 | |
| | | 2 | 3 | | 8 | 6 | | |
| 7 | 4 | | | 1 | | | 2 | |
| 6 | | | | 2 | | | 4 | |
| | 8 | | | | | | 5 | |
| | 2 | | | 9 | | | | 3 |
| | 9 | | | 3 | | | 8 | 1 |
| | | 1 | 4 | | 9 | 5 | | |
| | 3 | | 6 | | | 2 | | 7 |

### सुडोकू - 12 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 4 | 8 | 3 | 9 | 7 | 5 | 1 | 2 |
| 1 | 5 | 7 | 4 | 8 | 2 | 3 | 6 | 9 |
| 3 | 9 | 2 | 6 | 1 | 5 | 8 | 4 | 7 |
| 7 | 8 | 3 | 9 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 |
| 5 | 2 | 9 | 1 | 3 | 4 | 6 | 7 | 8 |
| 4 | 6 | 1 | 2 | 7 | 8 | 9 | 3 | 5 |
| 2 | 3 | 5 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 | 4 |
| 9 | 1 | 4 | 8 | 2 | 3 | 7 | 5 | 6 |
| 8 | 7 | 6 | 5 | 4 | 1 | 2 | 9 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 19 जून, गुरुवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, अष्टमी-11.55 तक तत्पश्चात नवमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- दक्षिण। **ऋतु**- ग्रीष्म।

चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।

ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-उत्तर भाद्रपद 11.17 तक तत्पश्चात रेवती।

**मेष** — आज आप जो काम नहीं करना चाहते हैं वो ही आपको करना पड़ सकता है। आपको जल्दबाजी वाले स्वभाव से बचना चाहिए। व्यापार में उधारी न करें। माता के स्वास्थ्य को लेकर चिंता रहेगी। तकनीकी कारणों से आपके काम में रुकावटें आ सकती हैं।

**वृष** — आज कार्यक्षेत्र में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। जीवनसाथी की सलाह को आप अत्यधिक महत्व देंगे। आप अपने मित्रों के बीच अत्यन्त लोकप्रिय रहेंगे। सभी काम योजनाबद्ध रूप से करेंगे, जिससे आपको बहुत लाभ होगा। विपरीत परिस्थितियों के बीच आप काफी अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

**मिथुन** — आज कार्यक्षेत्र में प्रतिस्पर्धा का वातावरण रहेगा। सभी काम मन लगाकर करेंगे। नए व्यापारिक अनुबंध हो सकते हैं। आप कारोबार में अच्छा लाभ कमा लेंगे। दाम्पत्य जीवन में खुशियां बढ़ेंगी। अपने स्वभाव को लेकर आत्मचिन्तन अवश्य करें।

**कर्क** — आज सुबह सिरदर्द की समस्या हो सकती है। धार्मिक भावनाओं से ओत-प्रोत रहेंगे। भाई-बहनों के साथ अच्छा समय बितायेंगे। आय के साधनों में वृद्धि होगी। भावनाओं में आकर निर्णय न लें। पिता की सेहत को लेकर समस्या हो सकती है।

**सिंह** — आज आप कार्यक्षेत्र में अत्यंत लोकप्रिय रहेंगे। आज मेहनत के कारण शाम को थकान और बदन दर्द का अनुभव कर सकते हैं। जीवनसाथी के साथ रोमान्टिक शाम का आनंद उठायेंगे। आप दूसरों को अनावश्यक ज्ञान देने से बचें। मानसिक रूप से काफी मजबूत रहेंगे।

**कन्या** — आज आप लोगों के चहेते बने रहेंगे। कार्यक्षेत्र में आपको जिम्मेदारी वाला काम सौंपा जा सकता है। पर्यटन की योजना बना सकते हैं। प्रेमी जन के साथ डेट पर जाने का विचार बनायेंगे। अज्ञात लोगों पर अधिक विश्वास न करें।

**तुला** — आज आपका स्वास्थ्य बहुत अच्छा रहेगा। कारोबार के लिए आज का दिन बहुत अच्छा है। घर की साफ-सफाई और व्यवस्था पर अधिक ध्यान देंगे। शत्रुओं की योजना विफल होगी। अति उत्साह में बजट का ध्यान रखें। ससुराल पक्ष के साथ सम्बन्ध मधुर होंगे।

**वृश्चिक** — आज प्राइवेट जॉब कर रहे लोग छुट्टी ले सकते हैं। कार्यों में नवीनता आने से उत्साहित रहेंगे। जीवनसाथी पर नाराज हो सकते हैं। नए काम को लेकर जल्दबाजी न करें। पुरानी गलतियों से सीखने का अवसर मिलेगा। शाम को किसी पार्टी या आयोजन में सम्मिलित हो सकते हैं।

**धनु** — आज व्यावसायिक रणनीति बनाने के लिए दिन शानदार है। सोचे हुए काम पूरे होने से आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। शुभ कार्यों में धन खर्च होगा। यदि आपको कोई सलाह देता है तो आपको उस पर प्रतिक्रिया देने से पहले विचार करना चाहिए।

**मकर** — आज आपको दुविधापूर्ण स्थितियों का सामना करना पड़ेगा। अनावश्यक बातों पर अधिक ध्यान न दें। आज आप स्वादिष्ट भोजन का आनंद लेंगे। बॉस आपकी काफी प्रशंसा करेंगे। मन में किसी तरह का पूर्वाग्रह न पालें।

**कुंभ** — आपको आज काफी व्यस्त रहना पड़ेगा। उच्च अध्ययन के इच्छुक विद्यार्थियों को उत्तम अवसर मिल सकते हैं। परिजनों की चिंता रहेगी। अनावश्यक मुद्दों पर अपना समय व्यर्थ न करें। माइग्रेन के रोगियों को आज यात्रा से बचना चाहिए।

**मीन** — आज कार्यक्षेत्र में आपको उच्च पद मिल सकता है। दोपहर तक सारे महत्वपूर्ण कार्य कर लेना हितकर होगा। प्रभावशाली लोगों से मित्रतापूर्ण संबंध बनेंगे। व्यापार की समस्याएं दूर होंगी। प्रेम संबंधां का भरपूर आनंद लेंगे। शरीर में थकान महसूस हो सकती है।

## एक नजर

### खोए हुए क्रेडिट कार्ड से की 1.71 लाख की खरीददारी

**बरेली :** ठग ने खोए हुए क्रेडिट कार्ड से 1 लाख 71 हजार रुपये की खरीददारी कर ली। किला के मोहल्ला कटघर निवासी युधिष्ठिर ने बताया कि उनका क्रेडिट कार्ड नवंबर 2024 में गुम हो गया था। उन्होंने साइबर अपराध पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी। उनके गुम हुए क्रेडिट कार्ड से 20 से 24 मार्च तक 1.71 लाख की खरीदारी कर ली गई। यह भुगतान फैजान किराना स्टोर बरेली को किया गया। पुलिस अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### केदारनाथ मार्ग पर भूस्खलन, 2 की मौत

**देहरादून :** केदारनाथ पैदल मार्ग पर जंगलचट्टी बरसाती नाले के पास बुधवार सुबह भूस्खलन होने से उसकी चपेट में आए दो व्यक्तियों की मौत हो गई। जबकि एक महिला समेत तीन अन्य घायल हो गए।

# चंदौली में बनेगी एशिया की सबसे बड़ी मछली मंडी

## मछली व्यापार को मिलेगा विश्वस्तरीय बाजार, 6 अन्य जनपदों में भी होगी स्थापित

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



▸▸ मत्स्य पालकों के मंडलीय सम्मेलन में जनपद में मछली मंडी बनाने की घोषणा

▸▸ मुख्य अतिथि मत्स्य पालन मंत्री बोले- इससे खुलेगा कारोबार का द्वार

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार के मत्स्य पालन मंत्री और निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संजय कुमार निषाद ने कहा कि मुरादाबाद मंडल में मत्स्य व्यापार की अपार संभावनाएं हैं। चंदौली जिले में अल्ट्रा मॉडर्न फिश मंडी विकसित की जा रही है, जो एशिया की सबसे बड़ी मछली मंडी होगी।

इसकी तर्ज पर उत्तर प्रदेश के 6 अन्य जनपदों में अल्ट्रा मॉडर्न मछली मंडी स्थापित की जाएगी। उन्होंने मुरादाबाद में मछली मंडी के निर्माण कराने की घोषणा की। कहा कि इस मंडी में थोक, खुदरा बाजार एवं कोल्ड-चेन, प्रशिक्षण सुविधाएं, प्रोसेसिंग यूनिट, सम्मेलन हॉल, रेस्तरां, ठंडा गोदाम इत्यादि सुविधाएं होंगी। मछली मंडी से व्यापारियों को बेहतर मार्केट एक्सेस, अन्य राज्यों और विदेशों में मछली निर्यात, ट्रांसपोर्ट में लागत में कमी, और स्थानीय युवाओं व मत्स्य पालकों के लिए प्रचुर मात्रा में रोजगार उपलब्ध होगा।

बुधवार को पंचायत भवन सभागार में मंडल के मत्स्य पालकों के सम्मेलन में केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना, मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना, मछुआ दुर्घटना बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड (मत्स्य पालन क्षेत्र हेतु) आदि का लाभ लेने के लिए मत्स्य पालकों को मंत्री डॉ. संजय निषाद ने प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सघन मत्स्य पालन एरियेशन सिस्टम, निषाद राज बोट योजना, माता सुकेता केज सिस्टम, मत्स्य पालक कल्याण कोष (शिक्षा, चिकित्सा, आवास, विवाह, दैवीय आपदा एवं अन्य) आदि योजनाएं मछुआ समाज व मत्स्य पालकों के कल्याण के लिए संचालित हो रही हैं। प्रदेश सरकार की मंशा है कि मछुआ समुदाय आर्थिक रूप से सशक्त हो और अधिक से अधिक युवा स्वरोजगार से जुड़ें। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का उद्देश्य मत्स्य पालकों को लाभ पहुंचाना, मत्स्य उत्पादन को बढ़ाना और मत्स्य व्यापार को सुव्यवस्थित एवं आधुनिक बनाना है।

सम्मेलन में विभाग के मुख्य कार्यपालक अधिकारी मत्स्य गणेश प्रसाद के अलावा बड़ी संख्या में मछुआ समाज के प्रतिनिधि, मत्स्य पालक और निषाद पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता आदि भी मौजूद रहे।

# ईरान में रह रहे खीरी के चार परिवार व दो लोग

संवाददाता, पसगवां



जफर अब्बास



अमन जैदी



अफरोज आलम



रिजवान हैदर

▸▸ जिले के शाहजहांपुर बॉर्डर स्थित उचौलिया के हैं निवासी

**अमृत विचार :** इजराइल और ईरान संघर्ष के बीच जिले के शाहजहांपुर बॉर्डर स्थित उचौलिया क्षेत्र के चार परिवार और दो लोग ईरान में रह रहे हैं। वहीं बढ़ैया की एक बेटी आफरीन अभी पिछले महीने अपने पिता के निधन पर यहां आ गई थी। जाने वालों में अधिकांश पढ़ाई के लिए ईरान गये हैं। उनके परिवार वालों का कहना है कि उनका नियमित संपर्क हो रहा है। सभी लोग सही सलामत हैं।

ग्राम बढ़ैया में शिया समुदाय के लोग रहते हैं। यहां के मौलाना मुनीर सैय्यद लगभग 15 वर्ष पहले ईरान गये थे और अब वहां पढ़ा रहे हैं और वहीं रहते हैं। उनका परिवार भी वहीं है। इसी गांव के नाजिम हुसैन के पुत्र अमन जैदी पत्नी मलइका व एक बच्चे के साथ तीन वर्ष पहले ईरान के इस्फहान शहर में रह रहे हैं। उनसे परिवार वालों की बात होती है और वह ठीक हैं। जफर अब्बास पुत्र मोहम्मद अब्बास भी कुछ वर्षों से इस्फहान शहर में रहने लगे हैं। अरबाज हैदर के अनुसार उसके बड़े भाई रिजवान हैदर अपनी पत्नी आरिशा बानो व एक बेटे के साथ ईरान के कुम शहर में आठ वर्ष से रहते हैं। इन चार परिवारों के अलावा इसी गांव का फरमान पुत्र अहसान और गांव गदमापुर कल्लुआ का निवासी अहमद भी पढ़ाई के लिए ईरान में है। इस तरह लगभग 11 लोग और कुछ बच्चे ईरान में हैं।

ईरान के मदरसा इस्लामिक कल्चर में उचौलिया क्षेत्र के गांव बढ़ैया निवासी आफरीन भी पढ़ाई कर रही है, लेकिन बीती आठ मई को पिता कैसर हुसैन का निधन होने के कारण वह तत्काल फ्लाइट से घर वापस आ गई थी। अब वहां मिसाइलों के हमले सुनकर उसने फिलहाल न जाने का ही फैसला किया है।

# पीलीभीत : नगर पालिका ने लिया सपा कार्यालय पर कब्जा

## सपा नेताओं के पहुंचने से पहले ही शुरू हुई कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा और सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी के बीच होती नोकझोंक। अमृत विचार

▸▸ चंद मिनट में बदला स्वरूप, रंगाई-पुताई के बाद भवन पर चस्पा किए गए ईओ आवास के पोस्टर

**अमृत विचार :** आखिरकार नगर पालिका ने अपने ईओ आवास पर कब्जा ले ही लिया। भारी फोर्स के साथ पहुंचे पुलिस-प्रशासन और नगर पालिका के अधिकारियों ने न तो ताले तोड़े न ही सामान निकलवाया। उसी भवन पर अपना ताला जड़कर कब्जा ले लिया। चंद मिनट में ही रंगाई-पुताई कराकर ईओ आवास के फ्लैक्स चस्पा करा दिए गए। नगरपालिका ने ईओ आवास पर कब्जा ले लिया।

नकटादाना चौराहा पर स्थित ईओ आवास में संचालित सपा कार्यालय को खाली कराने के लिए एक दिन पहले ही अधिशासी अधिकारी संजीव कुमार की ओर से नोटिस चस्पा करा दिया गया था। इसमें बुधवार 18 जून की सुबह कब्जा लेने की बात कह दी गई थी। सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर, एसडीएम सदर आशुतोष गुप्ता, सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी, ईओ संजीव कुमार मौके पर पहुंच गए। भवन पर सपाइयों का ताला डाला हुआ था। समाजवादी पार्टी के नेता कहीं दिखाई नहीं दे रहे थे।

सुरक्षा इंतजाम के बीच सबसे पहले परिसर में लगे सपा के झंडे हटवाए गए। भवन के बाहर की तरफ जहां-जहां सपा से जुड़ा कुछ भी लिखाई थी, उसके ऊपर पेंट कराकर ईओ आवास लिखवा दिया गया। नगरपालिका की टीम ने पहले ताले खोलने का प्रयास किया, लेकिन जब नहीं खुले तो उसके ऊपर से ही अपना नया ताला जड़ दिया। सुबह करीब 10 बजे के बाद सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा, जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी, समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार राजू, जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्र कट्टर समेत करीब 20 कार्यकर्ता केजीएन कॉलोनी से निकलकर नकटादाना चौराहा की तरफ बढ़े।

पुलिस प्रशासन ने सभी को चौराहा के दूसरी तरफ ही रोक लिया। सिटी मजिस्ट्रेट व ईओ से सपा जिलाध्यक्ष की तीखी नोकझोंक हुई। हालांकि पुलिस बल अधिक होने और अधिकारियों की संख्ती के आगे ज्यादा देकर तक चल नहीं सकी। धक्का-मुक्की शुरू हुई और फिर जिलाध्यक्ष समेत अन्य पदाधिकारी -कार्यकर्ताओं को दो पुलिस वैन में बैठाकर पुलिस लाइन भिजवा दिया गया। वहां पर करीब तीन घंटे तक रोककर रखा गया। इधर, टीमें लगी हुई थी, जिन्होंने भवन को सपा कार्यालय से ईओ आवास में परिवर्तित कर दिया। बताते हैं कि करीब 200 सिपाही कई थानों की फोर्स के साथ अफसर मुस्तैद थे। नकटादाना चौराहा छावनी भी तब्दील हो गया था। दमकल की गाड़ी भी मौके पर खड़ी करा दी गई थी। सपा कार्यकर्ता भवन तक न पहुंचे, इसके लिए मोटी रस्सी भी बांध दी गई थी।

# कुत्ता काटने के चार साल बाद किशोरी की हालत बिगड़ी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▸▸ हाइड्रोफोबिया के लक्षण सामने आए, हायर सेंटर रेफर

**अमृत विचार :** पालतू कुत्ते के काटने के चार साल बाद किशोरी की हालत बिगड़ गई। परिजन उसे बुधवार को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। हाइड्रोफोबिया के लक्षण दिखने पर किशोरी को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

संभल जिले के बहजोई निवासी 15 वर्षीय वंशिका को वर्ष 2021 में में पालतू कुत्ते ने काट लिया था। परिजनों के अनुसार तीन दिन पहले वंशिका की तबीयत खराब हो गई। स्थित गंभीर होने पर परिजन उसे बिनावर स्थित सीएचसी ले गए। जहां लगातार उपचार के बाद भी बच्ची की हालत में कोई सुधार नहीं हुआ। जिसके बाद डाक्टरों ने उसे बरेली के जिला अस्पताल में रेफर कर दिया। परिजनों का दावा है कि जब किशोरी को कुत्ते ने काटा था, तब एंटी रैबीज वैक्सीन लगवाई थी, लेकिन अब वह पानी से डर रही है। ईएमओ डॉ. वैभव शुक्ला ने बताया कि मरीज में हाइड्रोफोबिया के लक्षण दिख रहे थे, मरीज ने पूरी वैक्सीन की डोज लगवाई गई थी या नहीं, इसकी जानकारी परिजनों ने नहीं दी। फिलहाल, मरीज को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।



रांची में तेज बारिश के बीच अपने गंतव्य को जाती महिलाएं। ● एजेंसी

## व्यापारी से हड़पे 1.82 लाख रुपये

**बरेली :** बिहारीपुर में एक फर्म से सीबीगंज के बिधौलिया निवासी व्यापारी ने 1.82 लाख रुपये से ज्यादा का माल उधार लिया लेकिन पैसे नहीं दिए। जब व्यापारी ने पैसे मांगे तो जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने आरोपी व्यापारी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। आवास विकास निवासी इलेक्ट्रॉनिक व्यापारी मुकेश अग्रवाल का कहना है कि बिहारीपुर ढाल पर उनकी फर्म है। सीबीगंज के अब्दुल शहीद खां ने उनकी फर्म से तीन बार में 1.82 लाख रुपये का सामान तीन साल पहले उधार लिया था। लेकिन वह पैसे देने में टाल-मटोल कर रहा है। 7 जून को वह पैसों के लिए तकादा करने गए तो जान से मारने की धमकी दी।

# रेलवे लाइन के पास मिले मोर्टार सेल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▸▸ पुलिस और बम निरोधक दस्ता मौके पर पहुंचा, किया निष्क्रिय

▸▸ काफी पुराना है मोर्टार सेल, पुलिस व सेना कर रही है जांच

> रेलवे लाइन किनारे मिट्टी में मोर्टार सेल मिला है। पुलिस और सेना की यूनिट ने उसे निष्क्रिय किया। मिट्टी जहां से आई है वहां भी टीम जांच कर रही है।
>
> -अनुराग आर्य, एसएसपी

**अमृत विचार :** सुभाषनगर थाना क्षेत्र में रामगंगा के पास रेलवे लाइन किनारे मोर्टार सेल मिलने से खलबली मच गई। सूचना पर पुलिस और सेना की यूनिट मौके पर पहुंची। सेना के बम निरोधक दस्ते ने मोर्टार सेल को निष्क्रिय कर दिया है। छानबीन की जा रही है कि मोर्टार सेल यहां तक कैसे पहुंचा। रेलवे लाइन से कुछ दूरी पर ही सैन्य क्षेत्र भी है।

दो दिन पहले भारी बारिश के दौरान कई स्थानों पर रेलवे लाइन की मिट्टी धंस गई है। इन स्थानों पर जेसीबी के जरिए मिट्टी डालने का काम किया जा रहा है। मंगलवार रात 1 बजे सुभाषनगर में लाइन के किनारे मिट्टी डालने का काम किया जा रहा था। श्रमिकों को मिट्टी के ढेर में संदिग्ध वस्तु मिली और पुलिस को सूचना दी गई। एसपी सिटी मानुष पारीक और सुभाषनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने देखा कि मोर्टार सेल है। रात में ही सेना की यूनिट को सूचना दी गई। सेना का बम निरोधक दस्ता भी मौके पर आ गया। दस्ते ने मोर्टार सेल को निष्क्रिय कर दिया। मोर्टार काफी पुराना है। माना जा रहा है कि मोर्टार मिस फायर होने के बाद मिट्टी में दबा दिया गया होगा। रेलवे लाइन के किनारे डालने के लिए मिट्टी दूसरे स्थान से लाई जा रही है। ऐसे में यह मोर्टार मिट्टी के साथ यहां पहुंच गया होगा। पुलिस और सेना की टीमें जांच कर रही है कि मोर्टार सेल कहां से और किस यूनिट के लिए जारी किया गया होगा।

## बुलेट से परीक्षा दिलाने वाला निकला एबीवीपी कार्यकर्ता


**बरेली :** बरेली कॉलेज में परीक्षा के दौरान बुलेट से छात्रा को कक्ष तक छोड़ने वाले की पहचान कर ली गई है। कॉलेज प्रशासन की जांच में युवक एबीवीपी का सक्रिय कार्यकर्ता निकला है। कॉलेज प्रशासन ने जब सीसीटीवी फुटेज खंगाले और छात्रों से पूछताछ की तो पता चला कि छात्रनेता ने न सिर्फ परीक्षा नियमों का उल्लंघन किया, बल्कि सुरक्षा व्यवस्था को भी चुनौती दी। चीफ प्रॉक्टर प्रो. आलोक खरे ने बताया कि यह गंभीर अनुशासनहीनता का मामला है और इसकी रिपोर्ट कॉलेज प्रशासन को सौंपी जा रही है और नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## उत्तराखंड

# अब तक 32 लाख श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

मुख्य संवाददाता, देहरादून

चारधाम यात्रा



▸▸ चारधाम के साथ अन्य मंदिरों में भी पहुंचे रहे भक्त

> उत्तराखंड के समग्र विकास के लिए सभी क्षेत्रों में तीर्थाटन व पर्यटन की गतिविधियां तेज होना जरूरी है। उत्तराखंड देवभूमि है, यहां प्रत्येक देवालय का अपना महत्व है। सरकार सभी तीर्थ स्थलों पर बुनियादी सुविधाओं का विकास करने का प्रयास कर रही है।
>
> -पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री, उत्तराखंड

**अमृत विचार:** चारधाम यात्रा में इस बार अब तक करीब 32 लाख श्रद्धालु पहुंच चुके हैं। अच्छी बात यह है तीर्थयात्री अब चारधामों के साथ ही अन्य मंदिरों / तीर्थ स्थलों में भी पहुंच रहे हैं। जिससे चारधाम यात्रा मार्ग की तरह अन्य स्थानों पर भी आर्थिक गतिविधियां तेज हो रही हैं।

उत्तराखंड में स्थित चारों धामों में प्रतिवर्ष यात्रा काल के दौरान लाखों श्रद्धालु आते हैं। इस यात्रा सीजन में ही चारधाम और हेमकुंड के लिए कुल पंजीकरण की संख्या 44 लाख से अधिक हो चुकी है। इसमें यमुनोत्री धाम के लिए 7,13,456, गंगोत्री के लिए 7,80,554, केदारनाथ के लिए 14,43,513, बद्रीनाथ के लिए 13,36,923 और हेमकुंड के लिए 1,69,180 पंजीकरण हुए हैं, जिसमें से अब तक करीब 32 लाख तीर्थयात्री यात्रा पूरी कर चुके हैं। चारधाम यात्रा मार्ग पर इसका सकारात्मक आर्थिक प्रभाव नजर आ रहा है।

इसी क्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी लगातार अन्य तीर्थ स्थलों और धामों के भी प्रचार- प्रसार पर जोर देते रहे हैं, ताकि तीर्थयात्रियों के आने से इन क्षेत्रों में भी आर्थिक गतिविधियां तेज हो सके। आंकड़ों के मुताबिक कार्तिकेय स्वामी मंदिर में गत वर्ष करीब 4 लाख तीर्थ यात्री पहुंचे थे, जबकि इस बार भी श्रद्धालु बड़ी संख्या में यहां पहुंच रहे हैं। उत्तरकाशी स्थित जगन्नाथ मंदिर में भी इस वर्ष अब तक 25 हजार तीर्थ यात्री पहुंच चुके हैं।

# बद्रीनाथ धाम मास्टर प्लान से जुड़े फैसलों पर मुहर

मुख्य संवाददाता, देहरादून

▸▸ कैबिनेट में चार अहम प्रस्तावों को मंजूरी गंगा गाय योजना के विलय को भी स्वीकृति

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में बुधवार को सचिवालय में हुई कैबिनेट की बैठक में सहकारिता से लेकर पशुपालन, पर्यटन और बद्रीनाथ धाम मास्टर प्लान से जुड़े प्रस्तावों को मंजूरी दे दी गई। चार अहम निर्णय किए गए हैं।

मंत्रिमंडल बैठक में हुए फैसलों की जानकारी महानिदेशक, सूचना, बंशीधर तिवारी ने संवाददाताओं को देते हुए बताया कि, सहकारिता विभाग में ऑडिट के लिए उप निबंधक ऑडिट के 1 निसंवर्गीय पद को कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है। इसके अलावा, बद्रीनाथ धाम में स्थित आईएसबीटी वॉल्स पर मास्टर प्लान के अंतर्गत म्यूरल आर्ट वर्क (दीवारों पर कलात्मक चित्रण) किया जाएगा, जिसे कैबिनेट ने मंजूरी प्रदान की है। इसके अलावा, पशुपालन विभाग की योजना, जिसमें अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभार्थियों को पशुपालन के लिए 90 प्रतिशत तक की सब्सिडी दी जाती है, डेयरी विकास की गंगा गाय योजना के विलय को कैबिनेट ने मंजूरी प्रदान की है। अब इस योजना का लाभ सामान्य वर्ग के लोगों को भी दिया जाएगा।

# ट्यूबवेल पर गए मजदूर को बाघ ने बनाया निवाला

संवाददाता, खटीमा



लोगों से पूछताछ करते पुलिस और वन विभाग के कर्मचारी।

▸▸ पीलीभीत से आधा दर्जन साथियों के साथ मजदूरी करने आया था जितेंद्र, पानी पीने के लिए ट्यूबवेल पर गया था

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश सीमा से लगे जादोपुर गांव में धन की रोपाई कर रहे एक मजदूर को बाघ ने उस समय निवाला बना लिया जब वह पानी पीने ट्यूबवेल पर गया था। चीख पुकार पर लोगों के शोर मचाते पहुंचने पर मजदूर को घायल छोड़ बाघ नदी की ओर चला गया। घायल ने अस्पताल पहुंचने से पहले ही दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।



जितेंद्र (फाइल फोटो)।

सीमांत ग्रामसभा जादोपुर में बुधवार की सुबह पीलीभीत तहसील बीसलपुर के ग्राम खन्ना निवासी जितेंद्र सिंह (45) पुत्र विश्राम अपने आधा दर्जन साथियों के साथ खेत में धान की रोपाई कर रहे थे। इसी दौरान जितेंद्र सिंह को पानी की प्यास लगी और वह बगल के खेत में चल रहे ट्यूबवेल पर पानी पीने गया। इसी दौरान घात लगाए बैठे बाघ ने उस पर हमला कर दिया। सूचना मिलते ही वन क्षेत्राधिकारी जीवन सिंह उप्रेती दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और घटना का मौका मुआयना किया। वहीं वन कर्मचारियों को मौके पर तैनात किया गया और ग्रामीणों से सतर्कता बरतने की अपील की। मृतक जितेंद्र चार भाइयों में सबसे बड़ा था जबकि बहन की शादी हो चुकी है। मृतक अपने पीछे पत्नी दीपमाला, दो पुत्री नेहा और अंशिका तथा दो पुत्र अनुराग सिंह और आयुष को रोता बिलखता छोड़ गया है।

# दौड़ लगा रहे युवक की हार्ट अटैक से जान गई

संवाददाता, नैनीताल

▸▸ युवक की मौत की सूचना से परिवार में मचा कोहराम

**अमृत विचार :** सेना में भर्ती और मैराथन की तैयारी के लिए दौड़ लगा रहे एक युवक की हार्ट अटैक से मृत्यु हो गई। घटना के बाद से परिजनों में कोहराम है।

युवक अपने दोस्त के साथ नैनीताल की भवाली रोड में अभ्यास कर रहा था। इसी दौरान अचानक वह सड़क पर गिर गया। युवक को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, यहां डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी अस्पताल प्रबंधन ने कोतवाली पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार भूपेंद्र देवली (19) निवासी नैनीताल बुधवार सुबह अपने दोस्त के साथ हर रोज की तरह मैराथन व लंबी दौड़ की प्रैक्टिस करने के लिए भवाली रोड में निकला था। इस दौरान दोनों दौड़ते-दोड़ते भवाली रोड पहुंचे, जहां अचानक कैलाखान के पास भूपेंद्र देवली जमीन पर गिरा गया और उसकी मौत हो गई। मृतक के पिता नंदन सिंह नैनीताल वन विभाग में कार्यरत है। सूचना के बाद वन विभाग के कर्मचारी भी अस्पताल पहुंच गए थे।



उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में चारधाम यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु केदारनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना करने पहुंचे।

# नशे में धुत सिपाही ने होटल में घुसा दी कार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

▸▸ घटना के वक्त होटल में कई लोग कर रहे थे भोजन, सभी सुरक्षित

**अमृत विचार :** नशे में धुत होकर कार चला रहे एक युवक ने कई लोगों की जान जोखिम में डाल दी। तेज रफ्तार कार लेकर वह सीधे एक होटल में घुस गया। घटना के वक्त वहां कई लोग खाना खा रहे थे। गनीमत रही कि कोई कार की चपेट में नहीं आया। जब लोगों ने युवक को कार से नीचे उतारा तो वह खुद को पुलिस वाला बताकर उल्टा लोगों पर रौब गांठने लगा। हालांकि बाद में दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया।

नैनीताल रोड पर भुजियाघाट में अमर सिंह जीना का रेस्टोरेंट है। मंगलवार रात एक कार सवार व्यक्ति ने कार से अपना नियंत्रण खो दिया और कार रेस्टोरेंट की दीवार से टकरा गई। जिस वक्त यह घटना हुई रेस्टोरेंट में कई लोग मौजूद थे। मौके पर मौजूद लोगों ने घटना का वीडियो बनाया। कार से एक व्यक्ति को उतारा, जिसने खुद को पुलिस कर्मी बताया। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। लोगों का कहना है कि खुद को पुलिस कर्मी बताने वाला चालक नशे में था, जो नैनीताल से हल्द्वानी की ओर जा रहा था। ज्योलीकोट चौकी प्रभारी श्याम सिंह बोरा का कहना है कि घटना स्थल पर ही दोनों पक्षों ने समझौता कर लिया है।

## रियलिटी शो में दिखेंगे लिटिल चैंप सोमांश

**रामनगर :** नगर के लिटिल चैंप सोमांश सिंह डंगवाल सोनी टीवी में प्रसारित होने वाले डांस प्रतियोगिता कार्यक्रम सुपर डांसर में एक बार पुनः नजर आएंगे। उनके पिता भुवन सिंह डंगवाल पूर्व सभासद ने बताया कि सोमांश की टीम और प्रोडक्शन हाउस ने फैसला लिया है कि सोमांश इस बार डांस का रियलिटी शो सुपर डांसर में भागीदारी करेंगे। बताया कि सोमांश बड़े-बड़े बैनर राजश्री, यस राज, विकॉम 18, टी सीरिज के साथ मूवी व टीवी सीरियल व एल्बम में काम कर रहा है। अब सोमांश को बतौर डांसर देखना चाहते हैं।



सोमांश

अमृत विचार
www.amritvichar.com
लखनऊ, गुरुवार, 19 जून 2025


# कॉरपोरेट क्षेत्र आर्थिक वृद्धि का स्तंभ

## राष्ट्रपति मुर्मू ने भारतीय कॉरपोरेट विधि सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों को किया संबोधित

**नई दिल्ली, एजेंसी**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि कॉरपोरेट क्षेत्र देश की आर्थिक वृद्धि और विकास का एक प्रमुख स्तंभ है। भारतीय कॉरपोरेट विधि सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि उनके निर्णय न केवल नीतियों एवं विनियमों को प्रभावित करेंगे, बल्कि इसका असर नागरिकों और निवेशकों के देश की संस्थाओं में विश्वास पर भी पड़ेगा।

राष्ट्रपति ने कहा कि कॉरपोरेट कानूनों के कार्यान्वयन एवं प्रवर्तन का दायित्व संभालने वाले अधिकारियों के रूप में, आपकी भूमिका एक ऐसा कारोबारी माहौल बनाने के केंद्र में होगी जो पारदर्शी, जवाबदेह और नवाचार एवं उद्यमिता के लिए अनुकूल हो। राष्ट्रपति भवन में उनसे मिलने आए प्रशिक्षुओं से मुर्मू ने कहा, कॉरपोरेट क्षेत्र हमारे देश की आर्थिक वृद्धि एवं विकास का एक प्रमुख स्तंभ है। कंपनी अधिनियम 2013 का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करना उनकी जिम्मेदारी है कि कानून को न केवल लागू किया जाए बल्कि उसे समझा जाए, उसका सम्मान किया जाए। साथ ही इस तरह से लागू किया जाए जिससे सभी के लिए न्याय, निष्पक्षता एवं अवसर को बढ़ावा मिले। रक्षा वैमानिकी गुणवत्ता आश्वासन सेवा एवं केंद्रीय श्रम सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों ने भी राष्ट्रपति से मुलाकात की। प्रशिक्षुओं से उन्होंने कहा कि सैन्य विमानन में गुणवत्ता का मतलब सिर्फ तकनीकी विशिष्टताओं को पूरा करना नहीं है बल्कि इसका मतलब परिचालन सुरक्षा, मिशन की तैयारी, विश्वसनीयता एवं रणनीतिक श्रेष्ठता सुनिश्चित करना भी है। राष्ट्रपति ने इस बात पर भी जोर दिया कि रक्षा क्षमताओं को बढ़ाने के लिए न केवल सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को मजबूत करने की जरूरत है, बल्कि निजी क्षेत्र को भी सक्रिय रूप से सक्षम बनाने की आवश्यकता है।



● बोलीं- अधिकारियों की भूमिका कारोबारी माहौल बनाने के केंद्र में हो

### 2025 को राष्ट्रपति ने रक्षा सुधारों का वर्ष बताया

राष्ट्रपति ने कहा, सहायक नीतियों एवं प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के माध्यम से निजी उद्यमों को रक्षा परिवेश में एकीकृत करके, भारत स्वदेशीकरण प्रयासों में तेजी ला सकता है और खुद को वैश्विक रक्षा विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित कर सकता है। 2025 को रक्षा सुधारों का वर्ष बताते हुए उन्होंने प्रशिक्षुओं से सशस्त्र बलों को प्रौद्योगिक रूप से उन्नत, युद्ध के लिए तैयार बलों में बदलने के लिए नवीन दृष्टिकोण विकसित करने का आग्रह किया, जो बहु-क्षेत्रीय, एकीकृत संचालन में सक्षम हों। केंद्रीय श्रम सेवा के परिवीक्षाधीन अधिकारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वे कानून के संरक्षक हैं तथा श्रमिकों के अधिकारों एवं सम्मान की रक्षा करने वाले श्रम कानूनों का अनुपालन सुनिश्चित करना उनकी जिम्मेदारी है। राष्ट्रपति ने कहा कि आपके द्वारा लिए गए निर्णय और आपके द्वारा की गई कार्रवाइयों का उद्योग एवं समाज दोनों पर दूरगामी प्रभाव पड़ता है।

# आईएएस अनुराधा सेबी के निदेशक मंडल में शामिल

**नई दिल्ली।** आर्थिक मामलों के विभाग में विशेष कार्याधिकारी (ओएसडी) अनुराधा ठाकुर को भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के निदेशक मंडल में शामिल किया गया है। बाजार नियामक की वेबसाइट पर बुधवार को यह जानकारी दी गई।

ठाकुर 1994-बैच की हिमाचल प्रदेश कैडर की भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) की अधिकारी है। वह अप्रैल में ओएसडी के रूप में आर्थिक मामलों के विभाग में शामिल हुईं। अजय सेठ के 30 जून को 60 वर्ष की आयु पूरी करने के बाद वह एक जुलाई से आर्थिक मामलों के सचिव के रूप में कार्यभार संभालेंगी। बाजार नियामक की वेबसाइट पर मौजूद जानकारी के अनुसार, ठाकुर को सेबी के निदेशक मंडल में अस्थायी सदस्य के रूप में शामिल किया गया है।

# नॉन-कनवर्टिबल डिबेंचर : प्रभावी निवेश विकल्प

एनसीडी यानी नॉन-कनवर्टिबल डिबेंचर, कंपनियों द्वारा पूंजी जुटाने का साधन है, जो ऋण उपकरण के रूप में कार्य करता है। ये डिबेंचर निवेशकों को निश्चित ब्याज दर पर निश्चित अवधि के लिए रिटर्न प्रदान करते हैं, लेकिन इन्हें शेयरों में बदला नहीं जा सकता, इसीलिए इन्हें नॉन-कनवर्टिबल कहा जाता है। ये मुख्यत: उन निवेशकों के लिए उपयुक्त होते हैं जो सुरक्षित और स्थिर आय की तलाश में होते हैं, खासकर तब जब बैंक एफडी की ब्याज दरें कम हों। एनसीडी को रेटिंग एजेंसियों द्वारा रेट किया जाता है, जिससे उनकी विश्वसनीयता का अंदाजा लगाया जा सकता है।



### निवेश के लाभ

- **स्थिर और उच्च रिटर्न :** एनसीडी आमतौर पर बैंक एफडी की तुलना में अधिक ब्याज दर (7-10% तक) प्रदान करते हैं।
- **पूर्व निर्धारित ब्याज भुगतान :** निवेशक को मासिक, तिमाही या वार्षिक ब्याज विकल्प मिलते हैं।
- **रिडेम्पशन पर पूंजी वापसी :** एनसीडी की मैच्योरिटी पर मूलधन सुरक्षित रूप से लौटाया जाता है।
- **लिक्विडिटी :** लिस्टेड एनसीडी को स्टॉक एक्सचेंज पर खरीदा/बेचा जा सकता है।
- **टैक्स लाभ :** कुछ एनसीडी में सेक्शन 54ईसी के तहत टैक्स छूट भी मिलती है।

### जोखिम पर रखें विशेष नजर

- **क्रेडिट रिस्क :** कंपनी की वित्तीय स्थिति बिगड़ने पर ब्याज या मूलधन मिलने में देरी या हानि हो सकती है।
- **तरलता :** सभी एनसीडी स्टॉक एक्सचेंज पर आसानी से नहीं बिकते।
- **ब्याज दर जोखिम :** बाजार में ब्याज दरें बढ़ने पर पुराने एनसीडी की कीमत गिर सकती है।
- **नॉन-कनवर्टिबल होने की सीमा :** इन्हें शेयर में बदला नहीं जा सकता, जिससे इक्विटी का लाभ नहीं मिलता।

### ध्यान देने योग्य

- निवेश से पहले रेटिंग (जैसे क्रिसिल, आईसीआरए) अवश्य जांचें।
- केवल सेबी द्वारा अनुमोदित कंपनियों के एनसीडी में निवेश करें।
- अल्पकालिक के बजाय मध्यम से दीर्घकालिक निवेश रणनीति अपनाएं।
- पोर्टफोलियो में विविधता बनाए रखें—सिर्फ एनसीडी पर निर्भर न रहें।

# साइबर धोखाधड़ी रोकने को निकालें समाधान

**नई दिल्ली, एजेंसी**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को वित्तीय प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में काम कर रहे स्टार्टअप से डिजिटल गिरफ्तारी और अन्य प्रकार की साइबर धोखाधड़ी की बढ़ती घटनाओं से निपटने के लिए समाधान निकालने को कहा।

सीतारमण ने वित्तीय प्रौद्योगिकी (फिनटेक) इकाइयों की सफलता की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने वित्तीय समावेश को गति देने और भुगतान प्रणाली को दूरदराज के क्षेत्रों तक ले जाने में मदद की है। उन्होंने डिजिटल पेमेंट्स अवार्ड्स, 2025 समारोह में कहा कि यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि स्टार्टअप कंपनियां समाधान लेकर आएं ताकि लोगों को घर पर डिजिटल रूप से गिरफ्तार न किया जाए या रातों-रात कोई उनका पैसा लेकर भाग नहीं जाए। एक और बड़ा खतरा डीप फेक है, जो जनता को बहुत नुकसान पहुंचा रहा है। आज, हमें इन समस्याओं से निपटने का ध्यान देना चाहिए।



● वित्त मंत्री सीतारमण ने की वित्तीय प्रौद्योगिकी इकाइयों की सफलता की सराहना

### वित्त-प्रौद्योगिकी कंपनियों का समर्थन करेगी सरकार

केंद्रीय वित्त मंत्री ने वित्त-प्रौद्योगिकी कंपनियों के साथ समीक्षा बैठक की और आश्वासन दिया कि सरकार इस उद्योग को समर्थन देना जारी रखेगी। उन्होंने वित्त-प्रौद्योगिकी (फिनटेक) कंपनियों के संस्थापकों, सीईओ एवं वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बातचीत में फिनटेक उद्योग के लिए कारोबारी सुगमता और वित्तीय धोखाधड़ी को रोकने जैसे विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। वित्त मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर इसकी जानकारी दी।

# बैंकों के पर्यवेक्षी डेटा गुणवत्ता सूचकांक में सुधार: आरबीआई

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बुधवार को कहा कि वाणिज्यिक बैंकों का पर्यवेक्षी डाटा गुणवत्ता सूचकांक मार्च 2025 में बढ़कर 89.3 हो गया है, जो एक साल पहले इसी अवधि में 88.6 था।

आरबीआई ने एक पर्यवेक्षी डेटा गुणवत्ता सूचकांक (एसडीक्यूआई) बनाया है, जो डूबे ऋण, परिसंपत्ति-देयता और पूंजी पर्याप्तता सहित विभिन्न प्रमुख वित्तीय मापदंडों में सटीकता, समयबद्धता, पूर्णता और स्थिरता के संदर्भ में डेटा गुणवत्ता का मूल्यांकन करता है। यह सूचकांक, नियामक को लघु वित्त बैंकों सहित वाणिज्यिक बैंकों की वित्तीय स्थिति का आकलन करने में मदद करता है। केंद्रीय बैंक ने कहा, अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) के एसडीक्यूआई में मार्च 2024 की तुलना में मार्च 2025 में सुधार हुआ है। एससीबी के लिए एसडीक्यूआई में 87 एससीबी और उनके प्रमुख रिटर्न शामिल हैं।

# भारत की जीडीपी वृद्धि 6.2% से होगी अधिक : इक्रा

**कोलकाता, एजेंसी**

रेटिंग एजेंसी इक्रा ने चालू वित्त वर्ष के लिए भारत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर 6.2% रहने का अनुमान जताया है। यह पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में 6.5% थी। एजेंसी ने अपने ताजा परिदृश्य में कहा कि इसी अवधि के दौरान सकल मूल्य वर्धित (जीवीए) वृद्धि दर 6.4% से अधिक होगी। जहां जीडीपी उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं के कुल मूल्य को बताता है, वहीं जीवीए उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं के मूल्य में से मध्यवर्ती वस्तुओं और सेवाओं की लागत को घटाने पर प्राप्त होता है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि मुद्रास्फीति के संबंध में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित महंगाई दर के 3.5% से अधिक रहने का अनुमान है, जबकि थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) चालू वित्त वर्ष में 1.8% से अधिक रहेगा। इक्रा ने 2025-26 के लिए राजकोषीय घाटा जीडीपी का 4.4% रहने का अनुमान लगाया है, जबकि इसी अवधि के दौरान चालू खाता घाटा 1.2 से 1.3% रहने का अनुमान है। रबी फसल बेहतर होने और सामान्य से अधिक जलाशय स्तर के कारण ग्रामीण मांग में तेजी बनी रहने की संभावना है। 2025-26 के लिए केंद्रीय बजट में आयकर में बड़ी राहत, नीतिगत दर में कटौती से ईएमआई (मासिक किस्त) में कमी और खाद्य मुद्रास्फीति में नरमी से घरेलू खर्च योग्य आय में वृद्धि होने की उम्मीद है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि भारत के वस्तु निर्यात में सुस्ती निकट भविष्य में भी जारी रह सकती है। इक्रा के अनुमान के अनुसार, सेवा निर्यात के वस्तु निर्यात वृद्धि से आगे निकलने की संभावना है। रिपोर्ट में कहा गया है कि केंद्र का पूंजीगत व्यय 2025-26 में 10.1% बढ़ने का अनुमान है, जिससे निवेश गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।




● रेटिंग एजेंसी के अनुसार सकल मूल्य वर्धित वृद्धि 6.4% से होगी अधिक



## एक नजर

### ओएनजीसी के पूर्व उप महाप्रबंधक पर मामला दर्ज

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम, जोरहाट के पूर्व उप महाप्रबंधक (चिकित्सा सेवा) डॉ. बिजॉय शॉ और चिकित्सा अधिकारी (व्यावसायिक स्वास्थ्य) तथा 8 निजी मेडिकल दुकानों के मालिकों सहित 10 आरोपियों के खिलाफ 45 लाख रुपये के फर्जी बिलों के संबंध में मामला दर्ज किया है। सीबीआई ने बुधवार को बताया कि आरोपी लोक सेवकों ने 2019 से 22 के दौरान निजी पैनलबद्ध मेडिकल दुकानों के मालिकों तथा अज्ञात व्यक्तियों के साथ मिलकर आपराधिक षडयंत्र रचा।

### पुराने मामले में दो विधायकों सहित नौ को 1-1 वर्ष की सजा

**जयपुर।** जयपुर की स्थानीय अदालत ने राजस्थान विवि के बाहर सड़क जाम करने के 11 साल पुराने मामले में बुधवार को कांग्रेस के दो विधायकों सहित नौ लोगों को 1-1 साल कैद की सजा सुनाई। जयपुर की अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट-19 परीक्षिता देथा ने सभी नौ आरोपियों को गैरकानूनी तरीके से सभा करने और सार्वजनिक मार्ग में बाधा डालने का दोषी ठहराया। मुकेश भाकर और मनीष यादव वर्तमान में कांग्रेस के विधायक हैं, जबकि अभिषेक चौधरी ने भी जयपुर की झोटवाड़ा सीट से 2023 का विधानसभा चुनाव लड़ा था, लेकिन हार गए थे।

### आतंकियों की सूचना के बाद चला तलाशी अभियान

**जम्मू।** सुरक्षा बलों ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में सुदूर जंगली इलाके में आतंकियों की मौजूदगी की सूचना के बाद तलाशी अभियान शुरू किया। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस और सेना का संयुक्त अभियान सुबह चटरू के सिंहपोरा वन क्षेत्र में शुरू हुआ और अंतिम रिपोर्ट मिलने तक जारी था। सुरक्षा बलों को कुछ आतंकियों की मौजूदगी की सूचना मिली और उन्होंने भागने के सभी रास्तों को बंद करने के लिए तुरंत इलाके की घेराबंदी कर दी। हालांकि, अभी तक आतंकवादियों से आमना सामना नहीं हो पाया है।

### नक्सली ठिकाने से 14 आईईडी व विस्फोटक मिले

**चाईबासा (झारखंड)।** पश्चिमी सिंहभूमि जिले के वन क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने नक्सली ठिकाने का पता लगाया और वहां से 14 संवर्धित विस्फोटक उपकरण (आईईडी) और 50 किलोग्राम से अधिक विस्फोटक सामग्री बरामद की। पुलिस ने बुधवार को बताया कि जवान सुरक्षा बलों को निशाना बनाने के लिए लाए विस्फोटकों की तलाश में चितपिल गांव के पास नक्सल विरोधी अभियान चला रहे थे। पुलिस के मुताबिक, आईईडी को मौके पर ही निष्क्रिय कर दिया गया। मामले की जांच जारी है।

# मोदी की ट्रंप को दो टूक से झूठ का पर्दाफाश

## कांग्रेस को घेरते हुए भाजपा ने कहा- भारत की विदेश नीति को बदनाम करना बंद करे विपक्षी पार्टी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भाजपा ने बुधवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर पर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के साथ प्रधानमंत्री मोदी की बातचीत ने कांग्रेस के हर झूठ का पर्दाफाश कर दिया है। यदि विपक्षी दल को इस पर विश्वास नहीं है तो उसे पाकिस्तान का साझेदार माना जाना चाहिए।

भाजपा आईटी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने कहा, कांग्रेस और उसकी ट्रोल सेना इसको पचा नहीं पा रही है कि प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति ट्रंप को कहा कि भारत को किसी की मध्यस्थता की न तो जरूरत है और न इसे स्वीकार करता है। उन्होंने एक्स पर कहा, कांग्रेस को केवल छोटी-मोटी बातों के लिए भारत की दृढ़ और सैद्धांतिक विदेश नीति को बदनाम करना बंद करना चाहिए।

भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि कांग्रेस के हर झूठ का पर्दाफाश हो गया है। भाजपा ने कांग्रेस पर उस वक्त हमला बोला जब प्रधानमंत्री मोदी ने पहले ट्रंप से टेलीफोन पर बात की और उन्हें कहा कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान पर हमले पड़ोसी देश के अनुरोध पर रोके थे न कि अमेरिका द्वारा मध्यस्थता या व्यापार समझौते की पेशकश पर।

भाजपा प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने कहा कि मोदी ने ट्रंप को स्पष्ट कर दिया कि पाकिस्तान गोलियां चलाएगा, तो भारत बम से जवाब देगा। उसके बाद भी अगर कांग्रेस को भरोसा नहीं है, तो यह माना जाना चाहिए कि पाकिस्तान और कांग्रेस साझेदार हैं।

मालवीय ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने भारत को कमजोर, तीसरी दुनिया के देश के रूप में ही देखा है। आज, भारत उभरती हुई शक्ति है। उन्होंने रमेश पर राहुल गांधी की तरह जन्मजात झूठा होने का भी आरोप लगाया, क्योंकि कांग्रेस नेता ने ट्रंप के साथ प्रधानमंत्री मोदी की ताजा बातचीत पर व्हाइट हाउस से जनवरी 2025 में दिए गए वक्तव्य को अभी के अमेरिकी बयान के रूप में उद्धृत किया था।



● कहा- विपक्षी दल को विश्वास नहीं है तो उसे पाकिस्तान का साझेदार माना जाना चाहिए

### ट्रंप से हुई बात पर सर्वदलीय बैठक बुलाएं: कांग्रेस



कांग्रेस ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को विदेश दौरे से लौटते ही सर्वदलीय बैठक बुलाकर सभी राजनीतिक दलों को यह बताना चाहिए कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप से फोन पर उनकी क्या बात हुई। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसिम मुनीर को व्हाइट हाउस में भोज के लिए बुलाया जाना भारत के लिए कूटनीतिक झटका है और इस पर प्रधानमंत्री को ट्रंप के समक्ष नाराजगी जतानी चाहिए थी। रमेश ने कहा, मोदी और ट्रंप के बीच बात हुई है। उन्होंने सवाल किया कि प्रधानमंत्री यह बात सर्वदलीय बैठक में क्यों नहीं कहते? इसीलिए हमने संसद के विशेष सत्र की मांग की ताकि प्रधानमंत्री राष्ट्र को विश्वास में लें और वे सारी बातें कहें जो उन्हें राष्ट्रपति ट्रंप से कहनी चाहिए थीं।

# सुरक्षा को अधिक जांच चौकियां स्थापित करने के निर्देश जारी

**जम्मू, एजेंसी**

अमरनाथ यात्रा के मद्देनजर तीर्थयात्रियों की सुरक्षा के लिए सीमावर्ती जिलों जम्मू, सांबा और कठुआ में अधिक जांच चौकियां स्थापित करने के लिए पुलिस से कहा गया है। यात्रा शुरू होने से एक दिन पहले भगवती नगर से तीर्थयात्रियों का पहला जत्था कश्मीर के लिए रवाना होगा।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि अधिकारियों को नाकों पर खासतौर से रात में मजबूत सुरक्षा व्यवस्था के निर्देश दिए गए हैं। उन्हें उन स्थानों की पहचान के निर्देश दिए हैं जहां यात्रियों की सुरक्षा के लिए और नाके बनाए जा सकते हैं। जम्मू-सांबा-कठुआ रेंज के उप महानिरीक्षक (डीआईजी) शिव कुमार शर्मा ने आधार शिविर, आश्रय स्थलों, यात्रा मार्ग और पार्किंग क्षेत्रों में और उसके आसपास विभिन्न पुलिस व अर्द्धसैन्य तैनाती के सुरक्षा ऑडिट के दौरान पुलिस अधिकारियों से यह कहा।

**अमरनाथ यात्रा**

### चिनार कोर कमांडर ने की घाटी में सुरक्षा की समीक्षा

**श्रीनगर।** सेना की चिनार कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल प्रशांत श्रीवास्तव ने बुधवार को कश्मीर घाटी में सुरक्षा और सैनिकों की परिचालन तैयारियों की समीक्षा की। ये समीक्षा अमरनाथ यात्रा की शुरुआत से दो सप्ताह पहले हुई है। श्रीनगर स्थित इस रणनीतिक कोर ने अपने आधिकारिक 'एक्स' हैंडल पर पोस्ट इसकी जानकारी दी है।

# कक्षा निर्माण घोटाला: दिल्ली में कई स्थानों पर ईडी का छापा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पूर्ववर्ती आप सरकार के दौरान दिल्ली के स्कूलों में कक्षा निर्माण घोटाले की धन शोधन जांच के तहत बुधवार को कई परिसरों पर छापेमारी की।

संघीय एजेंसी ने दिल्ली भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की प्राथमिकी पर धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत आपराधिक मामला दर्ज किया है। ईडी ने इस मामले से जुड़े ठेकेदारों और निजी संस्थाओं के 37 परिसरों की तलाशी ली। ईडी ने 30 अप्रैल को दर्ज शिकायत में आप नेता और अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार में मंत्री रहे मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन के खिलाफ मामला दर्ज किया था। दिल्ली सरकार के स्कूलों में 12,000 से अधिक कक्षाओं या अर्ध-स्थायी संरचनाओं के निर्माण में 2,000 करोड़ की वित्तीय अनियमितताएं की गईं।

### जनता का ध्यान भटकाने का प्रयास

आप ने कक्षा निर्माण घोटाले में ईडी की छापेमारी को जनता का ध्यान भटकाने का हताश प्रयास बताया और कहा कि पार्टी नेताओं के खिलाफ आरोप राजनीति से प्रेरित है। सूत्रों ने बताया कि ईडी ने कक्षा निर्माण घोटाले की जांच के तहत कार्रवाई की।

# विदेश में नौकरी से जुड़ी धोखाधड़ी में निजी कंपनी के 3 अधिकारी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने विदेश में नौकरियों से जुड़ी धोखाधड़ी और मानव तस्करी में संलिप्त निजी कंपनी के तीन अधिकारियों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि मंगोलपुरी इलाके से संचालित इंडो किर्गिज ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड ने किर्गिजस्तान में आकर्षक नौकरी दिलाने के नाम पर 500 से अधिक भारतीयों के साथ कथित तौर पर ठगी की है।

उन्होंने बताया कि इस गिरोह ने पीड़ितों से 4.62 करोड़ रुपये से अधिक की राशि एकत्र की तथा उनमें से कई को विदेश में प्रताड़ना और शोषण के लिए मजबूर किया। कंपनी का निदेशक और मुख्य आरोपी महावीर सिंह फरार है, जबकि पुलिस ने उसके बेटे साहिल नरवाल, वित्त प्रबंधक अतुल माथुर और मानव संसाधन प्रबंधक कमल कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस उपायुक्त (अपराध शाखा) आदित्य गौतम ने इसकी जानकारी दी।

### अमन और आशा



पहलगाम आतंकी हमले के बाद घाटी में फिर से पर्यटन को बढ़ावा देने की उम्मीद और शांति बने रहने की आशा को लेकर डल झील पर विशेष शिकारा रैली आयोजित हुई। इसमें शिकारा चालकों और स्थानीय लोगों ने भाग लिया। एजेंसी

# महाराष्ट्र में कक्षा पांच तक हिंदी बनी तीसरी भाषा

**मुंबई/पुणे, एजेंसी**

● राज्य सरकार ने अंग्रेजी-मराठी माध्यम के विद्यालयों को दिया आदेश, लेकिन हिंदी को अनिवार्य नहीं बनाया

महाराष्ट्र सरकार ने आदेश जारी कर राज्य में अंग्रेजी और मराठी माध्यम के विद्यालयों में पढ़ने वाले कक्षा एक से कक्षा पांच तक के विद्यार्थियों के लिए हिंदी को सामान्य रूप से तीसरी भाषा बनाया है, लेकिन इसे अनिवार्य नहीं बनाया है।

हिंदी पर ताजा आदेश से पैदा हुए विवाद तथा कांग्रेस और मनसे अध्यक्ष राज ठाकरे की आलोचना के बाद मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बुधवार को स्पष्ट किया कि छात्रों के लिए हिंदी सीखने की अनिवार्यता हटा दी गई है तथा अब किसी भी भारतीय भाषा को तीसरी भाषा के रूप में चुना जा सकता है। उन्होंने विवाद को अनावश्यक बताया। मंगलवार को जारी संशोधित सरकारी आदेश (जीआर) में कहा गया है कि हिंदी अनिवार्य होने के बजाय सामान्य रूप से तीसरी भाषा होगी, लेकिन इसमें यह विकल्प भी दिया गया है कि यदि किसी स्कूल में प्रति कक्षा 20 विद्यार्थी हिंदी के अलावा अन्य भारतीय भाषा पढ़ने की इच्छा व्यक्त करते हैं तो वे इसे छोड़ सकते हैं।

कुछ मराठी भाषा समर्थकों ने जहां सरकार पर शुरू में पीछे हटने के बाद अनिवार्य हिंदी नीति को पिछले दरवाजे से पुनः लागू करने का आरोप लगाया, वहीं कांग्रेस ने फडणवीस पर मराठी लोगों की छाती में छुरा घोंपने का आरोप लगाया। स्कूल शिक्षा विभाग ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के अनुरूप स्कूल शिक्षा के लिए राज्य पाठ्यचर्या रूपरेखा 2024 के कार्यान्वयन के हिस्से के रूप में जीआर जारी किया। जीआर के अनुसार, मराठी और अंग्रेजी माध्यम के विद्यालयों में कक्षा एक से पांच तक के विद्यार्थियों के लिए हिंदी सामान्य रूप से तीसरी भाषा होगी। आदेश में कहा गया, जो लोग हिंदी के विकल्प के रूप में कोई अन्य भाषा सीखना चाहते हैं, उन्हें स्कूल में प्रत्येक कक्षा से 20 छात्रों की अपेक्षा को पूरा करना होगा। ऐसी स्थिति में, उस विशेष भाषा के लिए एक शिक्षक उपलब्ध कराया जाएगा या भाषा को ऑनलाइन पढ़ाया जाएगा।

# तकनीकी कारणों से एअर इंडिया की तीन अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें रद्द

**मुंबई।** एअर इंडिया ने रखरखाव और तकनीकी सहित कई कारणों से बुधवार को अपनी तीन अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें रद्द कर दीं। विमानन कंपनी ने बताया कि इनमें से दो उड़ानें यात्रियों के विमान में सवार होने के बाद रद्द कर दी गईं।

टोरंटो-दिल्ली उड़ान रखरखाव तथा चालक दल की ड्यूटी समय सीमा अधिक होने से रद्द करना पड़ा। दुबई से दिल्ली की उड़ान को तकनीकी और दिल्ली से बाली की उड़ान को बाली के पास ज्वालामुखी विस्फोट से रद्द किया गया है।

# शादी से पहले सोनम ने प्रेमी को किए थे 100 से ज्यादा बार कॉल

**शिलांग, एजेंसी**

**राजा रघुवंशी हत्याकांड**

● पुलिस को जांच में पता चला कि संजय वर्मा कोई और नहीं उसका प्रेमी राज कुशवाह

मेघालय में हनीमून के दौरान पति राजा रघुवंशी की हत्या के आरोप गिरफ्तार सोनम ने शादी से पहले संजय वर्मा नामक व्यक्ति को 100 से अधिक फोन कॉल किए थे, जांच में पता चला कि यह उसके प्रेमी राज कुशवाह का छद्म नाम था। एक पुलिस अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

पूर्वी खासी हिल्स जिले के एसपी विवेक सिम ने बताया, हमें पता चला कि सोनम ने राजा से शादी से पहले संजय वर्मा नामक व्यक्ति को 100 से अधिक फोन कॉल किए थे। शादी के बाद भी कॉल जारी रहीं। पुलिस ने वर्मा का पता लगाने के लिए इंदौर में तलाशी अभियान चलाया, जिसका फोन बंद था। बाद में पता चला कि वर्मा कोई और नहीं बल्कि कुशवाह है, जिसने अपनी प्रेमिका के पति की हत्या की साजिश रची थी। हमारी टीम इंदौर में है और कुछ लोगों से पूछताछ कर रही है ताकि पता लगाया जा सके कि राजा की मौत से किसी को फायदा तो नहीं हो सकता था। जांच दल इंदौर में है ताकि यह पता लगाया जा सके कि 23 मई को हुई राजा की हत्या के पीछे प्रेम प्रसंग के अलावा कोई वित्तीय मकसद तो नहीं है।

## एक नजर

### दो बार की विंबलडन चैंपियन पेत्रा क्वितोवा को वाइल्ड कार्ड मिला



**लंदन :** दो बार की चैंपियन पेत्रा क्वितोवा विंबलडन में वापसी कर रही हैं। उन्हें इस साल के टेनिस टूर्नामेंट के लिए बुधवार को वाइल्ड कार्ड दिया गया। क्वितोवा 2011 और 2014 की विंबलडन चैंपियन हैं। वह पिछली बार 2023 में इस ग्रास कोर्ट ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में खेलीं थी। पिछले साल विंबलडन टूर्नामेंट के दौरान वह पहली बार मां बनी। कोर्ट से 17 महीने दूर रहने के बाद क्वितोवा ने फरवरी में टेक्सास के ऑस्टिन में डब्ल्यूटीए टूर में वापसी की और वर्तमान में विश्व रैंकिंग में 572वें स्थान पर हैं। चेक गणराज्य की क्वितोवा बुधवार को मुख्य ड्रॉ में एकल वाइल्ड कार्ड पाने वाली एकमात्र गैर ब्रिटिश खिलाड़ी रहीं। महिला ड्रॉ के लिए वाइल्ड कार्ड पाने वाली अन्य सात खिलाड़ियों में हीथर वॉटसन, हैरियट डार्ट और जोडी बुरेज शामिल हैं। पुरुष वर्ग में डैन इवान्स सहित सात ब्रिटिश खिलाड़ियों को वाइल्ड कार्ड दिया गया हे। पुरुष वर्ग में एक वाइल्ड कार्ड की घोषणा बाद में की जाएगी।

### सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म रेडिट ने सचिन तेंदुलकर को ब्रांड दूत बनाया

**नयी दिल्ली :** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म रेडिट ने बुधवार को महान भारतीय क्रिकेटर सचिन



तेंदुलकर को अपना ब्रांड दूत नियुक्त करने की घोषणा की। कंपनी ने एक बयान में कहा कि खेल प्रशंसकों को अब 'रेडिट कम्यूनिटी' में तेंदुलकर के साथ जुड़ने के विशेष अवसर मिलेंगे। अपने आधिकारिक रेडिट प्रोफाइल के माध्यम से महान बल्लेबाज तेंदुलकर अपने व्यक्तिगत विचार, मैच की जानकारी और विशेष सामग्री साझा करेंगे। बयान में कहा गया है आने वाले महीनों में तेंदुलकर भारत के साथ-साथ दुनिया भर के अन्य बाजारों में रेडिट के लिए एक नए मार्केटिंग अभियान में भी दिखाई देंगे। रेडिट के साथ अपने जुड़ाव पर तेंदुलकर ने कहा मेरे लिए क्रिकेट हमेशा मैदान पर और बाहर लोगों के साथ संबंध के बारे में रहा है। रेडिट को जानने के बाद जो बात सबसे अलग है, वह है इसका जुनून जो इसकी कम्यूनिटी को एक साथ लाता है।

### कपिल देव ने पटौदी ट्रॉफी का नाम बदले जाने पर हैरानी जताई



**नयी दिल्ली :** भारत के दिग्गज ऑलराउंडर कपिल देव ने पटौदी ट्रॉफी का नाम बदलकर एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी करने पर बुधवार को हैरानी जताते हुए इस फैसले को 'अजीब' बताया। मेजबान इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने हाल में पटौदी ट्रॉफी का नाम बदलकर एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी कर दिया है। कपिल ने 1983 के विश्व कप में जिम्बाब्वे के खिलाफ टुनब्रिज वेल्स में हुए मैच में अपनी नाबाद 175 रन की यादगार पारी के उपलक्ष्य में 'थ्री सिक्सटी' द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम के इतर कहा यह थोड़ा अजीब लगता है। क्या ऐसा भी होता है? लेकिन यह ठीक है, क्रिकेट में सब कुछ चलता है। उन्होंने कहा आखिरकार, कोई अंतर नहीं है। क्रिकेट तो क्रिकेट है। मैदान पर क्रिकेट एक जैसा होना चाहिए। ट्रॉफी का नाम पहले भारत के पूर्व कप्तान मंसूर अली खान पटौदी के सम्मान में रखा गया था।

### राडुकानू का पीछा करने वाले को विंबलडन के टिकट से रोका गया

**लंदन :** टेनिस खिलाड़ी ऐमा राडुकानू का पीछा करने के आरोपी ने विंबलडन के टिकट हासिल करने की कोशिश की, लेकिन ऑल इंग्लैंड क्लब की सुरक्षा प्रणाली ने उसे ऐसा करने से रोक दिया। ब्रिटिश मीडिया ने मंगलवार को यह जानकारी दी। बीबीसी और अन्य ने बताया कि उस व्यक्ति ने 30 जून से शुरू होने वाले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के लिए सार्वजनिक मतपत्र के माध्यम से टिकट के लिए आवेदन करने की कोशिश की लेकिन उसके नाम को हटा दिया गया। फरवरी में दुबई चैंपियनशिप में उस व्यक्ति ने 22 वर्षीय राडुकानू के प्रति 'अड़ियल व्यवहार' दिखाया था। जो एक मैच के दौरान भीड़ में उसे देखकर परेशान हो गई थीं। इससे एक दिन पहले उस व्यक्ति ने राडुकानू के लिए एक पत्र छोड़ा था और उसकी तस्वीर ली थी। जिससे 2021 की अमेरिकी ओपन चैंपियन परेशान हो गईं थी।

### भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम बर्लिन में टूर्नामेंट के लिए रवाना

**नई दिल्ली :** भारत की जूनियर पुरुष हॉकी टीम 21 से 25 जून तक होने वाले चार देशों के टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए बुधवार को बर्लिन के लिए रवाना हुई। यह प्रतियोगिता इस साल के अंत में होने वाले विश्व कप की तैयारी का हिस्सा है। कप्तान अराइजीत सिंह हुंडल के नेतृत्व में भारतीय टीम आज सुबह बेंगलुरु से रवाना हुई। आमिर अली टीम के उप कप्तान हैं। टीम 21 जून को मेजबान जर्मनी के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। भारतीय टीम इसके बाद 22 जून को ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगी और राउंड रोबिन चरण के अपने अंतिम मैच में स्पेन के खिलाफ खेलेगी। सभी मैच बर्लिन में होंगे। टूर्नामेंट का समापन 25 जून को क्लासीफिकेशन मुकाबलों के साथ होगा जिसमें शीर्ष दो टीम खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी।

# भारत की नाक में दम करने वाले एंडरसन पहली बार नहीं दिखेंगे

## भारत-इंग्लैंड मुकाबले में 2006 से लगातार बल्लेबाजों को किया है परेशान, जेम्स एंडरसन टेस्ट क्रिकेट को कह चुके हैं अलविदा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

शुभमन गिल की अगुआई वाले अपेक्षाकृत अनुभवहीन भारतीय बल्लेबाजी क्रम को जेम्स एंडरसन का नाम इंग्लैंड की टीम में नहीं देखकर राहत मिली होगी। क्योंकि पिछले दो दशक में यह तेज गेंदबाज निरंतर रूप से भारत-इंग्लैंड प्रतिद्वंद्विता का हिस्सा रहा है। भारत के खिलाफ 2006 में एंडरसन की पहली शृंखला से लेकर 2024 में आखिरी शृंखला तक इस महान तेज गेंदबाज ने भारतीय बल्लेबाजों को हमेशा परेशान किया। वर्ष 2000 के दशक के अंत में महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के साथ उनका संघर्ष हो या पिछले दशक में विराट कोहली के साथ कहीं अधिक रोमांचक मुकाबला, ये सभी यादें लोगों के दिमाग में ताजा हैं। कोहली और एंडरसन दोनों अब टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह चुके हैं।



जोफ्रा आर्चर और मार्क वुड चोटिल हैं जिससे इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स लीड्स में गेंदबाजी की शुरुआत के लिए रिकॉर्ड 704 टेस्ट विकेट चटकाने वाले एंडरसन से गेंदबाजी कराने की कल्पना कर सकते हैं। अगर एंडरसन अपनी विदाई के 12 महीने बाद काउंटी क्रिकेट में वापसी करके संघर्षरत लंकाशर को उबार सकते हैं तो भरोसा करें कि वह इंग्लैंड के कमजोर आक्रमण के लिए भी ऐसा कर सकते हैं। ऐसा होने की संभावना नहीं है लेकिन अपने 21 साल के करियर में अपने प्रदर्शन के दम पर एंडरसन ने भारत-इंग्लैंड क्रिकेट इतिहास में खुद को अमर कर लिया है। दोनों टीम के बीच टेस्ट शृंखला की ट्रॉफी को उनका और सचिन तेंदुलकर का नाम दिया गया है। एंडरसन ने तेंदुलकर को टेस्ट क्रिकेट में नौ बार आउट किया है।

एंडरसन ना केवल उम्र को चुनौती देते हुए लंबे समय तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलते रहे बल्कि उनके करियर की खासियत लगातार सटीक गेंदबाजी और गेंद को दोनों तरफ स्विंग करने की क्षमता पर बेहतरीन नियंत्रण रहा। एंडरसन 2014 की सीरीज में कोहली की ऑफ स्टंप के आसपास की कमजोरी का फायदा उठाने में सफल रहे जबकि चार साल बाद कोहली ने अपनी मानसिक कमजोरी पर काबू पाकर लंबे प्रारूप में दुनिया के सबसे सफल तेज गेंदबाज पर 'दबदबा' बनाया।

शुक्रवार को लोकेश राहुल और यशस्वी जायसवाल की संभावित भारतीय सलामी जोड़ी के सामने एक चुनौती कम होगी कि उन्हें नई ड्यूक्स गेंद के साथ एंडरसन गेंदबाजी नहीं कर रहे होंगे।

भारत के खिलाफ 39 टेस्ट मैच में एंडरसन ने 25.47 की शानदार औसत से 149 विकेट चटकाए। भारत में सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाजों को संघर्ष करना पड़ा लेकिन एंडरसन ने अपने कौशल की बदौलत विपरीत परिस्थितियों में 17 टेस्ट मैच में 44 विकेट लिए। भारतीय बल्लेबाजी क्रम एंडरसन को मैदान से बाहर देखकर खुश होगा।



भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान शुभमन गिल, शार्दुल ठाकुर और नितीश कुमार रेड्डी लीड्स अभ्यास सत्र के दौरान। ● एजेंसी

**2000** के दशक के अंत में महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के साथ उनका संघर्ष हो या पिछले दशक में विराट कोहली के साथ कहीं अधिक रोमांचक मुकाबला, ये सभी यादें लोगों के दिमाग में ताजा हैं।

## टेस्ट कप्तान के तौर पर पहली शृंखला का लुत्फ उठा रहे हैं गिल

**लीड्स, एजेंसी :** पहली बार टेस्ट सीरीज में भारत की अगुआई करने की तैयारी कर रहे शुभमन गिल इंग्लैंड के लगातार बदलते मौसम की चुनौती का सामना कर रहे हैं। सीनियर बल्लेबाज लोकेश राहुल भी इन परिस्थितियों में खेलने को लेकर उतने ही उत्साहित हैं। शुक्रवार को हेडिंग्ले में शुरू हो रही पांच टेस्ट मैच की शृंखला भारतीय क्रिकेट में पीढ़ीगत बदलाव का प्रतीक है जिसमें गिल को नया टेस्ट कप्तान बनाया गया है। रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविचंद्रन अश्विन जैसे अनुभवी खिलाड़ी अब टेस्ट टीम का हिस्सा नहीं हैं। इन सभी ने संन्यास की घोषणा कर दी है। सीनियर खिलाड़ियों में रविंद्र जडेजा, जसप्रीत बुमराह, राहुल, ऋषभ पंत (उप कप्तान) टीम में बने हुए हैं जो नए नेतृत्व समूह के साथ अनुभव का मिश्रण प्रदान करते हैं। बीसीसीआई द्वारा 'एक्स' पर साझा किए गए एक वीडियो में कप्तान गिल सहित कई भारतीय खिलाड़ियों ने साझा किया कि जब वे इंग्लैंड में खेलने के बारे में सोचते हैं तो उनके दिमाग में क्या आता है। गिल ने कहा ड्यूक बॉल, यह नंबर एक है। मौसम जो हमेशा बदलता रहता है, वह रोमांचक और कठिन है। और दर्शकों का माहौल। राहुल ने कहा यहां टेस्ट क्रिकेट खेलना मुझे उत्साहित करता है। यहां की गर्मियां स्वदेश की गर्मियों से अलग है, यह कुछ ऐसा है जिसमें मुझे क्रिकेट खेलने में मजा आता है। जब सूरज निकलता है तो क्रिकेट खेलना बहुत अच्छा लगता है। तीसरी बात है रेस्तरां और खाने के विकल्प। स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर ने इसे सरल रखते हुए कहा स्विंग और सीम, भारत यहां काफी मैच जीत रहा है। शुक्रवार को पहले टेस्ट में पदार्पण के दावेदार माने जा रहे फॉर्म में चल रहे बल्लेबाज साई सुदर्शन ने कहा मौसम, हॉट चॉकलेट, ड्यूक गेंद। आठ साल बाद संभावित वापसी के लिए तैयार करुण नायर ने कहा जज्बा, टेस्ट और संस्कृति। तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने कहा मैं कहूंगा ड्यूक गेंद, मौसम, कॉफी। बस शहर में घूमें और कॉफी का आनंद लें। युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने कहा सुंदर, लॉर्ड्स और घर। ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर ने कहा, एक तो यहां हरियाली है, कॉफी है, और बेशक मौसम।

## शुभमन चौथे और मैं पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करूंगा : पंत



लीड्स में अभ्यास सत्र के दौरान बल्लेबाजी करते हुए ऋषभ पंत। ● एजेंसी

**लीड्स :** भारत के उप कप्तान ऋषभ पंत ने बुधवार को पुष्टि की कि शुभमन गिल इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे जबकि वह कप्तान के बाद पांचवें नंबर पर खेलेंगे। विराट कोहली के संन्यास के बाद भारत को चौथे नंबर पर नया बल्लेबाज ढूंढना होगा और गिल अब इस महत्वपर्ण स्थान पर बल्लेबाजी करेंगे। पंत ने कहा मुझे लगता है कि अब भी इस बात पर चर्चा चल रही है कि तीसरे नंबर पर कौन खेलेगा। लेकिन चौथे और पांचवें नंबर पर निश्चित रूप से फैसला हो चुका है। मुझे लगता है कि शुभमन चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे और मैं पांचवें नंबर पर ही खेलूंगा और बाकी हम इस पर चर्चा करते रहेंगे। पंत ने कहा कि मैदान के अंदर और बाहर गिल के साथ उनके संबंध बहुत अच्छे हैं। उन्होंने कहा मुझे लगता है कि मैदान के बाहर मेरा और शुभमन का रिश्ता बहुत अच्छा है। अगर आप मैदान के बाहर अच्छे दोस्त हैं तो यह रिश्ता आखिरकार मैदान पर भी कायम रहता है। इस बात पर मेरा हमेशा विश्वास रहा है। इंग्लैंड भी अपने संन्यास ले चुके दिग्गज तेज गेंदबाजों जेम्स एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड के बिना खेलेगा।

## पहले दिन तेज गेंदबाजों को मदद करेगी पिच

**लीड्स, एजेंसी**

लीड्स के मैदान प्रमुख रिचर्ड रॉबिन्सन ने कहा है कि यहां असामान्य रूप से शुष्क मौसम और इंग्लैंड की आक्रामक खेल शैली ने शुक्रवार से भारत के खिलाफ शुरू होने वाले पहले टेस्ट के लिए 'अच्छी सतह' की उम्मीदें बढ़ा दी हैं।

लीड्स आमतौर पर किसी शृंखला के बीच में टेस्ट मैच की मेजबानी करता है, लेकिन यहां शुरुआती मैच के आयोजन ने बहुत अधिक ध्यान आकर्षित किया है। रॉबिन्सन 'ईएसपीएनक्रिकइन्फो' से कहा वे (इंग्लैंड) बस एक अच्छी सतह चाहते हैं, ताकि हम गेंद की लाइन पर हिट कर सकें। वे यही चाहते हैं। रॉबिन्सन को उम्मीद है कि शुरुआती दिन पिच तेज गेंदबाजों की मदद करेगी, लेकिन अपेक्षित गर्मी के कारण सपाट हो जाएगी। पिच ना केवल इंग्लैंड की बैजबॉल शैली (हर हाल में आक्रामक होकर खेलने की शैली) के अनुकूल होगी बल्कि यह अनुभवहीन भारतीय बल्लेबाजी क्रम को भी मुकाबले में बने रहने का अधिक मौका देगी। रोहित शर्मा और विराट कोहली के संन्यास के बाद शुभमन गिल की अगुवाई वाली भारतीय टीम में लोकेश राहुल सबसे सीनियर खिलाड़ी होंगे। जिन्हें एसईएनए (दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया) देशों में अपने साधारण रिकॉर्ड को देखते हुए काफी कुछ साबित करना होगा।



भारतीय तेज गेंदबाज नवदीप सैनी। ● एजेंसी

बल्लेबाजी क्रम में यशस्वी जायसवाल भी शामिल हैं, जो सीनियर टीम के साथ इंग्लैंड के अपने पहले दौरे पर आए हैं। करुण नायर ने पिछली बार 2017 में टेस्ट मैच खेला था। भारतीय टीम सोमवार को यहां पहुंची जबकि इंग्लैंड ने हेडिंग्ले में एक प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया जहां दिन के दौरान पिच को ढककर रखा गया था। भारत ने पिछले दो दशक में यहां बहुत अधिक क्रिकेट नहीं खेला है। टीम को 2021 में यहां अपने पिछले मैच में पारी की हार का सामना करना पड़ा था।

## भारतीय टीम में बहुत गहराई : कार्स

**लीड्स :** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज ब्राइडन कार्स का मानना है कि विराट कोहली और रोहित शर्मा के हाल ही में संन्यास लेने के बावजूद पांच मैच की टेस्ट सीरीज में भारतीय टीम कड़ी चुनौती पेश करेगी क्योंकि टीम में 'बहुत गहराई' है।

कोहली और रोहित ने पिछले महीने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की थी जिसके बाद भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने भविष्य को ध्यान में रखते हुए शुभमन गिल को नया कप्तान नियुक्त किया। कार्स ने बुधवार को यहां कहा जाहिर है आप जानते हैं कि कोहली और रोहित की अनुपस्थिति उनके बल्लेबाजी क्रम के लिए बहुत बड़ी क्षति है।

## सूर्यकुमार 'स्पोर्ट्स हर्निया' के उपचार के लिए इंग्लैंड रवाना

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव 'स्पोर्ट्स हर्निया' से संबंधित चोट के इलाज के लिए विशेषज्ञ से परामर्श लेने इंग्लैंड गए हैं और यदि आवश्यक हुआ तो उनकी सर्जरी भी हो सकती है। तैंतीस वर्षीय सूर्यकुमार ने मुंबई इंडियंस के लिए आईपीएल में शानदार प्रदर्शन करते हुए 700 से अधिक रन बनाए और इसके तुरंत बाद मुंबई प्रीमियर लीग टी20 टूर्नामेंट में भी खेले।



यह ज्ञात नहीं है कि क्या मुंबई टी20 लीग के दौरान उनका दर्द बढ़ गया था क्योंकि सूर्यकुमार तीन महीने तक लगातार यात्रा कर रहे थे और खेल रहे थे। इस क्रिकेटर के एक करीबी सूत्र ने नाम नहीं छापने की शर्त पर पीटीआई को बताया सूर्या पेट के निचले हिस्से में दाहिनी तरफ स्पोर्ट्स हर्निया से पीड़ित हैं।

## ब्रांड दूत बनीं कंगना रनौत

**नई दिल्ली :** अभिनेत्री कंगना रनौत को बुधवार को सितंबर-अक्टूबर में यहां होने वाली विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप का ब्रांड दूत नियुक्त किया गया।

कंगना ने भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा भारत के पैरा एथलीट हर दिन क्या संभव है, इसे फिर से लिख रहे हैं। मैं उनका समर्थन करने और उनकी अविश्वसनीय उपलब्धियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने में मदद करने के लिए बहुत सम्मानित महसूस कर रही हूं।

## भारत पूरी तैयारी के साथ आया है : जो रूट

**लीड्स, एजेंसी**

विराट कोहली और रोहित शर्मा के संन्यास के बाद आए खालीपन के बावजूद इंग्लैंड के शीर्ष बल्लेबाज जो रूट का मानना है कि दौरे पर आई भारतीय टीम ने आगामी टेस्ट सीरीज के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। रूट की यह राय हालांकि उनके कुछ हमवतन खिलाड़ियों के विचारों से अलग है।

दोनों टीम शुक्रवार से हेडिंग्ले में शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट शृंखला में हिस्सा लेंगी। पिछले महीने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा करने वाले रोहित और कोहली की अनुपस्थिति में शुभमन गिल भारतीय टीम की कमान संभालेंगे जिसमें युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का मिश्रण है। चौंतीस



इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट। ● एजेंसी

वर्षीय रूट ने बुधवार को 'स्काई स्पोर्ट्स' के कमेंटेटर और टीम के अपने पूर्व साथी स्टुअर्ट ब्रॉड से कहा, आप केवल उत्साहित हो सकते हैं। ये वे शृंखलाएं हैं जिनके लिए आप खेलते हैं। हमारे सामने जो अवसर हैं वे शानदार हैं। उन्होंने कहा आप जानते हैं कि एशेज आ रही है और आपसे इसके बारे में पूछा जाएगा। लोग भारत शृंखला में होने वाली घटनाओं को इससे जोड़कर देखेंगे लेकिन आपको एक शानदार टीम के खिलाफ काम करना होगा। रूट ने कहा, आप सभी प्रारूपों में एक टीम के रूप में भारत की प्रगति को देखें और उन्होंने सभी विभागों में काम किया है- शानदार तेज गेंदबाजी आक्रमण, प्रतिभाशाली बल्लेबाज और एक बहुत ही मजबूत स्पिन आक्रमण। उन्होंने कहा वे दुनिया में कहीं भी प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार हैं लेकिन घरेलू मैदान पर हमारा रिकॉर्ड शानदार है जो इस शृंखला को प्रतिस्पर्धी बनाता है। हम इस शृंखला में आत्मविश्वास के साथ उतरेंगे लेकिन साथ ही उनके लिए बहुत सम्मान के साथ भी उतरेंगे।

## उच्च न्यायालय ने बीसीसीआई की याचिका खारिज की

**मुंबई :** मुंबई उच्च न्यायालय ने बीसीसीआई की उस याचिका को खारिज कर दिया जिसमें उसने अब बंद हो चुकी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) फ्रेंचाइजी कोच्चि टस्कर्स केरल के पक्ष में 538 करोड़ रुपये से अधिक के मध्यस्थ के फैसले को चुनौती दी थी। न्यायमूर्ति आर चागला ने मंगलवार को पारित आदेश में कहा कि मध्यस्थ के फैसले में कोई 'स्पष्ट अवैधता' नहीं है जिसके लिए अदालत के हस्तक्षेप की आवश्यकता हो।

कोच्चि टस्कर्स केरल फ्रेंचाइजी को रोंदिवू स्पोर्ट्स वर्ल्ड (आरएसडब्ल्यू) के नेतृत्व वाले समूह को दिया गया था और बाद में इसे कोच्चि क्रिकेट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा संचालित किया गया था। टीम ने 2011 में आईपीएल में भाग लिया लेकिन अगले साल बीसीसीआई ने उनका अनुबंध समाप्त कर दिया था। यह विवाद बीसीसीआई द्वारा इस आधार पर समझौते को समाप्त करने के इर्द-गिर्द है कि केसीपीएल और आरएसडब्ल्यू कथित रूप से अपेक्षित बैंक गारंटी प्रस्तुत करने में विफल रहे। केसीपीएल और आरएसडब्ल्यू ने 2012 में मध्यस्थता की कार्यवाही शुरू की और अनुबंध को इस तरह खत्म करने को गलत बताया। अन्य विवादास्पद मुद्दों में स्टेडियम की उपलब्धता और मैचों की संख्या में कमी से संबंधित मामले शामिल थे। मध्यस्थता पंचाट ने 2015 में उनके पक्ष में फैसला सुनाया।

## पाकिस्तान के खिलाफ अभियान की शुरुआत करेगी भारतीय टीम

● महिला टी20 विश्व कप 2026 के पहले मैच में 14 जून को पाकिस्तान के खिलाफ होगा मुकाबला

**दुबई, एजेंसी**

भारतीय महिला क्रिकेट टीम आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2026 के अपने पहले मैच में 14 जून को एजबेस्टन में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) और मेजबान इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने बुधवार को टूर्नामेंट का पूरा कार्यक्रम घोषित किया जिसमें 12 टीमें भाग लेंगी।

अगले साल होने वाला यह टूर्नामेंट 24 दिन तक चलेगा जिसकी शुरुआत 12 जून से होगी और समापन पांच जुलाई को होगा। टूर्नामेंट के 33 मुकाबले इंग्लैंड के सात स्थानों पर खेले जाएंगे। टूर्नामेंट का पहला मैच 12 जून को एजबेस्टन में मेजबान इंग्लैंड और श्रीलंका के बीच होगा जबकि भारत और पाकिस्तान अपने अभियान की शुरुआत एजबेस्टन में ही करेंगे। एजबेस्टन के अलावा मैच हैम्पशायर बाउल, हेडिंग्ले, ओल्ड ट्रैफर्ड, द ओवल, ब्रिस्टल काउंटी मैदान और लॉर्ड्स पर खेले जाएंगे। दो सेमीफाइनल 30 जून और दो जुलाई को ओवल में होंगे जबकि फाइनल पांच जुलाई को लॉर्ड्स में होगा।




भारतीय महिला क्रिकेट टीम। ● एजेंसी (फाइल फोटो)

टूर्नामेंट की 12 टीम को छह-छह के दो ग्रुप में रखा गया है। ग्रुप एक में छह बार की विजेता ऑस्ट्रेलिया, पिछले चरण की उपविजेता दक्षिण अफ्रीका, भारत, पाकिस्तान और दो क्वालीफाइंग टीम शामिल हैं। वहीं ग्रुप दो में गत विजेता न्यूजीलैंड, वेस्टइंडीज, श्रीलंका, मेजबान इंग्लैंड और दो क्वालीफाइंग टीम शामिल हैं। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। पाकिस्तान के खिलाफ अपने शुरुआती मुकाबले के बाद भारतीय टीम 17 जून को क्वालीफाइंग टीम के खिलाफ अपने मुकाबले के लिए हेडिंग्ले जाएगी और उसके बाद टीम का सामना 21 जून को ओल्ड ट्रैफर्ड में दक्षिण अफ्रीका से होगा। भारत 25 जून को ओल्ड ट्रैफर्ड में ग्रुप एक की दूसरी क्वालीफाइंग टीम का सामना करेगा।

**महिला टी20 विश्व कप**

| | |
|---|---|
| 12 | जून को इंग्लैंड में आगाज |
| 05 | जुलाई को समापन होगा |
| 24 | दिन चलेंगे मुकाबले |
| 33 | मैच कुल खेले जाएंगे |
| 07 | मैदानों पर होंगी टक्कर |
| 12 | टीमों को दो ग्रुप में बांटा गया |

## नौसेना की नई ताकत



एडवांस एंटी सबमरीन वारफेयर शैलो वॉटर क्राफ्ट आईएनएस अरनाला बृहस्पतिवार को आयोजित एक समारोह में भारतीय नौसेना में शामिल हो गया। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान अरनाला की कमीशनिंग में शामिल हुए। भारतीय नौसेना का मानना है कि अरनाला के उसका हिस्सा बनने से उसकी ताकत में बढ़ोतरी होगी। एजेंसी

### करोड़ों बेकसूरों की मौत के कारण
# दुनिया के पांच सबसे बड़े युद्ध

माना जाता है कि दुनिया में आधुनिक विकासवाद के साथ ही युद्ध की शुरुआत हुई। देशों के बीच क्षेत्रीय विवाद, आर्थिक प्रतिस्पर्धा, धार्मिक संघर्ष, राजनीतिक विचारधाराओं में अंतर और संसाधनों पर नियंत्रण की प्रवृत्ति ने कई बड़े युद्ध कराए जो बड़े नरसंहार का कारण बने। दुनिया के इतिहास में कई भयंकर युद्ध हुए हैं, लेकिन पांच युद्ध उनमें भाग लेने वाले देशों और मरने वालों की संख्या और प्रभाव के आधार पर सबसे बड़े सबसे विनाशकारी और ऐतिहासिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण माने जाते हैं।



### चीन-जापान युद्धः 4 करोड़ हत्याएं
7 जुलाई 1937 से 2 सितंबर 1945 तक 8 साल चले इस युद्ध के कारण जापान का चीन पर आक्रमण कर उसके क्षेत्र पर कब्जा करना और मंचूरिया पर जापानी कब्जा और नानजिंग नरसंहार थे। इसमें 2 से 4 करोड़ लोगों के मारे जाने का अनुमान है। नागरिकों पर भारी अत्याचार और जापान का बर्बर सैन्य अभियान इस युद्ध की पहचान थी।

### नेपोलियन युद्ध : करीब 6 करोड़ की जान गई
फ्रांसीसी क्रांति के बाद नेपोलियन बोनापार्ट के यूरोप पर प्रभुत्व स्थापित करने के प्रयास के चलते ये युद्ध सन् 1803 से 1815 तक 12 साल चला। अनुमान है कि इसमें 3 से 6 करोड़ लोग मारे गए। इसमें फ्रांस, ब्रिटेन, रूस, ऑस्ट्रिया, प्रशिया जैसे प्रमुख देश शामिल थे। इस युद्ध से यूरोप की राजनीतिक संरचना में बड़ा परिवर्तन हुआ।

### त्रिदशकीय युद्ध : 1 करोड़ लोगों की मौत
सन् 1618 से 1648 के बीच 30 साल तक चले युद्ध के पीछे रोमन कैथोलिक और प्रोटेस्टेंट के बीच धार्मिक संघर्ष और जर्मनी में सत्ता और क्षेत्रीय नियंत्रण को लेकर विवाद थे। इसमें करीब 1 करोड़ लोग मारे गए। युद्ध में पवित्र रोमन साम्राज्य, स्पेन, फ्रांस, स्वीडन आदि देश शामिल थे। इस युद्ध से यूरोप में स्थायी धार्मिक और राजनीतिक परिवर्तन हुआ।

### द्वितीय विश्व युद्धः 7 करोड़ लोगों की मौत
द्वितीय विश्वयुद्ध 1 सितंबर 1939 से शुरू होकर 2 सितंबर 1945 यानी करीब छह साल तक चला था। हिटलर और नाजी पार्टी की आक्रामक विस्तार नीति, जापान और इटली की साम्राज्यवादी आकांक्षाओं के अलावा विश्व इतिहास में इस सबसे बड़े युद्ध का कारण यह भी था कि प्रथम विश्वयुद्ध के बाद वर्साय संधि से जर्मनी को अत्यधिक अपमानित किया गया था। इस युद्ध में जर्मनी, जापान, इटली बनाम ब्रिटेन, अमेरिका, सोवियत संघ और फ्रांस समेत कई देश शामिल थे और करीब 7 करोड़ लोग मारे गए थे। यह युद्ध हिरोशिमा और नागासाकी में परमाणु बम के प्रयोग और होलोकॉस्ट में यहूदियों की हत्या के लिए भी जाना जाता है।

### प्रथम विश्व युद्धः डेढ़ करोड़ जानें गई
प्रथम विश्वयुद्ध 28 जुलाई 1914 को शुरू होकर 11 नवंबर 1918 तक करीब चार साल चला। ऑस्ट्रिया-हंगरी के राजकुमार अर्चड्यूक फ्रांज फर्डिनेंड की हत्या और यूरोप में साम्राज्यवाद, राष्ट्रवाद, सैन्यवाद और गुटबंदी की नीति के चलते छिड़े इस युद्ध में करीब डेढ़ करोड़ लोग मारे गए। इसमें जर्मनी, ऑस्ट्रिया-हंगरी, ओटोमन साम्राज्य बनाम ब्रिटेन, फ्रांस, रूस, अमेरिका आदि दुनिया के प्रमुख देश शामिल थे। ये युद्ध खाइयों में लड़ाई और दुश्मन के खिलाफ जहरीली गैसों का प्रयोग के लिए भी जाना जाता है।

# ईरान की दो टूक, कभी नहीं करेंगे आत्मसमर्पण

## खामेनेई ने ट्रंप के बयानों को बेतुका बताया, कहा- ईरान का इतिहास जानने वाले उसे कभी धमकी नहीं देते

दुबई, एजेंसी

इजराइल के भीषण हमलों के बीच ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने आत्मसमर्पण करने का अमेरिकी आह्वान बुधवार को खारिज कर दिया। अमेरिका के इस क्षेत्र में और ज्यादा युद्धक विमान भेजने की खबरों के बीच खामेनेई ने चेतावनी भी दी कि संघर्ष में अमेरिका ने सैन्य भागीदारी की तो उसे अपूरणीय क्षति होगी।

एक दिन पहले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया पर एक 'पोस्ट' में ईरान से बिना शर्त आत्मसमर्पण करने का आह्वान किया था। सरकारी टेलीविजन पर ईरान के सर्वोच्च नेता का वीडियो बयान प्रसारित किया गया। अपने वीडियो संदेश में खामेनेई ने ट्रंप के बयानों को धमकी भरा और बेतुका बताते हुए खारिज करते हुए कहा, बुद्धिमान व्यक्ति जो ईरान, उसके लोगों और उसके इतिहास को जानते हैं, वे इस राष्ट्र से कभी भी धमकी भरी भाषा में बात नहीं करते, क्योंकि ईरान आत्मसमर्पण करने वाला देश नहीं है। अमेरिकियों को पता होना चाहिए कि अमेरिका की किसी भी सैन्य भागीदारी से उसे निस्संदेह अपूरणीय क्षति होगी।

जिनेवा में ईरान के राजदूत अली बहरीनी ने कहा कि उनका देश इजराइल की आक्रामकता का कड़ा जवाब देगा, अगर अमेरिकी सेना इजराइल का साथ देती है तो वह अमेरिका के खिलाफ भी ऐसा ही करेगा। उन्होंने कहा कि देश शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए यूरेनियम का संवर्धन जारी रखेगा। बहरीनी ने स्पष्ट रूप से ट्रंप की इस मांग को खारिज कर दिया कि ईरान अपने विवादित परमाणु कार्यक्रम को छोड़ दे। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघई ने अल जजीरा इंग्लिश समाचार चैनल को दिए एक साक्षात्कार में कहा, अमेरिका का कोई भी पूर्ण युद्ध का कारण होगा। उन्होंने विस्तृत जानकारी नहीं दी, लेकिन माना जा रहा है कि पड़ोसी देशों में तैनात हजारों अमेरिकी सैनिकों को ईरान के हथियारों का निशाना बनाया जा सकता है।


इजराइल के तेल अवीव के पास रामत गण में ईरानी मिसाइल हमलों के डर से तमाम लोगों ने भूमिगत मेट्रो स्टेशन में शरण ली है।

### तेहरान पर हमले तेज, अब तक करीब 600 की मौत
इस बीच इजराइल के लड़ाकू विमानों ने यूरेनियम 'सेंट्रीफ्यूज' और मिसाइलों के कल-पुर्जे बनाने वाले केंद्रों को निशाना बनाते हुए मंगलवार देर रात ईरान की राजधानी तेहरान पर बमबारी की। इजराइली सेना ने कहा है कि उसने पश्चिमी ईरान के केरमानशाह क्षेत्र में एक अड्डे पर ईरान के पांच एएच-1 हेलीकॉप्टर को नष्ट कर दिया है। इजराइल ने बमबारी का एक वीडियो भी प्रसारित किया। ईरान ने अभी इस दावे पर कोई टिप्पणी नहीं की है। इजराइली सेना ने कहा कि उसने पश्चिमी ईरान में भी हमले किए, जिसमें मिसाइल भंडारण स्थलों और एक मिसाइल लांचर को नष्ट कर दिया गया।

### ईरान ने दागी 400 मिसाइलें
ईरान ने लगभग 400 मिसाइलें और सैकड़ों ड्रोन दागे हैं, जिनसे इजराइल में 24 लोगों की मौत हो गई और सैकड़ों घायल हुए हैं। मिसाइलों ने मध्य इजराइल में इमारतों को निशाना बनाया, जिससे भारी नुकसान हुआ। अब तक जान गंवाने वालों में 239 की पहचान असैन्य नागरिकों के रूप में और 126 की पहचान सुरक्षा कर्मियों के रूप में हुई है।


तेल अवीव पर ईरानी मिसाइल हमले के दौरान बचाव करती इजराइली वायु रक्षा प्रणाली।

### आईएईए महानिदेशक ने कहा- ईरान के पास परमाणु हथियार कार्यक्रम होने का कोई सबूत नहीं
**वियना।** अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के महानिदेशक राफेल ग्रॉसी ने कहा है कि संयुक्त राष्ट्र निगरानी संस्था ने ऐसा कोई सबूत नहीं पाया है जिससे ईरान के परमाणु हथियार कार्यक्रम की पुष्टि हो, हालांकि स्थिति चिंताजनक है। ग्रॉसी ने ब्लूमबर्ग से कहा, मैंने कहा है कि दुनिया का कोई भी देश 60 प्रतिशत के इस स्तर पर यूरेनियम का संवर्धन नहीं कर रहा है, जो परमाणु हथियार रखने के लिए आवश्यक तकनीकी रूप से लगभग 90 प्रतिशत के बराबर है। ग्रॉसी ने यह भी कहा, हम राजनीतिक विश्लेषक या राष्ट्रीय राजनीतिक अधिकारी नहीं हैं, इसलिए हमारे पास यह कहने के लिए ठोस सबूत होने चाहिए कि परमाणु हथियार बनाने का कोई सक्रिय कार्यक्रम है, जो हमारी जानकारी में नहीं है।

### ट्रंप बोले- अगले सप्ताह कुछ बहुत बड़ा होगा
**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को स्पष्ट नहीं किया कि उन्होंने ईरान पर अमेरिकी हमले का आदेश देने का फैसला किया है या नहीं। ट्रंप ने व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बातचीत में कहा, मैं ऐसा कर सकता हूं, ऐसा नहीं भी कर सकता हूं। कोई नहीं जानता कि मैं क्या करने जा रहा हूं। ट्रंप ने कहा कि ईरान के लिए अपने परमाणु कार्यक्रम को रोकने में अब भी बहुत देर नहीं हुई है। यह बयान ऐसे समय में आया है, जब ट्रंप इजराइल के सैन्य अभियानों में अमेरिका की प्रत्यक्ष भागीदारी पर विचार कर रहे हैं। ट्रंप ने कहा, ईरान की परेशानी बढ़ रही है। अगले सप्ताह कुछ बहुत बड़ा होने वाला है।

# ट्रंप ने व्हाइट हाउस में की जनरल मुनीर की मेजबानी

- इस्लामाबाद में बताया जा रहा है पाकिस्तान की कूटनीतिक जीत

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को व्हाइट हाउस में पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसिम मुनीर की मेजबानी की। बंद कमरे में हुई बैठक इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के बीच हुई। इस्लामाबाद तेहरान के साथ घनिष्ठ संबंधों के लिए जाना जाता है।

जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार मुनीर ने व्हाइट हाउस में दोपहर के भोजन पर राष्ट्रपति ट्रंप से मुलाकात की। यह पता नहीं चल पाया कि ट्रंप और मुनीर के बीच बैठक में क्या बात हुई। ट्रंप, इजराइल-ईरान संघर्ष के कारण पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने के बीच जी7 शिखर सम्मेलन के लिए कनाडा की अपनी यात्रा को बीच में छोड़कर मंगलवार सुबह वाशिंगटन लौट आए थे। इससे पहले एक आधिकारिक सूचना में कहा गया था कि ट्रंप दोपहर एक बजे व्हाइट हाउस के कैबिनेट कक्ष में पाकिस्तानी सेना प्रमुख की दोपहर के भोजन पर मेजबानी करेंगे।

दिलचस्प यह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ फोन पर बातचीत के दौरान ट्रंप ने उनसे पूछा कि क्या वह लौटते समय अमेरिका रुक सकते हैं। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने बताया कि प्रधानमंत्री ने पूर्व निर्धारित व्यस्तताओं के कारण ऐसा करने में असमर्थता व्यक्त की।

### पीएम मोदी से बात के बाद फिर कहा- भारत पाकिस्तान युद्ध रुकवाया
**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से फोन पर बातचीत करने के कुछ घंटे बाद ही अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को एक बार फिर दावा किया कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध रुकवाया है। ट्रंप ने पत्रकारों से बातचीत में मोदी को शानदार व्यक्ति बताया। कहा, मैंने युद्ध रुकवाया है, मैं पाकिस्तान को पसंद करता हूं। मोदी से मैंने कल रात बात की। हम भारत के मोदी के साथ व्यापार समझौता करने जा रहे हैं। ट्रंप से पूछा गया कि पाकिस्तानी जनरल आसिम मुनीर के साथ बैठक से वह कूटनीतिक रूप से क्या हासिल करने की उम्मीद कर रहे हैं। ट्रंप ने मुनीर का जिक्र करते हुए कहा, पाकिस्तान की ओर से युद्ध रोकने में इस व्यक्ति का बहुत प्रभाव था।

फोन पर बातचीत में मोदी ने ट्रंप से कहा कि अमेरिका की मध्यस्थता के बिना दोनों सेनाओं के बीच सीधी बातचीत के बाद भारत और पाकिस्तान ने पिछले महीने अपनी सैन्य गतिविधियां रोक दी थीं। मिसरी ने कहा कि मोदी ने दृढ़ता से कहा कि भारत मध्यस्थता को कभी स्वीकार नहीं करेगा।

## एक नजर

### एक्सियोम मिशनः अब 22 को भेजा जा सकता है दल
**नई दिल्ली।** केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह ने कहा कि भारत के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला और अन्य अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र पर पहुंचने के लिए एक्सियोम मिशन चार अब 22 जून को भेजा जा सकता है। डॉ. सिंह ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि एक्सियोम स्पेस ने इस मिशन में इस्तेमाल किए जा रहे मॉड्यूल के बिल्कुल ठीक होने, यात्री दल के स्वास्थ्य, मौसम आदि सहित प्रमुख मापदंडों की जांच और आकलन करने के बाद प्रक्षेपण की संभावित तिथि 22 जून रखे जाने का संकेत दिया है। इसरो ने भी इसी तरह की सूचना दी है।

### काठमांडू में सोने के साथ भारतीय महिला गिरफ्तार
**काठमांडू।** काठमांडू के त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से एक भारतीय महिला को गिरफ्तार कर एक किलोग्राम से अधिक अघोषित सोना बरामद कर लिया गया। नेपाल पुलिस ने बताया कि शारजाह से आ रही एअर अरबिया की उड़ान से मंगलवार रात मीना सुरजीत सिंह खेमानी को हवाई अड्डा सुरक्षाकर्मियों ने गिरफ्तार कर लिया और उसके पास से एक किलोग्राम 59 ग्राम सोना जब्त किया। पुलिस ने बताया कि सुरक्षा जांच के दौरान उसके सामान से प्लास्टिक में लपेटा हुआ सोना बरामद किया गया। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### दक्षिणी चीन में आई बाढ़ में हजारों लोग फंसे
**बीजिंग।** दक्षिणी चीन के गुआंगडोंग प्रांत के कस्बों में बाढ़ का पानी भर जाने के बाद बचावकर्मियों ने बुधवार को लोगों को बाहर निकालने और भोजन व पानी मुहैया कराने के लिए रबड़ की नावों का इस्तेमाल किया। सरकारी प्रसारक 'सीसीटीवी' ने बताया कि भारी बारिश के बाद हुआजी काउंटी में करीब 30,000 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। काउंटी की आधी से ज्यादा सड़कें जलमग्न हो गईं और बिजली व इंटरनेट की आपूर्ति बाधित हो गई। सुइजियांग नदी के उफान पर होने से सड़कें नहरों में तब्दील हो गईं।

# विमान दुर्घटनास्थल से 70 तोले सोने के जेवर, कैश इकट्ठा कर पुलिस को सौंपा

- जोरदार धमाका और आग का गोला उठता देख घटनास्थल पर पहुंचे थे राजेश पटेल

अहमदाबाद, एजेंसी

विमान दुर्घटना के बाद बचाव कार्य में लगे लोगों में शामिल राजेश पटेल यहां से शवों और कई घायलों को एम्बुलेंस तक छोड़ने के तुरंत बाद घटनास्थल पर लौटे और सुलगते हुए मलबे से लगभग 70 तोले सोने के आभूषण, 50 हजार रुपये और कुछ अमेरिकी डॉलर इकट्ठे कर पुलिस को सौंप दिए।

दुर्घटनास्थल से 300 मीटर दूर रहने वाले पटेल ने जब जोरदार धमाका सुना और आग का गोला आसमान में उठता देखा तो वे शहर के शाहीबाग क्षेत्र में अपने रिश्तेदार द्वारा संचालित निजी अस्पताल की एक एंबुलेंस में सवार हो गए। पटेल ने बताया, बीजे मेडिकल कॉलेज के छात्रावास परिसर में विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने की जानकारी मिलने पर मैं अधिक से अधिक लोगों को बचाने की उम्मीद में वहां पहुंचा। हालांकि, हम पहले 15 से 20 मिनट तक घटनास्थल के करीब नहीं पहुंच सके। आग पर काबू पाने के बाद बचाव कार्य शुरू किया।

पटेल और अन्य स्वयंसेवकों के पास कोई स्ट्रेचर नहीं था, उन्होंने शवों और घायलों को एंबुलेंस तक ले जाने के लिए पुरानी साड़ियों, चादरों और बोरों का इस्तेमाल किया। अभियान पूरा होने के बाद पटेल ने विमान में सवार लोगों के सामान को बचाने का काम शुरू कर दिया। पटेल ने बताया, जले और बिखरे पड़े 10 से 15 हैंडबैग से हमने 70 तोले सोने के आभूषण, 8-10 चांदी के सामान, कुछ पासपोर्ट, भगवद्गीता की एक प्रति, 50 हजार रुपये नकद और 20 डॉलर बरामद किए। हमने उन्हें अभियान की निगरानी कर रहे एक पुलिस अधिकारी को सौंप दिया।

## तमिलनाडु सरकार को एडीजीपी के निलंबन पर सुप्रीम फटकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अपहरण के एक मामले में कथित संलिप्तता को लेकर तमिलनाडु के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एच एम जयराम को निलंबित करने पर राज्य सरकार को बुधवार को फटकार लगाई।

न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां और न्यायमूर्ति मनमोहन की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ ने जयराम को गिरफ्तार करने के हाईकोर्ट के निर्देश की भी आलोचना की और कहा, ऐसे आदेश चौंकाने वाले हैं। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने उच्च न्यायालय के आदेश को शीर्ष अदालत में चुनौती दी थी। पीठ ने तमिलनाडु सरकार से सवाल किया कि क्या जांच में पहले ही शामिल हो चुके वरिष्ठ अधिकारी को निलंबित करना जरूरी था।

# युद्ध के मैदान से नहीं आ सकता समाधान

- क्रोएशिया में अपने समकक्ष आंद्रेज से मुलाकात के बाद बोले पीएम मोदी

जगरेब, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि भारत और क्रोएशिया इस बात पर सहमत हैं कि चाहे यूरोप हो या एशिया, समस्याओं का समाधान युद्ध के मैदानों से नहीं निकल सकता। उन्होंने जोर देकर कहा कि बातचीत और कूटनीति ही इसका एकमात्र रास्ता है।

क्रोएशिया के प्रधानमंत्री आंद्रेज प्लेंकोविक के साथ वार्ता के बाद मीडिया को दिए बयान में मोदी ने कहा कि दोनों नेता इस बात पर सहमत हैं कि आतंकवाद मानवता का दुश्मन है और यह लोकतंत्र में विश्वास रखने वाली ताकतों के लिए दुश्मन के समान है। उन्होंने कहा, हम सहमत हैं कि चाहे यूरोप हो या एशिया, समस्याओं का समाधान युद्ध के मैदानों से नहीं पाया जा सकता है तथा बातचीत और कूटनीति ही एकमात्र रास्ता है।


क्रोएशिया की राजधानी जगरेब पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का शानदार स्वागत किया गया।

उनकी यह टिप्पणी पश्चिम एशिया में इजराइल और ईरान के बीच सैन्य टकराव बढ़ने के कारण पैदा हुयी स्थिति के बीच आई है। मोदी ने कहा कि किसी भी देश के लिए क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता का सम्मान आवश्यक है। बैठक के दौरान मोदी ने यह भी कहा कि यह एक सुखद संयोग है कि उन्हें और प्लेंकोविक को पिछले साल क्रमशः भारत और क्रोएशिया की जनता ने तीसरे कार्यकाल के लिये जनादेश दिया। उन्होंने कहा, इस जनादेश के साथ तीसरे कार्यकाल में हमने द्विपक्षीय संबंधों को तीन गुना गति देने का फैसला किया है।

# सुशील शुक्ल को बाल साहित्य पार्वती तिर्की को युवा पुरस्कार

नई दिल्ली, एजेंसी


सुशील शुक्ला


पार्वती तिर्की

साहित्य अकादमी ने साल 2025 के लिए हिंदी में सुशील शुक्ल को बाल साहित्य पुरस्कार तथा पार्वती तिर्की को युवा पुरस्कार देने की बुधवार को घोषणा की। सभी 24 भाषाओं में बाल साहित्य पुरस्कार और 23 भाषाओं में युवा पुरस्कार देने के लिए रचनाकारों का चयन किया गया है।

अकादमी के सचिव के. श्रीनिवास राव ने बताया कि अध्यक्ष माधव कौशिक की अध्यक्षता में कार्यकारी मंडल ने युवा पुरस्कार 2025 एवं बाल साहित्य पुरस्कार 2025 की घोषणा की। बैठक में 23 युवा लेखकों की पुस्तकों एवं 24 बाल साहित्यकारों के लिए 2025 के पुरस्कार अनुमोदित किए गए। इन पुस्तकों को त्रिसदस्यीय निर्णायक मंडल ने चुना है।

हिंदी में शुक्ल को कहानी एक बटे बारह के लिए बाल साहित्य पुरस्कार के लिए चुना गया। अंग्रेजी में नितिन कुशलप्पा एमपी को कहानी दक्षिण, साउथ इंडियन मिथ्स एंड फैब्लस रीटोल्ड, उर्दू में लेख कौमी सितारे को गज़नफर इकबाल, मैथिली में मुन्नी कामत को कहानी चुक्का के लिए बाल साहित्य पुरस्कार दिया जाएगा। बांग्ला में त्रिदिब चट्टोपाध्याय को कहानी एखोनो गाये कांटा देय, गुजराती में कीर्तिदा ब्रह्मभट्ट को कविता टिंचक, मराठी में सुरेश सावंत को कविता आभालमाया और पंजाबी में अमृत पाल सिंह को उपन्यास जादू पत्ता के लिए बाल साहित्य पुरस्कार दिया गया है।

**बड़ी उपलब्धि** — ब्रिटेन की टी 4 एजुकेशन संस्था ने समाज में व्यापक योगदान देने वाले टॉप टेन स्कूलों की सूची की जारी

# वाराणसी के डीपीएस समेत देश के 4 स्कूल विश्व में सर्वश्रेष्ठ

## हरियाणा, महाराष्ट्र और कर्नाटक का भी एक-एक स्कूल सूची में शामिल

लंदन, एजेंसी

भारत में हरियाणा, महाराष्ट्र, कर्नाटक और उत्तर प्रदेश के चार स्कूलों को बुधवार को विश्व के सर्वश्रेष्ठ स्कूल पुरस्कारों के लिए विभिन्न श्रेणियों में शीर्ष 10 की सूची में नामित किया गया। यह पुरस्कार समारोह समाज की प्रगति में स्कूलों के व्यापक योगदान को मान्यता प्रदान करने के लिए ब्रिटेन में आयोजित किया जाता है। इन स्कूलों में हरियाणा, महाराष्ट्र, कर्नाटक और उत्तर प्रदेश के स्कूल शामिल हैं।

विभिन्न श्रेणियों के विश्वव्यापी विजेताओं की घोषणा अक्टूबर में की जाएगी। इनमें शामिल हरियाणा के फरीदाबाद स्थित राजकीय बालिका वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय-एनआईटी 5 को पोषण कार्यक्रमों, शारीरिक कल्याण और मानसिक स्वास्थ्य सहायता को शिक्षा के साथ जोड़कर जोखिम के दायरे में रहने वाली लड़कियों के जीवन को बदलने के लिए चुना गया है। यह विद्यालय स्वस्थ जीवन को बढ़ावा देने के लिए विश्व के सर्वश्रेष्ठ विद्यालय पुरस्कार के लिए 10 अंतिम प्रतिभागियों की सूची में है। पुणे के निकट खेड़ तालुका में स्थित जेडपी स्कूल, जालिंदर नगर को विषय मित्र प्रणाली के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण छात्र-नेतृत्व वाली शिक्षा प्रदान करके सार्वजनिक-स्कूली शिक्षा में क्रांतिकारी बदलाव लाने के लिए मान्यता दी गई है। विषय मित्र प्रणाली एक सहकर्मी-शिक्षण मॉडल है, जहां विभिन्न आयु के छात्र एक-दूसरे को पढ़ाते और सीखते हैं।

एक्या स्कूल, जे पी नगर, बेंगलुरु में एक स्वतंत्र किंडरगार्टन, प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालय है, जो मानव-केंद्रित डिजाइन प्रक्रियाओं और कौशल विकास को एकीकृत करने वाले 'डिजाइन थिंकिंग' पाठ्यक्रम के माध्यम से छात्रों को नवीन विचारक और सक्रिय समस्या समाधानकर्ता बनने के लिए सशक्त बना रहा है। दिल्ली पब्लिक स्कूल, वाराणसी को जलवायु कार्रवाई के लिए विश्व के सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार के वास्ते शीर्ष 10 की सूची में स्थान मिला है।



फरीदाबाद का आदर्श कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय।

### बदलाव लाने वाले स्कूल चुने जाते हैं पुरस्कार के लिए
विश्व के सर्वश्रेष्ठ पांच स्कूल पुरस्कारों की शुरुआत सामुदायिक सहयोग, पर्यावरणीय कार्रवाई, नवाचार, प्रतिकूल परिस्थितियों पर काबू पाने और स्वस्थ जीवन को समर्थन देने के लिए ब्रिटेन आधारित 'टी4 एजुकेशन' द्वारा कोविड-19 के मद्देनजर उन स्कूलों को एक मंच देने के लिए की गई थी जो अपनी कक्षाओं और उससे पूरे जीवन को बदल रहे हैं। टी4 एजुकेशन' और 'वर्ल्ड बेस्ट स्कूल प्राइजेज' के संस्थापक विकास पोटा के मुताबिक एआई द्वारा उलटी जा रही दुनिया में प्रौद्योगिकी हमारे सीखने के तरीके को नया आकार दे रही है और सदियों से चली आ रही नौकरियों को अप्रचलित बना रही है।